# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## खाड़ी में बना सकुर्लेशन कल लो प्रेशर एरिया में बदलेगा, दो दिन बाद फिर तेज बारिश

# ग्वालियर में दो मंजिला मकान ढहा, 1 की मौत

# भोपाल और ग्वालियर में रुक-रुककर बारिश

### प्रदेश में अब तक सामान्य से 24 फीसदी अधिक वर्षा, भोपाल में 18 मिमी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश भर में अभी बारिश का दौर जारी है। सोमवार को बंगाल की खाड़ी में सकुर्लेशन बना है, जो बुधवार को लो प्रेशर एरिया में बदल जाएगा। इससे दो दिन बाद प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर चल सकता है। सोमवार को कई जिलों में तेज बारिश का दौर रहा। इससे पहले जारी बारिश से कई नदियों में उफान है, जिससे सामान्य स्थिति बिगड़ गई है।

सोमवार को भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, पचमढ़ी, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सागर, सतना, धार समेत 15 से अधिक जिलों में हल्की बारिश हुई। भोपाल में दोपहर बाद करीब आधे घंटा तक पानी बरसा। ग्वालियर में तो सोमवार को स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। ग्वालियर में 60 साल पुराना दो मंजिला मकान ढह गया। इसके मलबे में दो लोग दब गए। इनमें से एक की मौत हो गई। वहीं दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। घटना रंगियाना मोहल्ला में सोमवार दोपहर की है। मकान में नीचे टीकमगढ़ का एक परिवार किराए से रहता है। घटना के समय नीचे की मंजिल पर एक 17 साल की लड़की, उसका 16 साल का भाई निक्की और उसके पिता थे। दूसरी मंजिल पर एक मजदूर काम कर रहा था। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर मलबे में ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ग्वालियर में सोमवार को स्कूलों में छुट्टी रही

नीलबड़ चौराहा, शाम 4 :30 बजे झमाझम

#### आज यहां भारी बारिश का अलर्ट

आलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सिवनी, मंडला, बालाघाट में कुछ जगह भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगौन, इंदौर, उज्जैन, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, आदि जिलों में मध्यम बारिश हो सकती है।



#### प्रदेश में औसतन कुल 902.6 मिमी बारिश

*प्रदेश में सोमवार तक औसत से 24 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। पूर्वी मप्र में सामान्य से 26 और पश्चिमी मप्र में 23 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज हुई है। प्रदेश में औसतन कुल 902.6 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य तौर पर 727.1 मिमी है। भोपाल में कुल 811.8 मिमी हुई, जो नॉर्मल से 18 मिमी कम है।* ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी


10 Layer PLASTO GOLD
पीने का पानी रखे सुरक्षित
Call: 9130076939, 9130027278, 9130076942

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


### दो शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार



**भोपाल।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के अंतर्गत इस वर्ष देशभर के 45 शिक्षकों का चयन किया गया है। मप्र के शासकीय विद्यालयों के 2 शिक्षकों को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें दमोह की शिक्षका शीला पटेल तथा आगरमालवा जिले के सुसनेर विकासखंड के शिक्षक भेरूलाल ओसारा शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 5 सितंबर को विज्ञान भवन में सम्मानित किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया वर्चुअली लोकार्पण

# श्योपुर और सिंगरौली में नए मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ

*◆ नड्डा ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स की 100-100 सीटों के प्रवेश के लिए केंद्र सरकार की ओर से लेटर ऑफ परमिशन भी राज्य सरकार को दिया*

#### प्रदेश में 2003 में 5 मेडिकल कॉलेज थे, आज हैं 32



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र के श्योपुर व सिंगरौली जिले में दो नए मेडिकल कॉलेज सोमवार से खुल गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों मेडिकल कॉलेजों का वर्चुअली शुभारंभ किया। नड्डा ने इन दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स की 100-100 सीटों के प्रवेश के लिए केंद्र सरकार की ओर से लेटर ऑफ परमिशन भी राज्य सरकार को दिया।

उन्होंने कहा कि लेटर ऑफ परमिशन के जरिए इन दोनों मेडिकल कॉलेज के संचालन और प्रवेश की प्रक्रिया भी सोमवार से ही शुरू कर दी गई है। इस मौके पर नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार में भारत ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। दिल्ली से स्वास्थ्य सुधार के लिए तैयार की गई योजनाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व तरीके से अमली जामा पहनाया जा रहा है। मप्र का प्रदर्शन देश के दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार, विस्तार और नवाचार में मप्र नेतृत्व कर रहा है। नड्डा सोमवार को जबलपुर के घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केंद्र में ▶▶ शेष पेज 4 पर



बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में पीपीपी मॉडल से बनेंगे नए मेडिकल कॉलेज

पात्र हितग्राहियों को मिली 8 लाख वय वंदना कार्ड की सौगात

#### मप्र के प्रदर्शन की तारीफ

**नड्डा ने कहा- मप्र का प्रदर्शन देश के दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन रहा**

**स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार, विस्तार और नवाचार में मप्र नेतृत्व कर रहा**

#### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा

### बीमारी का इलाज और बीमार की मदद की व्यवस्था कर रही है राज्य सरकार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में बीमारी का इलाज और बीमार की मदद की व्यवस्था हमारी सरकार भी कर रही है। सिर्फ इलाज ही नहीं बीमारियों के शोध कार्यों को भी हम प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 में मप्र में केवल 5 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, वर्तमान में प्रदेश में 17 सरकारी और 13 निजी मेडिकल कॉलेज के साथ सोमवार को लोकार्पित होने वाले दो नए गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज के साथ अब 32 मेडिकल कॉलेज उपलब्ध हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। इनमें 75 प्रतिशत सीटें गरीब* ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

#### 4 जिलों में मेडिकल कॉलेजों के लिए अनुबंध पत्रों का आदान-प्रदान

इस दौरान बैतूल, पन्ना, धार और कटनी जिले में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर स्थापित होने वाले नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए संबंधित निवेशक समूहों के साथ अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान भी किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 8 लाख पात्र वरिष्ठ नागरिकों को 'वय वंदना कार्ड' के वितरण कार्य का शुभारंभ करते हुए मंच से 5 वरिष्ठ लोगों को वय वंदना के पीवीसी कार्ड का वितरण किया। साथ ही रिमोट का बटन दबाकर 'आयुष्मान सखी' स्मार्ट चैटबॉट और आशा संवाद कार्यक्रम की शुरुआत भी की। मातृ-गर्भावस्था आहार प्रचार सामग्री एवं मातृ-शिशु सुरक्षा कार्ड का विमोचन भी किया गया।

### मप्र के विधायकों की आय बढ़ेगी

# विधायकों की सैलरी में हो सकती है 45% की वृद्धि

- ▶▶ *पेंशन में भी होगा बंपर इजाफा*
- ▶▶ *1.60 लाख तक पहुंच सकती है सैलरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में जनप्रतिनिधियों की आय एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। विधानसभा में विधायकों की सैलरी और पेंशन बढ़ाने को लेकर प्रस्ताव तैयार हो चुका है और इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज है। अगर प्रस्ताव पास होता है, तो मप्र के विधायकों की सैलरी राजस्थान से भी ज्यादा हो जाएगी। ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### विधानसभा अध्यक्ष और वित्त मंत्री की भूमिका अहम

इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लेने के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता राज्य के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा कर रहे हैं। इस समिति में भाजपा और कांग्रेस के एक-एक वरिष्ठ विधायक को भी शामिल किया जाएगा। जल्द ही उनके नामों की घोषणा सरकार की ओर से की जाएगी। हाल ही में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान भी यह मुद्दा जोर-शोर से उठा।

### देश भर में कम होगा करों का बोझ

# नवरात्रि के पहले दिन से ही लागू हो सकती हैं जीएसटी की नई दरें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) परिषद 22 सितंबर तक नए जीएसटी कर स्लैब लागू कर सकती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाने की घोषणा की थी, जिससे देश भर में टैक्स का बोझ कम होगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि नए जीएसटी दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के त्योहारों के साथ लागू होने की संभावना है।




पीएम मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाएगी, जिससे आम आदमी पर कर का बोझ कम होगा। यह आपके लिए दिवाली का तोहफा होगा। केंद्र के अलावा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 28 सितंबर से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संभव

# रेस में आया शिवराज सिंह का नाम, संघ प्रमुख भागवत से 45 मिनट की बातचीत

### *इस मुलाकात को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और आरएसएस के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की हाल ही में मुलाकात हुई। अब इस मुलाकात को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। साथ ही इसी के बाद भाजपा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार की रेस में शिवराज सिंह चौहान का नाम तेज हो गया है।

शिवराज सिंह चौहान की लगभग 2 साल बाद डॉ. मोहन भागवत से मुलाकात हुई। दरअसल, सितंबर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव को संपन्न कराने की कोशिश की जा रही है। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के तुरंत बाद ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। 28 सितंबर से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को पूरा करने की कोशिश की जा रही है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

#### दिल्ली के केशव कुंज में हुई मुलाकात

ये बैठक दिल्ली के झंडेवालान स्थित संघ कार्यालय केशवकुंज में हुई। शिवराज की संघ प्रमुख के साथ करीब 45 मिनट तक बातचीत हुई। इस बैठक के बाद शिवराज सिंह चौहान सीधे दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए निकल गए। सरसंघचालक डॉ. भागवत के साथ बैठक में आने से पहले शिवराज सिंह चौहान गायत्री परिवार के एक कार्यक्रम में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में मौजूद थे।

### *खुलते 'राज'...कमलनाथ सरकार से क्यों नाराज थे 'महाराज' टूटा क्यों था साथ... आमने-सामने आए दिग्विजय-कमलनाथ*

# दिग्विजय ने कहा-सिंधिया के साथ काम करने के फॉर्मूले का पालन नहीं हुआ, नाथ बोले-सिंधिया को लगता था कि दिग्विजय सरकार चला रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमलनाथ सरकार के गिरने के पीछे के राज अब खुलकर सामने आ रहे हैं। अब इस मामले में दिग्विजय सिंह व कमलनाथ आमने-सामने आ गए हैं। दोनों एक दूसरे पर सरकार गिरने का ठीकरा फोड़ रहे हैं। दोनों मानने को तैयार नहीं हैं कि उनके कारण सरकार गिरी।

इसलिए, दोनों ज्योतिरादित्य सिंधिया को बीच में लाकर अपनी जिम्मेदारी को मानने को तैयार नहीं हैं। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सरकार गिरने के पीछे कमलनाथ और सिंधिया के बीच मतभेदों का कारण बताया था। उन्होने मीडिया को दिए गए बयान में भी कहा था कि कमलनाथ और सिंधिया के बीच काम करने के तरीके को लेकर जो फॉर्मूला तय हुआ था, उसका पालन नहीं हुआ, इसके चलते ही सरकार गिरी। इसके बाद कमलनाथ ने अपनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

दोनों एक दूसरे पर सरकार गिरने का ठीकरा फोड़ रहे दोनों मानने को तैयार नहीं कि उनके कारण सरकार गिरी

विवाद पर जीतू पटवारी बोले-उनकी अपनी केमिस्ट्री, पुरानी बातों का अब कोई औचित्य नहीं

#### पटवारी बोले-दोनों छोटे भाई-बड़े भाई

इन बयानों पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी बयान दिया है। उन्होने कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की अपनी केमिस्ट्री है। दोनों छोटे भाई-बड़े भाई है। अब पुरानी बातों पर चर्चा करने का औचित्य नहीं है। हमें अब भविष्य देखना है कि हमारी सरकार कैसे बने।



#### नाथ ने कहा था- तो सड़क पर उतर जाओ

दरअसल, सरकार गिरने की कहानी सड़क पर उतरने की लड़ाई से शुरू हुई। सिंधिया ने कहा कि घोषणा पत्र लागू न हुआ तो वे सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आएंगे। इस पर कमलनाथ ने कहा- तो, उतर जाओ। मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ 22 विधायकों के भाजपा में शामिल होने के चलते कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी।

#### नरोत्तम ने पूछा

#### नाथ बता दें कि क्या दिग्विजय ने भ्रष्टाचारी फैसले करवाए?

पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ जब आप सच की राह पर चल ही दिए हैं तो लगे हाथ यह भी बता दें कि डेढ़ साल की सरकार में सुपर सीएम दिग्विजय सिंह ने आपसे भ्रष्टाचारी फैसले करवाए क्या? नहीं तो जनता यह मान लेगी कि आप दोनों एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़कर सबको गुमराह कर रहे हैं। असलियत यही है कि आप दोनों के सच ने बता दिया है कि कांग्रेस की नाव जो डूबी उसे कप्तान ने ही छेदकर डुबाया था। खुद कमलनाथ के मंत्री उमंग सिंगार ने भी उस वक्त यही बात कही थी, लेकिन कमलनाथ ने आंखों पर दिग्विजय की बांधी पट्टी उतारने की बजाए चुप्पी साध ली।

# हरतालिका तीज आज

## सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत, सुहाग की लंबी उम्र के लिए रात भर फुलेरा बनाकर महादेव की करेंगी आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि हरतालिका तीज श्रद्धा-भक्ति के साथ महिला मंगलवार को व्रत रखेंगी। यह पर्व अखंड सौभाग्य, दाम्पत्य सुख और मंगलकामनाओं की प्राप्ति के लिए महिलाएं एवं कुंवारी कन्याएं श्रद्धा-भक्ति से करती हैं। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार तीज व्रत के दिन चार विशिष्ट योगों-सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग का अद्भुत संयोग बन रहा है, जिससे इस पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है।

गजकेसरी योग को विशेष फलदायक माना गया है। इस योग में पूजा करने से शत प्रतिशत मनोकामनाएं पूरी होती है। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि शुभ ग्रहीय स्थिति लंबे समय बाद बन रही है, जो व्रतधारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। पूजन का मुहूर्त भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 25 अगस्त की दोपहर 12:34 बजे प्रारंभ हो गई है। जो 26 अगस्त की दोपहर 1:54 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार तीज व्रत 26 अगस्त को ही रखा जाएगा।



### पूजा का शुभ मुहूर्त

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रात 8:45 बजे प्रथम पहल की पूजा, माता जी का आगमन होता है। पार्वती जी हैं, शिवजी हैं। हवन शुरू होता है। अग्नि स्थापन होती है।

- दूसरा : रात 12 बजे मुहूर्त होता है।
- तीसरा : रात तीन बजे। हवन, आरती।
- चौथा : पूजन और विदाई, महाआरती। भोग प्रसाद से लेकर होता है। विसर्जन होता है।

### ऐसे करें पूजन

- हरियाली तीज के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान आदि करने के बाद नए वस्त्र पहनें। इस दिन सोलह श्रृंगार जरूर करें और पूरे दिन व्रत रखें।
- हरियाली तीज के दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ ही गणेश जी की भी पूजा की जाती है।
- पूजा के लिए एक चौकी तैयार करें और उसपर पीले रंग का कपड़ा बिछा दें। फिर इस चौकी में भगवान की मूर्तियां स्थापित करें और भगवान को नए वस्त्र पहनाएं। इसके बाद माता पार्वती को सोलह श्रृंगार से जुड़े सभी सामान, साड़ी और चुनरी अर्पित करें। पूजा के दौरान तीज की व्रत कथा सुनें या पढ़ें। इसके बाद आरती करें।

### कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की कामना के लिए रखेंगी व्रत

इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखती है, सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती है। वही कुंवारी लड़कियां भी अच्छे वर की कामना के साथ इस बात को रखती है मान्यता है कि इस बात को करने से वैवाहिक जीवन सुखमय होता है और पति पत्नी के बीच आपसी प्रेम बढ़ता है पति पत्नी दोनों दीर्घायु होते हैं।

# बाबा रामदेव जन्मोत्सव में बही भक्ति रस की धारा





## निकाली भव्य शोभायात्रा

### बालरूप की पालकी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा रामदेव की जयंती पर जीनगर समाज द्वारा सोमवार को मनाई गई। इस दौरान सांसद आलोक शर्मा द्वारा बाबा रामदेव महाराज की आरती पूजन-अर्चन कर समिति सदस्यों को रामदेव जयंती की शुभकामनाएं दी गईं। शोभायात्रा को धर्म दिवस बताकर देश प्रदेश में उन्नति की प्रार्थना के साथ बाबा रामदेव मंदिर गौतमनगर नियर पीजीबीटी कालेज से रवाना किया।

जीनगर समाज के संरक्षक भगवानदास ढालिया ने बताया कि बैंडबाजे के साथ शुरू हुई। यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। इस यात्रा में डमरू टीम भी शामिल हुई। जीनगर समाज के वरिष्ठ समाजजनों की अगवाई में देश-प्रदेश में उन्नति की प्रार्थना के साथ रामदेव मंदिर गौतम नगर पीजीबीटी कॉलेज से शोभायात्रा प्रारंभ होकर, भोपाल टॉकीज बस स्टैंड जनकपुरी चौक बाजार होती हुई लखेरापुरा रामदेव मंदिर पर पहुंची। शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण बाबा रामदेव के बालरूप की पालकी, उत्कृष्ठ झांकिया, 51 धवज, समुधर बैंड, बग्गी, घोड़े, नाचती घोड़ी, शहनाई और डीजे और राजस्थानी परिधानों में डांडिया करती नन्हीं-मुन्नी बालिकाएं, मातृ शक्ति और भक्तजन बाबा के विशाल रथ के समक्ष गुणगान कर नृत्य करती चल रही थी।

# पर्यावरण संरक्षण : मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करने का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री परिवार की पहल द्वारा माटी गणेश अभियान के तहत समाज के विभिन्न वर्गों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं घर-घर मिट्टी के गणेश की स्थापना को बढ़ावा देना है। मिट्टी गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के बाद प्राकृतिक रूप से घुल जाती हैं, जिससे प्रदूषण नहीं होता। वहीं प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां पानी में घुलती नहीं हैं, जिससे जल प्रदूषण फैलता है और जलीय जीवों को नुकसान होता है।



### गायत्री परिवार की पहल

पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा और जागरूकता के कारण समाज में एक सकारात्मक बदलाव आया है। इसी कड़ी में अखिल विश्व गायत्री परिवार ने भी मिट्टी की प्रतिमाओं को बढ़ावा देने का अभियान चलाया है। संस्था द्वारा प्राकृतिक रंगों से सजी मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि विसर्जन के समय ये प्रतिमाएं पानी में सहजता से घुल जाएं और पर्यावरण को कोई हानि न हो।

### गायत्री परिवार ने एक अनोखी पहल भी की है वृक्ष गणेश मूर्ति

इसमें प्रतिमा के भीतर फलदार एवं छायादार वृक्षों के बीज रखे जाते हैं। विसर्जन के बाद जब मिट्टी गमले या खेत में बैठ जाती है तो कुछ समय बाद बीज अंकुरित होकर पेड़ का रूप ले लेते हैं। इस प्रकार गणेश पूजा के साथ-साथ पौधरोपण का पुण्य कार्य भी सम्पन्न हो जाता है।

# भेल कॉलेज में मिट्टी के गणेश प्रतिमा निर्माण पर वर्कशॉप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण पर केंद्रित माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत महाविद्यालय की ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण, सर्वेक्षण एवं जागरुकता समिति द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमा निर्माण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाकर सहभागिता की। कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर कीर्ति श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थी पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूक होते हैं एवं अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ संजय जैन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अर्चना जैन, डॉ वर्षा चौहान, डॉ शीला कुमार, डॉ मीता बादल, आरती पटेल आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# ग्रीन गणेश अभियान से जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

### ईको क्लब्स से जुड़े शिक्षक एवं विद्यार्थियों को भी किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एप्को के चार दिवसीय ग्रीन गणेश अभियान का सोमवार को समापन हुआ। जागरुकता अभियान के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय आओ बनाओ, निःशुल्क घर ले जाओ प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रमुख रूप से भोपाल के शा. नवीन उ.मा. विद्यालय ओल्ड कैम्पियन, शासकीय मा. विद्यालय बोर्ड कॉलोनी, शा. हाई स्कूल बैरागढ़ चीचली, शा. राजा भोज उ. मा. विद्यालय, शा. नवीन कन्या हाई स्कूल नेहरू नगर, जागरण लेक यूनिवर्सिटी, आनंद विहार महिला महाविद्यालय सहित अन्य स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। जल-स्त्रोतों के लिए हेतु घर पर ही प्रतिमाओं विसर्जन के लिए प्रेरित भी किया।





भोपाल
मंगलवार, 26 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष -03
वर्ष : 12 अंक : 146
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य : 4.00

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हरतालिका तीज की मंगलकामनाएं



haribhoomi.com


फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संयुक्त प्रेस वार्ता

# पीएम मोदी ने कहा- भारत और फिजी की आकांक्षाएं 'एक ही नाव' पर सवार

**पीएम ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका, हैदराबाद हाउस में भारत और फिजी के बीच हुए समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका प्रधानमंत्री मोदी की बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे।

**भारत और फिजी ने 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए**

### राबुका 3 दिवसीय यात्रा पर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से बंटे हुए हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। इस दौरान फिजी के नेता भी उनके साथ थे। राबुका रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है।



### रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए व्यापक कार्य योजना तैयार

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि वर्षों के बाद, 2014 में, किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि यह मेरा सौभाग्य था। उस समय, हमने फॉरेन फॉर इंडिया पैसिफिक आइलैंड कोऑपरेशन का गठन किया था। इस पहल ने न केवल भारत-फिजी संबंधों को बल्कि पूरे प्रशांत क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत किया। प्रधानमंत्री राबुका की इस यात्रा के साथ, हम अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं। भारत और फिजी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता के बाद अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फ़िजी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फ़िजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मोदी ने कहा कि भारत फिजी की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## खबर संक्षेप

### गाय बचाते वक्त पुलिया से टकराई कार, 2 की मौत

**रायसेन।** जयपुर-जबलपुर हाईवे पर उदयपुरा के पास सिलारी में एक कार पुलिया से टकरा गई।



हादसे में कार में सवार चार लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में रवि गढ़वाल (30) सहित एक अन्य शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल लक्ष्मी गढ़वाल और सुमित गढ़वाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी इंदौर से नरसिंहपुर एक अंत्येष्टि में शामिल होने आए थे।

### बीसीसीआई का ड्रीम 11 से करार टूटा

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम-11 के बीच स्पॉन्सरशिप को लेकर हुआ 358 करोड़ रुपए का करार समय से पहले ही खत्म हो गया है। यह करार 2023 में तीन साल की अवधि के लिए हुआ था, जिसके तहत टीम इंडिया की जर्सी पर ड्रीम-11 का लोगो दिखाई देता था, लेकिन पारित ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के कारण ड्रीम-11 ने अनुबंध से बाहर कर दिया। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने यह जानकारी दी।

### कूनो से भागी चीता गामिनी, किया शिकार

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से निकलकर गसवानी गांव में मादा चीता गामिनी और उसके 4 शावक घूम रहे हैं।



सोमवार को इन चीतों ने गांव के पास एक गौवंश का शिकार किया। जिसका वीडियो ग्रामीणों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। चीते सड़क किनारे शिकार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार चीते पार्क से गांवों तक पहुंच चुके हैं, इस बार मुख्य मार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर देखे गए हैं।

संविधान के 130वें संशोधन बिल पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष को घेरा

# वे जेल से सरकार का विकल्प चाहते हैं, यह लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में पेश किए गए संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पर जारी विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस बिल का विरोध करके लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है और जनता को बताना चाहिए कि क्या कोई मुख्यमंत्री (सीएम), प्रधानमंत्री (पीएम) या मंत्री जेल से सरकार चला सकता है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि उन्हें जेल से सरकार चलाने का विकल्प मिले।

शाह ने एक इंटरव्यू में कहा कि आज भी ये कोशिश कर रहे हैं कि अगर कभी जेल गए तो जेल से ही आसानी से सरकार बना लेंगे। जेल को ही सीएम हाउस, पीएम हाउस बना देंगे और डीजीपी, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से ही आदेश लेंगे। गृह मंत्री ने साफ कहा कि इस बिल के प्रावधान लोकतंत्र की गरिमा के लिए आवश्यक हैं।

*शाह ने कहा कि आज भी ये कोशिश कर रहे हैं कि अगर कभी जेल गए तो जेल से ही आसानी से सरकार बना लेंगे। जेल को ही सीएम हाउस, पीएम हाउस बना देंगे और डीजीपी, मुख्य सचिव, कैबिनेट सचिव या गृह सचिव जेल से ही आदेश लेंगे*

गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध को अलोकतांत्रिक बताया



**विपक्ष मुझे कौन सा नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहता है?**

**कांग्रेस दोषी सांसदों को बचाने अध्यादेश लाई थी, जिसे राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था**

### विपक्ष को इसका जवाब देना होगा

उनके मुताबिक अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री गंभीर आरोपों में गिरफ्तार होता है और 30 दिन के भीतर उसे जमानत नहीं मिलती, तो उसे पद छोड़ना होगा। उन्होंने पूछा, अगर जमानत मिल जाती है तो वे वापस शपथ लेकर पद संभाल सकते हैं, लेकिन जेल से सरकार चलाना क्या लोकतंत्र के लिए उचित है? शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं इस बिल में पीएम का पद शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राधाकृष्णन का चयन 2026 के तमिलनाडु चुनावों से जोड़ना गलत

शाह ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के नाम का समर्थन करते हुए कहा कि यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि राष्ट्रपति पूर्व से, प्रधानमंत्री उत्तर और पश्चिम से हैं, तो उपराष्ट्रपति दक्षिण भारत से हो। राधाकृष्णन का चयन 2026 के तमिलनाडु चुनावों से जोड़ना गलत है।

### शाह ने खुद से जुड़ा सुनाया पुराना किस्सा

#### मैंने समन मिलते ही इस्तीफा दिया

शाह ने बताया कि सोहराबुद्दीन केस में जैसे ही मुझे सीबीआई से समन मिला, मैंने अगले ही दिन इस्तीफा दिया और मुझे बाद में गिरफ्तार किया गया। यह मामला चलता रहा और फैसले में भी कहा गया कि यह राजनीतिक प्रतिशोध का मामला था और मैं पूरी तरह से बेगुनाह था। फैसला बाद में आया, लेकिन मुझे जमानत पहले मिल गई। इसके बावजूद मैंने शपथ नहीं ली। इतना ही नहीं जब तक मुझे पूरी तरह से बरी नहीं कर दिया गया, मैंने कोई संवैधानिक पद भी नहीं लिया। विपक्ष मुझे कौन सा नैतिकता का पाठ पढ़ाना चाहता है?

#### कांग्रेस ने दोहरा मानदंड अपनाया

शाह ने कहा कि कांग्रेस पर दोहरे मानदंड का आरोप लगाया। मनमोहन सरकार के समय कांग्रेस ने दोषी सांसदों को बचाने के लिए अध्यादेश लाया था, जिसे राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था। अब वही राहुल, दोषी लालू यादव के साथ मिल गए हैं।

#### धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया

शाह ने सोमवार को साफ किया कि जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है और विपक्ष के हाउस अरेस्ट वाले आरोप पूरी तरह गलत है। शाह ने कहा कि धनखड़ साहब का इस्तीफा पत्र खुद स्पष्ट है।

शिक्षक भर्ती घोटाले में थी तलाश

# दीवार फांदकर भाग रहे विधायक को ईडी टीम ने दौड़ाकर पकड़ा

टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं को लेकर टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा के आवास पर छापेमारी की। ईडी अधिकारी ने बताया कि जैसे ही विधायक को छापेमारी के बारे में पता चला, उन्होंने परिसर की चारदीवारी फांदकर भागने की कोशिश ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ईडी अधिकारियों ने तालाब से फोन बरामद किए

ईडी अधिकारी ने बताया विधायक ने सबूत मिटाने की कोशिश में अपना फोन घर के पास एक तालाब में फेंक दिया। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारियों ने तालाब से दोनों मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। दोनों फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। विधायक से पूछताछ की जा रही ▶▶ शेष पेज 4 पर

इटारसी के आरिफ से किडनी नहीं ली, लेकिन जीता दिल

# युवक को वृंदावन बुलाकर सम्मानित करेंगे संत प्रेमानंद

वे इस पेशकश और भावनाओं से काफी प्रभावित हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

वृंदावन के प्रसिद्ध रसिक संत प्रेमानंद महाराज को इटारसी के एक मुस्लिम युवक ने अपनी एक किडनी देने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने युवक की किडनी लेने से मना कर दिया है। हालांकि वे आरिफ चिश्ती की भावनाओं से प्रभावित हुए और सराहना करते हुए उसे वृंदावन बुलाया है। आरिफ को आश्रम से फोन कर यह जानकारी दी गई है। वे आरिफ का व्यक्तिगत सम्मान भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

रक्षा मंत्री संग सेनाध्यक्ष होंगे शामिल

# महू में पहली बार तीनों सेनाओं का 'रण संवाद'

महू को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार तीनों सेनाओं द्वारा युद्ध पद्धति में नवाचार और रणनीतिक विमर्श को लेकर राष्ट्रीय स्तर का 'रण संवाद 2025' आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन आज यानी मंगलवार और बुधवार अगस्त को महू के सैन्य संस्थान में होगा। इस आयोजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना ▶▶ शेष पेज 4 पर

48.5 लाख नकद बरामद

# इंदौर में एक करोड़ की ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार

आरोपी महिला पर पहले से ही अलग अलग थानों में 12 मामले दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में सोमवार को एक महिला को एक करोड़ रुपए की ब्राउन शुगर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। अपराध निवारण शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने अहिरखेड़ी इलाके में आरोपी सीमा नाथ के घर से 516 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया। उन्होंने बताया कि महिला ▶▶ शेष पेज 4 पर

हाईकोर्ट ने सीआईसी पैनल के आदेश को किया खारिज

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री नहीं होगी 'सार्वजनिक'

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जानने के अधिकार से ज़्यादा अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रेजुएशन की डिग्री का विवरण पब्लिक करने के लिए बाध्य नहीं है। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयुक्त के डिग्री जारी करने के आदेश को खारिज कर दिया है। साल 2016 में, केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी ) ने 1978 में बीए का एग्जाम पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड की जांच की अनुमति दी थी, और उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह एग्जाम पास किया था।

### एसजे मेहता ने दिया ये तर्क

दिल्ली विश्वविद्यालय ने सीआईसी के इस आदेश को चुनौती दी थी, जिस पर जनवरी 2017 में पहली सुनवाई के दिन रोक लगा दी गई थी। सुनवाई के दौरान, विश्वविद्यालय की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जानने के अधिकार से ज़्यादा अहम है। हालांकि, विश्वविद्यालय ने अदालत को बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी के डिग्री रिकॉर्ड कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने को तैयार है, लेकिन आरटीआई अधिनियम के तहत अजनबियों द्वारा जांच के लिए उन्हें पब्लिक नहीं किया जा सकता है।

नया खुलासाः महीने भर पहले बना लिया था हत्या का प्लान

# निक्की मर्डर केसः विपिन 'ब्यूटी पार्लर' के नाम पर खरीद कर लाया था थिनर

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा में कासना कोतवाली के सिरसा गांव में दहेज में 35 लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर पत्नी को जिंदा जलाने की रोंगटे खड़ी कर देने वाली घटना के बाद लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि ज्वलनशील पदार्थ (थिनर) ▶▶ शेष पेज 4 पर



### 4 लोगों को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

पति विपिन के साथ ही सास, जेठ और ससुर भी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



### कई बार पिता से पैसे लिए

पिछले एक माह से वह निक्की की हत्या की योजना बना रहा था। विपिन भाटी आवारा किस्म का था। ग्रामीणों ने बताया कि वह कोई काम नहीं करता था। रात में डिस्को जाता था। निक्की को घर चलाने के लिए पैसा देना बंद कर दिया था। घर का खर्चा चलाने के लिए कई बार पिता से पैसे लिए। बाद में निक्की घर पर ही ब्यूटी पार्लर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने लगी।

उच्च स्तरीय समितियों का गठन किया, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे इनकी अध्यक्षता

तीनों महापुरुषों के योगदान को याद करेगा कृतज्ञ राष्ट्र

# राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाएगी सरदार पटेल, मुंडा और वाजपेयी की 'जयंती'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्र सरकार ने देश के तीन महान नेताओं सरदार वल्लभभाई पटेल, बिरसा मुंडा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाने के लिए उच्च स्तरीय समितियों का गठन किया है। इन समितियों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं करेंगे। यह निर्णय संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी तीन अलग-अलग अधिसूचनाओं के बाद सार्वजनिक हुआ है।

सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में ▶▶ शेष पेज 4 पर

**संस्कृति मंत्रालय की ओर से 3 निर्णय जारी किए गए**

**संगोष्ठियां, प्रदर्शनी और युवा केंद्रित गतिविधियां होंगी**

*सरकार का कहना है कि इन महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके आदर्शों को राष्ट्रीय जीवन में उतारना ही मुख्य उद्देश्य*



### पटेल, अटल और मुंडा की दूरदृष्टि से होंगे रूबरू

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। वे स्वतंत्रता संग्राम में एक बड़े नेता के रूप में सामने आए और स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री बने। उन्हें भारत का लौहपुरुष कहा जाता है। बिरसा मुंडा एक आदिवासी नायक और स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने आदिवासी समाज को ब्रिटिश हुकूमत और शोषण से लड़ने की प्रेरणा दी। आज भी देशभर में उन्हें धरती आबा के रूप में याद किया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। पहली बार 1996 में 13 दिन के लिए, फिर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### राज्यों के प्रतिनिधि मंत्री सहित विशेषज्ञ होंगे शामिल

सरकार ने कहा है कि इन समितियों के जरिए भव्य कार्यक्रम, संगोष्ठियां, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, वरिष्ठ मंत्री और विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।

अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन में विस अध्यक्ष तोमर का संबोधन

# लोकतंत्र केवल शासन पद्धति नहीं, बल्कि जीवन की आत्मा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत का लोकतंत्र केवल शासन पद्धति भर नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की आत्मा है। लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी रही हैं। यह एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और दार्शनिक सत्य है कि भारत ने ही दुनिया को लोकतंत्र का बीज दिया। लोकतंत्र हमारे लिए केवल संविधान की देन नहीं है, बल्कि सबसे पुरानी जीवन परंपरा का हिस्सा है, जो हजारों वर्षों से हमारी संस्कृति, समाज और राजनीति का मार्गदर्शन करता आया है। विधानसभा अध्यक्ष तोमर दिल्ली विधानसभा में आयोजित केंद्रीय विधानसभा के प्रथम निर्वाचित भारतीय स्पीकर स्व. विट्ठल भाई पटेल शताब्दी वर्ष समारोह में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन सम्मेलन में भारत-लोकतंत्र की जननी विषय पर व्याख्यान सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस सत्र का विषय प्रवर्तन राज्यसभा के उपसभापति हरवंश ने किया।

दो दिन चले व्याख्यान सत्र में देश के लगभग 12 विधानसभा अध्यक्षों, उपाध्यक्षों ने अपने विचार रखे। समापन सत्र के दौरान लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार एवं दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में देशभर की विधानसभाओं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विधान परिषदों के सभापति, उपसभापति एवं विधानसभा सचिवालयों के अधिकारी सम्मिलित हुए। सम्मेलन का शुभारंभ 24 अगस्त को गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह की ओर से किया गया। समापन दिवस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला विशेष रूप से उपस्थित थे। मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह भी उपस्थित थे।

स्व. विट्ठल भाई पटेल शताब्दी वर्ष समारोह




### स्व. विट्ठलभाई पटेल ने लोकतंत्र के नए मानदंड स्थापित किए

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि स्व. विट्ठलभाई पटेल ने तत्कालीन राजनीति को नए आयाम दिए और लोकतंत्र के नए मानदंड स्थापित किए। सभी राज्यों की विधानसभाओं को उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। तोमर ने कहा कि यह भवन विपिन चंद्र पाल एवं पं. मदन मोहन मालवीय की कर्म स्थली रही है। स्व. बटुकेश्वर दत्त और स्व. भगत सिंह के बम कांड की गवाही भी यह भवन देता है यह हमारी स्वतंत्रता आंदोलन की एक महत्वपूर्ण घटना है।

## केवल शासन पद्धति भर नहीं है भारत का लोकतंत्र

तोमर ने कहा कि भारत का लोकतंत्र केवल शासन पद्धति भर नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन की आत्मा है। लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी रही हैं। आज दुनिया के अनेक लोग यह मानते हैं कि लोकतांत्रिक मूल्य यूनान से शुरू हुए, लेकिन सच यह है कि भारत में उनकी नींव बहुत पहले पड़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि ऋग्वेद और अथर्ववेद में 'सभा' और 'समिति' जैसे शब्दों का उल्लेख मिलता है। ये संस्थाएं सामूहिक विमर्श और निर्णय का प्रतीक थीं, जिनमें राजा तक को अपनी राय थोपने का अधिकार नहीं था। उपनिषद भी हमें यही शिक्षा देते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः जैसी प्रार्थनाएं केवल धार्मिक मंत्र नहीं हैं। यह मानवता की साझी भलाई, समानता और समावेश का उद्‌घोष है। यही लोकतंत्र का मूल तत्व है। लोकतंत्र का मतलब केवल वोट देना और सरकार चुनना नहीं है। लोकतंत्र का मतलब है ऐसी व्यवस्था जिसमें सबका कल्याण, सबकी साझेदारी और सबकी सुरक्षा सुनिश्चित हो।

### चुनाव प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया

तोमर ने कहा कि भारत की चुनाव प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हर पांच साल में करोड़ों नागरिक मतदान करके सरकार चुनते हैं। सत्ता का शांतिपूर्ण परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जनता को चुनने और बदलने का अधिकार प्राप्त है। यही लोकतंत्र की आत्मा है -जनता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियों के बावजूद भारत का लोकतंत्र मजबूत है। इसका कारण यही है कि यह लोकतंत्र केवल संविधान तक सीमित नहीं, बल्कि भारत की जनता की चेतना और उसकी संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है। तोमर ने कहा कि अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस लोकतांत्रिक परंपरा को और सशक्त करें। लोकतंत्र का अर्थ केवल सरकार को चुनना नहीं, बल्कि नागरिक के रूप में अपने दायित्वों को निभाना भी है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# कांग्रेस अमावस्या है, भाजपा पूर्णमासी: नड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कार्यकर्ता भाजपा और कांग्रेस के बीच के फर्क जनता को समझाएं। देश के लिए कांग्रेस अमावस्या है और भारतीय जनता पार्टी पूर्णमासी है। 2014 भारतीय राजनीति का टर्निंग पाइंट है, जनता को बताएं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कही। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा सोमवार को जबलपुर पहुंचे।

यहां कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। नड्डा ने जबलपुर संभागीय कार्यालय में जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिस्पांसिबल, रिस्पांसिव और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया। डेड कांग्रेस के डेड लीडर ही हमारी अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी बता रहे हैं, जबकि हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विरोधी भी मानते हैं कि राष्ट्रीयता और संगठन के मामले में भाजपा से कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। भारतीय जनता पार्टी देश का इकलौता वैचारिक दल है। हमने सत्ता के लिए कभी समझौते नहीं किए, अपने रास्ते नहीं बदले। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी संबोधित किया।

### मोदी ने रिस्पांसिबल, रिस्पांसिव और रिपोर्ट कॉर्ड वाली सरकारों का दौर शुरू किया



### भाजपा सबसे बड़ा कार्यकर्ता आधारित दल



केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ा कार्यकर्ता आधारित दल है। हमारे 14 करोड़ कार्यकर्ता हैं और 2 करोड़ सक्रिय सदस्य हैं। हम 8.25 लाख बूथों पर काम करते हैं। हमारे 240 लोकसभा और 102 राज्यसभा सदस्य हैं। गुजरात में छठी बार और मध्यप्रदेश में चौथी बार हमारी सरकारें बनी हैं। गोवा और हरियाणा में तीसरी बार हमारी सरकार बनी है। उत्तरप्रदेश में 35 साल बाद हमारी सरकार रिपीट हुई है। उत्तराखंड, मणिपुर, असम और त्रिपुरा में भी हमारी सरकारें रिपीट हुई हैं। लंबे समय बाद दिल्ली में हमारी सरकार बनी है।

### अमावस्या की याद बार-बार दिलाएं, ताकि पूर्णमासी को समझ सके जनताः नड्डा

*केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि हमें जनता को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का फर्क बार-बार बताना होगा। आपातकाल के दौरान प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने यह कानून पारित कराया था कि प्रधानमंत्री और लोकसभा स्पीकर पर कोई कानून लागू नहीं होगा। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह प्रस्ताव रखा है कि प्रधानमंत्री समेत कोई भी मंत्री या मुख्यमंत्री अगर 30 दिन तक जेल में रहता है, तो 31 वें दिन उसे अपना पद छोड़ना होगा। कांग्रेस के शासनकाल में आतंकवाद चरम पर था, लेकिन अब मोदी के कार्यकाल में आतंकवाद समाप्ति की ओर है। भाजपा देश को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है, तो कांग्रेस हमेशा उन लोगों के साथ खड़ी होती है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, अशांति फैलाना चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि मैंने संसद में भाजपा और कांग्रेस का फर्क बताते हुए कहा था कि कांग्रेस अमावस्या है और भाजपा पूर्णमासी। लेकिन लोग पूर्णमासी को महसूस कर सकें, इसके लिए हमें उन्हें बार-बार अमावस्या की याद दिलानी होगी।*

### केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष ने किए मां नर्मदा के दर्शन



*भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह ने सोमवार को जबलपुर में ग्वारी घाट पर माँ नर्मदा के दर्शन-पूजन कर आरती की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।*

ऊर्जा मंत्री ने नियुक्ति-पत्र वितरण की समीक्षा की

## मुख्यमंत्री विद्युत कंपनियों के 1060 कर्मियों को आज देंगे नियुक्ति-पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे रवीन्द्र भवन में विद्युत कंपनियों के नवनियुक्त 1060 कार्मिकों को नियुक्त-पत्र वितरित करेंगे। कार्यक्रम में बिजली कंपनियों के लिए नवीन संगठनात्मक संरचना के तहत 51 हजार 711 नये स्थाई पदों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का अभिनंदन भी किया जाएगा।

ऊर्जा विभाग की विभिन्न बिजली कंपनियों में रिक्त पदों की परीक्षा के बाद कर्मचारियों का चयन किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को मंत्रालय में 26 अगस्त के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री तोमर ने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई ने कार्यक्रम आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### संकल्प-पत्र के आधार पर की जाएगी भर्ती

*ऊर्जा मंत्री ने बताया कि संकल्प-पत्र के आधार पर विभिन्न पदों पर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भर्ती की गई है। चयनित पदों में बिजली इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, लेखाधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक, सहायक विधि अधिकारी, लाइन अटैंडेंट, सिक्योरिटी ऑफिसर, पॉवर प्लांट फार्मासिस्ट, केमिस्ट, एएनएम, ट्रेसर, स्टाफ नर्स, लैब टेक्निशियन, रेडियोग्राफर, ईसीजी टैक्निशियन, पब्लिसिटी ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर आदि पद शामिल हैं। भोपाल में होने वाले इस राज्य स्तरीय समारोह में नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश की विभिन्न बिजली कंपनियों की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही विद्युत कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ भी कर्मचारी हितों और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर चर्चा भी की जाएगी। बैठक में एमडी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी अविनाश लवानिया और एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।*

## एनसीवीईटी से अवॉर्डिंग बॉडी की मान्यता प्राप्त संस्थानों में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य भारत की पहली स्किल्स यूनिवर्सिटी, स्कोप ग्लोबल स्किल्स (एसजीएसयू) को भारत सरकार के नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (एनसीवीईटी) द्वारा अवार्डिंग बॉडी के रूप में मान्यता दी गई है। एनसीवीईटी अप्रूव्ड अवॉर्डिंग बॉडी उद्योग जगत की आवश्यकता के अनुसार नए कोर्सेज एवं क्वालिफिकेशन्स डिजाइन कर सकती है और स्टूडेंट्स को उन क्वालिफिकेशन्स पर सर्टिफाई भी कर सकती है जिससे युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर आसानी से प्राप्त हो सकें।। एसजीएसयू के कुलाधिपति सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि यह मान्यता मिलना हमारे लिए गर्व का विषय है। इससे हम उद्योग की अपेक्षाओं और राष्ट्र की वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने वाले मापदंड तैयार कर सकेंगे।

## पटवारी बोले-जनसंख्या के हिसाब से मप्र सबसे ज्यादा कर्जदार

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश की हालत चिंताजनक हो चुकी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पिछले दो वर्षों में प्रदेश को कर्ज और भ्रष्टाचार के ऐसे दलदल में धकेल दिया है, जहां से उबरना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश में जनसंख्या अनुपात के हिसाब से सबसे ज्यादा कर्जदार राज्य मध्यप्रदेश है। मोहन यादव जनता के नाम पर कर्ज लेते हैं और उसका इस्तेमाल विधायकों की तनख्वाह बढ़ाने, मंत्रियों के घरों के सौंदर्यीकरण, महंगी गाड़ियां खरीदने, 1000 करोड़ के विज्ञापन और 5000 करोड़ के आयोजन करने में कर रहे हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार का आलम है। सरकार का हर विभाग और हर योजना कमीशनखोरी पर चल रही है। किसानों को कर्ज मुक्ति और समय पर खाद देने के वादे किए गए थे।

शुक्ला पीडित परिवार को लेकर पहुंचे बिजली कार्यालय

## पिता की मौत के बाद बेटियों को बिजली कंपनी ने भेजा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन इलाके में रहने वाले एक परिवार को मुखिया की मौत के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने 62 हजार 745 का चालान थमा दिया। जमा नहीं करने पर घर का कनेक्शन काटने की धमकी दी। इस मामले की सूचना कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को मिली तो उन्होंने पीड़ित परिवार से संपर्क किया।

इसके बाद वे पीड़ित परिवार को साथ लेकर बिजली आफिस पहुंचे और अफसरों से मिलकर इस चालान का विरोध किया। वहीं चालान निरस्त नहीं करने पर बिजली अफसरों से महाप्रबंधक कार्यालय में प्रदर्शन और घेराव की बात कही। दरअसल पूरा मामला यह है कि परिवार के मुखिया युसूफ खान की मौत के बाद बिजली



विभाग ने उनकी बेटियों को 62745 का चालान बनाकर भेज दिया। मृतक युसूफ खान के नाम पर लगाया हुआ मीटर उनकी बेटी अफसाना खान के नाम पर दर्ज मकान में लगा हुआ था। मकान का पट्टा बेटी अफसाना के नाम से ही है। पीड़ित परिवार ने जब मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की तो बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कमर्शियल कनेक्शन लेने का दबाव बनाकर 62745 का चालान जमा करने अन्यथा कनेक्शन काटने की धमकी दी और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया।

## भाजपा की वोट चोरी अब कर्मचारियों की मिली-भगत से उजागर : बुंदेला

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अवनीश बुंदेला ने पीसीसी में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से कहा कि लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करने वाली भाजपा की वोट चोरी की साजिश अब और भी गंभीर रूप में सामने आई है। हाल ही में प्रकाशित समाचार और जांच रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ है कि केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के आवास के पास रहने वाले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के घर से 42 मतदाता पहचान पत्र सड़क पर फेंके गए पाए गए। उन्होंने कहा कि यह घटना इस बात का ठोस प्रमाण है कि भाजपा के नेता ही नहीं बल्कि अब सरकारी कर्मचारी भी इस बड़े षड्यंत्र में शामिल हैं। बुंदेला ने कहा कि अब तक भाजपा पर केवल चुनाव में धांधली और वोट चोरी के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन इस प्रकरण ने साफ कर दिया है कि सत्ता के दबाव में प्रशासनिक तंत्र को भी इस काले खेल में झोंका जा रहा है।

अल्टीमेटम देकर चरणबद्ध आंदोलन होगा

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 16 सितंबर को करेंगे राजधानी में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा ठेगडी भवन भारतीय मजदूर संघ कार्यालय भोपाल में एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक प्रदेश महामंत्री गुर्जर भारतीय मजदूर संघ की अध्यक्षता एवं अखिल भारतीय अध्यक्ष सुरेन्द्र पांडे कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, प्रभारी एनएचएम और आशीष उप महामंत्री अखिल भारतीय तथा एन एचएम राज्य कार्यकारिणी से अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र भदोरिया सहित अन्य की उपस्थिति में आयोजित हुई।

### अफसरों को देंगे आंदोलन का विवरण

*संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र यदुवंशी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि निष्कासित 07 सीएचओ, 02 बीपीएम व अन्य बहाली एवं अन्य मांगों के निराकरण के संबंध में विगत 15 दिन का अल्टीमेटम शासन प्रशासन और आला अधिकारियों को दिया जाएगा। 15 दिन के बाद संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। 9 से 11 सितंबर तक सभी जिलों, जिलों के ब्लॉक में ज्ञापन, सीएमएचओ, जिला कलेक्टर और अपने क्षेत्र विधायक को ज्ञापन दिया जाएगा।*

करीब 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खातों में किए गए अंतरित

# गोडाउन में ही उपार्जन केन्द्र बनाने को दी जाएगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण की एसीएस रश्मि अरूण शमी ने कहा कि गो-डॉउन में ही उपार्जन केन्द्र बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे उपार्जित अनाज के परिवहन में लगने वाला खर्च बच सकेगा। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया। करीब 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में अंतरित किए गए। गेहूं के उपार्जन में सरकार ने 175 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया। लगभग 6 लाख 50 हजार किसानों से 43.5 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

यह बात एसीएस खाद्य शमी ने प्रोक्योरमेंट रिफार्म पर हुई स्टेट लेवल वर्कशॉप में कही। वर्कशॉप कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुई। वर्कशॉप में भारत सरकार के अपर मुख्य सचिव एवं वित्तीय सलाहकार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव शंकर, भारत सरकार में संयुक्त सचिव सुश्री सी. शिखा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए किसानों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में आधार नम्बर को भी जोड़ा गया है।

प्रोक्योरमेंट रिफार्म पर हुई स्टेट लेवल वर्कशॉप



### केन्द्रों से ही मिलर्स को धान देने का किया प्रावधान

अपर मुख्य सचिव शमी ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों से ही मिलर्स को धान देने का प्रावधान किया गया है। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। पीडीएस दुकानों में अनाज ले जाने वाले वाहनों की सघन मॉनिटरिंग की जाती है। प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों को जन पोषण केन्द्र के रूप में विकसित करने की भी योजना है। वर्तमान में इंदौर में यह कार्य शुरू कर दिया गया है। उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न लेने वाले उपभोक्ताओं की ई-केवायसी कराई जा रही है। ई-केवायसी के बाद अपात्र लोगों को बाहर किया गया है। लगभग 5 लाख 70 हजार नए उपभोक्ताओं को सूची में जोड़ा गया है।

### उपार्जन की प्रक्रिया के संबंध में गहन विमर्श किया

वर्कशॉप में भारत सरकार के अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव शंकर ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में उपस्थित अधिकारी अपने सुझाव जरूर दें। संजीव ने कहा कि उपार्जन की प्रक्रिया को और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है, इस संबंध में गहन विमर्श किया जाएगा। भारत सरकार की संयुक्त सचिव पॉलिसी एण्ड एफसीआई सी. शिखा ने बिलिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सब्सिडी की जानकारी प्रतिमाह भेजें। उन्होंने मध्यप्रदेश की गुड प्रेक्टिसेस के बारे में भी जानकारी दी और विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना की।

### गेहूं और धान के उपार्जन के संबंध में बनाए गए एक्शन प्लान

जनरल मैनेजर एफसीआई विशेष गढ़पाले ने प्रोक्योरमेंट सेंटर सेल्फ असेसमेंट प्रोग्राम (पीसीएसएपी) के बारे में जानकारी दी। आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने गेहूं और धान के उपार्जन के संबंध में बनाए गए एक्शन प्लान की जानकारी दी। उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया के सरलीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा ने उपार्जन और भंडारण की प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। अश्विनी गुप्ता ने फिजिकल वेरिफिकेशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

अपर कलेक्टर ने टाइम लिमिट बैठक में दी हिदायत

## सड़कों, चौराहों पर फिर दिखने लगे भिखारी, इन्हें तुरंत हटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में फिर से सड़कों और चौराहों पर भिखारियों को देखा जा रहा है। गठित टीमों को इसकी निगरानी रखनी चाहिए। कोलार स्थित भिक्षुक गृह में भी भिखारियों को नहीं लाया जा रहा है।

इसके लिए सामाजिक न्याय विभाग सहित टीम के अन्य लोगों को हिदायत दी जाती है कि सड़कों और चौराहों पर भीख मांगने के साथ सामान बेचकर भीख मांगने वाले नहीं दिखना चाहिए। महिलाएं बच्चों के साथ पेन, पेंसिल सहित अन्य सामग्री बेचने के बहाने भीख मांग रहे हैं। इसके साथ सीएम हेल्पलाइन में फिसड्डी रहने वाले पंद्रह विभागों के जिम्मेदारों को नोटिस भी दिए गए हैं। सोमवार को टाइम लिमिट की



बैठक अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने ली इसके अलावा एडीएम ने संबंधित विभागों के अफसरों से कहा कि जिले से आने वाली सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतें। शिकायत मिलने पर तत्काल उनका निराकरण करें। एडीएम ने फॉर्मर रजिस्ट्री, धारणाधिकार प्रकरणों, पीएम किसान ई-केवाईसी में प्रगति लाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए।









# शूटर्स से मांगे दस साल पुराने कारतूस के बिल, शूटर्स बोले एनआरएआई से मांग लो रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 77 प्रख्यात शूटर्स के कारतूसों में गड़बड़ी की जांच कर रही जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को 14 शूटर्स को बुलाकर उनकी गन, लाइसेंस और कारतूसों के रिकॉर्ड की पड़ताल की। अफसरों ने जब शूटर्स से दस साल पुराने कारतूस के बिल मांगे, तो उन्होंने कहा कि इतने पुराने बिल नहीं हैं। दस साल पुराने कारतूस के खोखे भी अब नहीं दिखाए जा सकते हैं। नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया से रिकॉर्ड लिया जा सकता है। सुनवाई के दौरान एसडीएम बैरागढ़ रविशंकर राय सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सुनवाई की वजह से तहसील में दिन भर शूटर्स परेशान होते रहे।

*बैरागढ़ तहसील में हुई 14 शूटर्स के रिकॉर्ड की पड़ताल*

*एक-एक शूटर्स की गन का किया वेरिफिकेशन*

*तहसील के बाहर दिन भर परेशान हुए प्रख्यात शूटर्स*

### जांच को लेकर टीम का गठन किया



*दरअसल कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने टूर्नामेंट खेलने वाले शूटर्स के कारतूसों की जांच को लेकर टीम का गठन किया है। जिसके तहत शूटर्स की गन, लाइसेंस और कारतूस की जांच की जा रही है। ऐसे में शूटर्स में हड़कंप मचा हुआ है। जिला प्रशासन ने राजधानी के शूटर्स को तीन से लेकर पांच गन दी हैं, जिसे सेल्फ डिफेंस के लिए भी गन लाइसेंस जारी किए गए हैं।*

#### शूटर्स बोले, बार-बार बुलाकर पूछताछ की जा रही, प्रेक्टिस का हो रहा नुकसान

*सोमवार को पेशी पर आए शूटर्स ने जिला प्रशासन की जांच को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गन और कारतूस के संबंध में पहले से जिला प्रशासन के पास रिकॉर्ड है। बावजूद इसके लिए शूटर्स को बार-बार बुलाकर पूछताछ की जा रही है। ऐसे में कई नेशनल और इंटरनेशनल टूर्नामेंट है, बावजूद इसके प्रेक्टिस का नुकसान हो रहा है।*

### 31 शूटर्स को जांच से रखा बाहर

राजधानी के 77 शूटर्स में से सिर्फ 46 शूटर्स को ही नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 31 शूटर्स को जांच से बाहर रखा गया है। ऐसे में जिन शूटर्स को पेशी पर बुलाकर जांच की जा रही है, वह भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि 31 शूटर्स को जांच से बाहर क्यों रखा है।

### एनआरएआई से कारतूस खरीद रहे शूटर्स

*टूर्नामेंट खेलने वाले शूटर्स दिल्ली स्थित नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया से कारतूस खरीदते हैं, जहां से उन्हें बाजार रेट से कम दाम पर कारतूस दिए जाते हैं। शूटर्स यहां से थोक में पांच से लेकर दस हजार तक कारतूस खरीदते हैं। रेंज में प्रेक्टिस के बाद कारतूस के खाली खोखों को भी सुरक्षित रखा जाता है।*

### इन शूटर्स की हुई पेशी

सैय्यद शमून बुखारी कोहेफिजा, पीयूष गोगिया शाहजहांनाबाद, फैजल नईम खान कोतवाली, असलम परवेज, आमिर खान तलैया, सुबयबा बुखारी कोहेफिजा, सैय्यद आरेब परवेज कोहेफिजा, आराश हुसैन कोहेफिजा, अहमद नजीफ किदवई शाहजहांनाबाद, निशात खान तलैया, फईम हसन तलैया, हसीब खान तलैया, सैय्यद फारुख हुसैन शाहजहांनाबाद और सैय्यद शारिक बुखारी कोहेफिजा को बुलाया गया था।

### सामान्य जांच कर रहे

राजधानी के शूटर्स के लाइसेंस, गन और कारतूस को लेकर सामान्य रूप से जांच की जा रही है। जो शूटर्स लंबे टाइम से टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं, बावजूद इसके कारतूस भी लेते हैं, उनकी जांच की जा रही है। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद एक्शन लिया जाएगा।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

## सीएसटी एक्सप्रेस 3.41 घंटे देर से आई भोपाल

**भोपाल।** दिल्ली की ओर से आने वाली कई ट्रेनें सोमवार को निर्धारित समय से देरी से भोपाल पहुंची। ट्रेनों के लेट होने से यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ा। कई यात्री समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके, जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा देर से पहुंचने वाली ट्रेन 11058 अमृतसर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस रही, जो 3 घंटे 41 मिनट की देरी से भोपाल पहुंची। वहीं, 12920 मालवा एक्सप्रेस भी 1 घंटे 48 मिनट लेट रही।

### भोपाल में देर से पहुंची ट्रेनों की सूची:

11058 अमृतसर- मुंबई छ. शिवाजी एक्सप्रेस : 3.41 घंटे देरी से आई।
12156 भोपाल एक्सप्रेसः 30 मिनट देरी से आई।
12626 केरला एक्सप्रेस : 36 मिनट देरी से आई।
20806 एपी एक्सप्रेस : 32 मिनट देरी से आई।
12920 मालवा एक्सप्रेस : 1.48 घंटे देरी से आई।
12002 भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस : 45 मिनट देरी से आई।
12138 पंजाब मेल : 23 मिनट देरी से आई।
12618 मंगला लक्षद्वीप एक्सप्रेस : 20 देरी से आई।

### निगरानी बदमाशों व आदतन अपराधियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

# प्रतिमा स्थल वाले क्षेत्रों में देर रात तक गश्त करेगी पुलिस, झांकी में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*पुलिस कमिश्नर मिश्र ने अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग की, सुरक्षा-शांति के लिए दिए दिशा-निर्देश*

गणेश उत्सव, डोल ग्यारस और ईद मीलाद उन नबी के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मीटिंग की और उन्हें विशेष दिशा-निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि गणेश प्रतिमा स्थलों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और सोशल मीडिया पर भी नजर रखें।

मीटिंग में पुलिस कमिश्नर मिश्र ने थाना क्षेत्र में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं की थाना प्रभारियों से विस्तृत जानकारी ली और चल समारोह व जुलूस मार्ग, विसर्जन स्थल, प्रतिमा व पंडाल सुरक्षा, आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था सीसीटीवी कैमरे, लाइटिंग, जुलूस व्यवस्था, प्रतिमा विसर्जन घाट व्यवस्था व त्योहार में नगर रक्षा समिति का सहयोग आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

*चल समारोह व जुलूस मार्ग, विसर्जन स्थल को लेकर की चर्चा*

*त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भी रहेगी पुलिस की नजर*



#### अप्रिय घटना पर तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को करें सूचित

*साथ ही सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रतिमा स्थलों वाले क्षेत्रों में देर रात तक लगातार गश्त करेंगे और असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। अपराधों की रोकथाम के लिए अवैध शराब तस्कर, आर्म्स तस्कर, मादक पदार्थ, जुआ व सट्टा के खिलाफ लगातार कार्रवाई करें और निगरानी बदमाशों व आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। सोशल मीडिया पर नजर रखें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर तत्काल कंट्रोल रूम व आला अधिकारियों को सूचित करें। मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल, पुलिस उपायुक्त जितेंद्र पवार, पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, पुलिस उपायुक्त संजय अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी, पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सक्सेना, पुलिस उपायुक्त शशांक और सभी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।*

**नगर निगम की बैठक**

### वार्ड स्तर पर होगा गणेश प्रतिमाओं का संग्रहण, कुंडों में किया जाएगा विसर्जन



नगर निगम ने गणेश उत्सव और दुर्गा विसर्जन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को माता मंदिर स्थित निगम कार्यालय में निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायन ने अफसरों की बैठक लेकर इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गणेश प्रतिमाओं का संग्रहण जोन और वार्ड स्तर पर किया जाए और विसर्जन केवल निर्धारित कुंडों व घाटों पर ही कराया जाए। उन्होंने कहा कि गणेश और दुर्गा दोनों उत्सवों के दौरान चल समारोह मार्गों, विसर्जन स्थलों पर आवश्यक मरम्मत पहले ही कर ली जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गोताखोर, क्रेन, फायर ब्रिगेड और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। निगम आयुक्त ने अधिकारियों की आठ-आठ घंटे की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

### महिलाओं से भी करा रहे थे तस्करी

## डीआरआई बैंकाक में बैठे ड्रग्स सिंडीकेट के सरगना के खिलाफ जारी कराएगी रेड कॉर्नर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल और बेंगलुरू रेलवे स्टेशन से बरामद 72 करोड़ रुपए के ड्रग्स के मामले में अब डीआरआई ने जांच तेज कर दी है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर खुलासा हुआ था कि बैंकॉक में बैठकर ड्रग्स सिडिंकेट को ऑपरेट करने वाला भारत में बेंगलुरू तक अपने नेटवर्क के जरिए ड्रग्स पहुंचाने का इंतजाम करता था।

डीआरआई ने ड्रग्स सिंडिकेट के सरगना की पूरी डिटेल्स निकाल ली है। हालांकि अभी उसके नाम खुलासा नहीं किया है। उसके खिलाफ डीआरआई रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराने की तैयारी में है। इधर डीआरआई ने इस मामले में दिल्ली से पकड़े गए मास्टर माइंड से पूछताछ पूरी कर ली है। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि हाइड्रोपोनिक गांजे की तस्करी में महिलाओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। महिलाओं से इसकी तस्करी कराने के पीछे एक बड़ा कारण है कि उन पर जल्दी ही किसी का शक नहीं जाता। ट्रिप के हिसाब से उनको पैसा दिया जाता था। हालांकि डीआरआई आरोपियों के खुलासे की तस्दीक कर रही है।



### डीआरआईः अंतरराष्ट्रीय रैकेट का नेटवर्क खंगालने की चुनौती

*इधर डीआरआई के सामने अभी पकड़े गए आरोपियों के नेटवर्क को खंगालने की चुनौती है, क्योंकि इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय रैकेट का हाथ है। पूरा मामला यह है कि विगत 20 अगस्त को डीआरआई की टीम ने भोपाल रेलवे स्टेशन पर छापा मारा था। इस दौरान 2 आरोपियों से 24.186 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया। एक अन्य टीम ने उसी दिन बेंगलुरु में करीब 30 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया किया था। भोपाल में हुई कार्रवाई के बाद थाईलैंड से आए एक यात्री से 21 अगस्त को होटल में 17.95 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया था। भोपाल और बेंगलुरू में कुल 72 करोड़ रुपए का 72.24 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया गया था।*

## छात्राओं के साथ दुष्कर्म कर धर्म बदलने के दबाव के 3 प्रकरणों में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुनियोजित रूप से कॉलेज में पढने वाली हिन्दू छात्राओं के साथ दुष्कर्म कर मारपीट कर उनके अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करने तथा धर्म परिवर्तित करने का दबाव डालने के आरोपियों फरहान खान, साहिल खान ,सै.अली अहमद, नबील, अबरार और साद उर्फ शम्सउद्दीन के खिलाफ सोमवार को जिला न्यायालय ने दो प्रकरणों में बीएनएस की धारा- 61 (2), 64, 115(2), 35(2),66(ई) 296, मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम- 2021 की धारा-3/5 के अंतर्गत आरोप तय किए हैं। न्यायालय ने एक प्रकरण में मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम- की धारा-3/5 को छोड़कर अन्य धाराओं के अंतर्गत आरोप तय किए हैं।

### साक्षियों की गवाही शुरू की जाएगी

1 सितंबर को न्यायालय में अपर लोक अभियोजक द्वारा प्रकरण से संबंधित ट्रायल प्रोग्राम प्रस्तुत किया जाएगा, इसके बाद न्यायाधीश द्वारा प्रकरण में साक्षियों की गवाही शुरू की जाएगी। न्यायाधीश द्वारा आरोपी फरहान के अधिवक्ता जगदीश गुप्ता द्वारा तीनों प्रकरण की सुनवाई अलग दिनांक पर किए जाने के आवेदन को स्वीकार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ छात्रा की शिकायत पर पहली एफआईआर बाग सेवनिया थाना में 12 अप्रैल को पंजीबद्ध की गई थी। इसके बाद अन्य पीड़िता छात्राओं ने भी सामने आकर फरहान खान और उसके सहयोगियों के खिलाफ अशोका गार्डन थाना, ऐशबाग थाना और जहांगीराबाद थाना में जबरदस्ती मारपीट कर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करने तथा धर्म परिवर्तित करने का दबाव डालने के अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरणों की विवेचना करने के पश्चात विवेचना अधिकारी द्वारा जिला न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किए गए थे। पुलिस ने जेल में बंद आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में जेल से न्यायालय में पेश किया था।

### शहर का दिन का तापमान 28.2 डिग्री

## हवाओं के साथ उछल रही बड़ी झील दिनभर बादल, रिमझिम का मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में करीब एक सप्ताह से जारी बारिश का ट्रेंड सोमवार को भी पटरी पर बना रहा। सुबह से बादल, कुछ देर बौछारें फिर दोपहर में राहत के बीच दिन का पारा दशमलव 6 डिग्री उछल गया।

लगातार रिमझिम, बादल और बौछारों के बीच कुछ देर की राहत में ही अधिकतम पारा लगातार दूसरे दिन बढ़कर सोमवार 28.2 डिग्री रहा, यह सामान्य से 1.7 डिग्री कम है। शाम को फिर से बौछारें शुरू हुईं, जो रुक रुककर देर रात तक जारी रहीं। दिन में हवाओं की रफ्तार 16 से



18 मिमी के बीच रहने से बड़ी झील हिलोरें ले रही हैं। एक से डेढ़ फीट तक उठती गिरती लहरें यहां आने वाले सैलानियों के लिए समुंदर जैसे आकर्षण का केंद्र बनी हैं। इन दिनों बोट क्लब और वनविहार, सैरसपाटा पर भीड़ हर दिन शाम को बढ़ रही है।

*गंदगी में बन रहा था प्रियंका गृह उद्योग का नमकीन*

## नमकीन फैक्ट्री में फर्श पर पड़ा था चना जोर गरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बारिश के दिनों में गंदगी के बीच खाद्य पदार्थ बनाने वालों पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती शुरु कर दी है।

जिसके तहत सोमवार को टीम ने शक्ति नगर करोंद स्थित प्रियंका गृह उद्योग के नमकीन कारखाने पर छापा मारा, जहां पर चना जोर गरम बनाया जा रहा था। टीम जब कारखाने में पहुंची, तो चने को फर्श पर रखा गया था। इसके साथ गंदगी के बीच नमकीन बनाया जा रहा था। जिसको लेकर टीम ने यहां से पॉम ऑयल का सैंपल लिया है। गंदगी को लेकर कारखाना संचालक जगपाल सिंह को नोटिस जारी किया गया है।



### चिरायु की कैंटीन से लिए बेसन के सैंपल

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को टीम ने भौरी स्थित चिरायु अस्पताल के कैंटीन की जांच की, जहां से बेसन के सैंपल लिए हैं। टीम ने यहां भी साफ-सफाई का ध्यान रखने की हिदायत भी दी। श्रीराम ड्राई फ्रूट्स बैरागढ़ और एयरपोर्ट रोड स्थित रेस्टोरेंटों से भी सैंपल लिए गए हैं। विकास डिस्ट्रीब्यूटर्स बैरागढ़ से पेय पदार्थों के दो सैंपल, जया डेयरी एंड स्वीट्स गांधी नगर से तीन सैंपल लेकर जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे गए हैं।

### डॉग की देखभाल को लेकर राजधानी के डॉग लवर्स ने कहा- सही समय पर वैक्सीनेट व नसबंदी होगी फायदेमंद

# मॉनिटरिंग एजेंसी की नहीं हुई एक भी मीटिंग, भोपाल में डॉग्स के लिए नहीं है एक भी सरकारी शेल्टर हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


घर के बाहर घूमने वाले स्ट्रीट डॉग्स को लेकर कुछ दिनों से सोशल मीडिया से लेकर गली-नुक्कड़ों में बहस का दौर देखा गया है। जहां डॉग लवर्स, डॉग्स के हितों की और उन्हें परेशान न करने की बात करते हैं तो वहीं लोग डॉग्स के विस्थापन की। इसी बीच कुत्तों को स्ट्रेलाइज कराकर पुनः उनके स्थान पर छोड़ने का भी निर्णय आया। ऐसे में इंटरनेशनल डॉग-डे पर हरिभूमि ने डॉग लवर्स और एबीसी सेंटर के पशु चिकित्सक से बातचीत की तो जहां पशु चिकित्सक ने एक साल में 22000 डॉग्स को स्ट्रेलाइज करने की बात कही तो वहीं एनिमल लवर ने कहा कि नियमानुसार कई समितियां गठित की गई हैं, जिनका कार्य डॉग्स को एबीसी सेंटर पर पहुंचाने का हैं, लेकिन वो अपना काम समय पर कर ही नहीं रही।

**इंटरनेशनल डॉग डे**

साल 2024-25 में 22000 डॉग को किया स्ट्रेलाइज

बनाई गई समितियां एबीसी सेंटर पर डॉग नहीं ले जाती

### एएचए आरडब्लूए को करना होगा प्रॉपर काम



*एनिमल लवर कर्नल संजय पांडे ने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल पर बने नियमों को वर्ष 2023 में और मजबूत करते हुए उसमें कई प्रावधान जोड़े। जैसे रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन आरडब्लूए और अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन एएचए को अपने एरिया के डॉग्स को चिन्हित करके उन्हें एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर पर वैक्सीनेशन के लिए या तो ले जाना चाहिए या इन सेंटर को इनफॉर्म करना चाहिए, लेकिन ये दोनों ही एसोसिएशन अपने इस कार्य में असफल हैं। उन्होंने कहा कि एनिमल बर्थ पर कंट्रोल लग सके, इसके लिए एक कंट्रोल मॉनिटरिंग एजेंसी भी बनी है, जिसमें एनजीओ, डॉग लवर्स, पुलिस, जन प्रतिनिधि, पशु चिकित्सक सहित बड़ी संख्या में लोग जुड़े हैं, जिसे हर माह डॉग्स की मॉनिटरिंग ओर समस्याओं पर मीटिंग करनी होती है, लेकिन दुर्भाग्यवश इस कमेटी की मीटिंग आज तक नहीं हुई।*

### डॉग्स को सही समय पर वैक्सीनेट किया जाए



*डॉग लवर बिंदु रमाकांत घाटपांडे ने कहा कि हम सभी सुप्रीम कोर्ट के डिसीजन का आदर करते हैं, लेकिन भोपाल में डॉग्स के लिए एक भी शेल्टर हाउस नहीं हैं। सिर्फ कुछ ही प्राइवेट संस्थानों के शेल्टर हाउस हैं, लेकिन आवश्यकता यह है कि डॉग्स को सही समय पर वैक्सीनेट करने की, उनकी नसबंदी करने की। यह इंसान और जानवर दोनों के लिए फायदेमंद होगा।*

### कई बार एनिमल लवर खुद अपनी गाड़ी में वैक्सीनेट कराने लाते हैं डॉग्स

भोपाल के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीपी सिंह का कहना है कि भोपाल के एनिमल लवर बहुत एक्टिव हैं और वह अपने एरिया के डॉग्स के लिए कई बार तो फोन पर बताते हैं कि उनका वैक्सीनेशन या स्टेरलाइजेशन करना है और कई ऐसे भी हैं, जो अपनी ही गाड़ी में डॉग्स को लेकर आते हैं और उनको स्टेरलाइज करवाते हैं। पीपी सिंह ने कहा कि भोपाल में कोई भी शेल्टर हाउस नहीं है। सिर्फ तीन एबीसी सेंटर है एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर हैं, जहां पर कुत्तों को लाया जाता है और उनका प्रॉपर वैक्सीनेशन और नसबंदी की जाती है और 5 से 6 दिन के बाद उन्हें छोड़ दिया जाता है।

### बारिश में डॉग्स को पकड़ना काफी मुश्किल

डॉ. सिंह ने कहा कि साल 2024-25 का आंकड़ा देखा जाए तो 22000 डॉग्स को ऑपरेट किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जहां ठंड और गर्मी में कुत्तों को पकड़ना आसान होता है, वहीं बरसातों में यह कार्य काफी मुश्किल है, क्योंकि वह कहीं ना कहीं छिप जाते हैं।




# मेरठ में 'उदयपुर फाइल्स' के पोस्टर जलाने के मामले में पार्षद समेत चार लोग गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मेरठ

उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद की लिसाड़ी गेट थाना पुलिस ने फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' के पोस्टर जलाने और आपत्तिजनक नारेबाजी करने के आरोप में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पार्षद समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

लिसाड़ी गेट थाना प्रभारी अशोक कुमार ने सोमवार शाम को बताया कि अखिल भारतीय हिन्दू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने थाना लिसाड़ी गेट में तहरीर दी थी कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने फिल्म के पोस्टर में



छपी दिवंगत कन्हैयालाल की तस्वीर का अपमान किया, उसे जलाया और देशविरोधी नारे लगाए।

शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर गठित टीम ने वीडियो फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद सोमवार को अदालत वाली गली, पूर्वी इस्लामाबाद क्षेत्र से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फजल करीम (40), अनीस (42), शाहिद (28) और कासिम (58) के रूप में हुई है।

इनमें से तीन आरोपी थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के निवासी हैं जबकि एक भावनपुर का रहने वाला है। इनमें फजल करीम ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी का एक पार्षद है। करीम इस्लामाबाद क्षेत्र के वार्ड 71 का पार्षद है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## भारत ने विश्व खाद्य कार्यक्रम के साथ की साझेदारी

# खाद्य सुरक्षा से जूझ रहे देशों की सहायता के लिए भारत प्रतिबद्ध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर करके वैश्विक भुखमरी संकट से निपटने के उद्देश्य से अपने सहयोग के रूप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा की। भारत सरकार का खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) इस पहल के तहत



डब्ल्यूएफपी को भारत से फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति करने का अवसर प्रदान करता है। इस पहल से वैश्विक स्तर पर संकटग्रस्त क्षेत्रों में सबसे कमजोर आबादी की खाद्य और पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह सहयोग वैश्विक साझेदारियों की मजबूती को दर्शाता है। भारत से चावल प्राप्त करके, डब्ल्यूएफपी अपनी आवश्यकता से अधिक कृषि पैदावार वाले देश के संसाधनों का इस्तेमाल भुखमरी से निपटने की दिशा में ठोस प्रगति करने के लिए करेगा।

# मनसे ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए चार नेताओं को बर्खास्त किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सोमवार को कोंकण क्षेत्र के चार नेताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में बर्खास्त कर दिया। पार्टी ने रत्नागिरी से वैभव खेडेकर, अविनाश सौंदलकर व संतोष नलावड़े और रायगढ़ जिले से सुबोध जाधव को बर्खास्त कर दिया।

मनसे ने इन नेताओं को लिखे पत्र में कहा कि पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के आदेश पर उन्हें (बर्खास्त नेताओं को) पार्टी की नीतियों का उल्लंघन करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण निष्कासित किया जा रहा है। खेडेकर ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी के काम के कारण उन्हें जेल जाना पड़ा और उन्हें व्यक्तिगत, राजनीतिक और वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा।

खेडेकर ने कहा कि उनका उद्देश्य कोंकण में पार्टी का विकास सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा, "मेरी पारी रुक गयी। पार्टी ने जल्दबाजी में काम किया और मुझे इसका बुरा लग रहा है।" खेडेकर ने यह भी कहा कि क्षेत्र के पार्टी सहयोगी उनके साथ हैं। पार्टी के एक नेता ने बताया कि खेडेकर के मनसे छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का मन बनाने के बाद उन्हें पार्टी से निकालने का फैसला लिया गया। नेता ने कहा कि खेडेकर ने भाजपा की राज्य इकाई के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात की है।

# न्यायमूर्ति अराधे और पंचोली के नामों की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने



मुंबई उच्च न्यायालय के आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली के पदोन्नति सिफारिश की। यदि केंद्र मंजूरी दे देता है, तो न्यायमूर्ति पंचोली प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बनने की कतार में होंगे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने सोमवार दोपहर विचार-विमर्श के लिए बैठक की।

## जैकेट का शेष....

### ग्वालियर में दो ...

दबे हुए लोगों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां मजदूर गणेश प्रजापति की मौत हो गई। यह मकान राजू शिवहरे का है। मकान में सीलन बैठ चुकी थी। मकान के जर्जर होने की शिकायत आसपास के लोगों ने की थी। जिसके बाद नगर निगम ने मकान मालिक को नोटिस दिया था।

### श्योपुर और सिंगरौली...

स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी नई स्वास्थ्य नीति में बीमार होने के बाद इलाज करने की पुरानी व्यवस्था के बजाए नागरिक बीमार ही न पड़ें, इसके लिए प्रिवेन्टिव और प्रमोशनल हेल्थ केयर पर फोकस किया। भारत विश्व का पहला ऐसा देश है, जिसने अपनी अधिकतम आबादी को बीमारी की इलाज के लिए 5 लाख रुपए सालाना हेल्थ कवरेज दिया है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना के जरिए हमने यह कर दिखाया है।

### बीमारी का इलाज ...

विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध होंगी। राज्य सरकार ने गरीबों और जरूरतमंदों को निःशुल्क एयर एंबुलेंस और शव वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई है। राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क हादसे के घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मरीज को डेढ़ लाख का इलाज और उसे अस्पताल पहुंचाने वाले को 25 हजार का पुरस्कार दिया जा रहा है।

### विधायकों की सैलरी...

वर्तमान में मध्य प्रदेश के विधायकों को कुल मिलाकर करीब 1.10 लाख रुपए प्रतिमाह वेतन और भत्ते मिलते हैं। लेकिन नई सिफारिशों के मुताबिक अगर 45% सैलरी बढ़ाने का प्रस्ताव पारित होता है, तो यह बढ़कर 1.60 लाख रुपए हो जाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को यह प्रस्ताव सौंपा जा चुका है, और इसे आगे विचार के लिए भेज दिया गया है। सिर्फ वर्तमान विधायकों की ही नहीं, बल्कि पूर्व विधायकों की मासिक पेंशन में भी इजाफा करने की सिफारिश की गई है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो मध्य प्रदेश के विधायक राजस्थान (1.42 लाख), महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात के विधायकों से भी ज्यादा सैलरी पाने लगेंगे। फिलहाल एमपी में विधायकों को सैलरी के साथ निर्वाचन भत्ता 35,000 रुपए दिया जाता है। वहीं चिकित्सा भत्ता 10,000 रु मिलता है। इसके अलावा अर्दली/निजी सचिव भत्ता के लिए 15,000 रु दिए जाते हैं। टेलीफोन खर्च के लिए 10,000 रु मिलते हैं। किताबें और पत्रिकाओं के लिए 10,000 मिलते हैं। यह जानकारी मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय की ओर से दी गई है।

### नवरात्रि के पहले...

वाली जीएसटी परिषद 3-4 सितंबर को दिल्ली में केंद्र द्वारा सुझाए गए 5% और 18% के प्रस्तावित सरलीकृत दो-स्तरीय जीएसटी टैक्स स्लैब पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगी। सूत्रों ने बताया कि जीएसटी परिषद के फैसले के लगभग 5 से 7 दिन बाद नोटिफिकेशन जारी की जाने लगेंगी।

### रेस में आया शिवराज...

**जून 2024 में बढ़ा था जेपी नड्डा का कार्यकाल:** मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल वर्ष 2024, जनवरी में खत्म हो चुका है। लोकसभा चुनाव के लिए जून तक विस्तार दिया गया था। जुलाई में पार्टी को नया अध्यक्ष चुनना था, लेकिन नए अध्यक्ष के चुनाव से पहले संगठनात्मक चुनाव की जरूरत होती है। इसमें 6 महीने का समय लगता है। इसलिए जून में नड्डा का कार्यकाल 6 महीने और बढ़ाया गया था। नड्डा ने फरवरी 2020 में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाला था।

### दिग्विजय ने कहा-...

पोस्ट पर जबाव देते हुए कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को लगता था कि दिग्विजय सिंह सरकार चला रहे हैं।
इसी नाराजगी में उन्होंने कांग्रेस के विधायकों को तोड़ा और हमारी सरकार गिराई।

## पेज एक का शेष....

### विपक्ष को इसका....

याद दिलाया कि इंदिरा गांधी ने 39वें संशोधन में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और स्पीकर को न्यायिक समीक्षा से बाहर रखा था, लेकिन मोदी सरकार इसके उलट कदम उठा रही है। विपक्ष को इसका जवाब जनता को देना होगा। अब लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मिलकर एक संयुक्त समिति में इस विधेयक की समीक्षा करेंगे।

### दीवार फांदकर भाग....

की। विधायक का पीछा किया गया और हमारे अधिकारियों और केंद्रीय बलों ने उन्हें एक खेत में पकड़ लिया। उनके शरीर पर कीचड़ लगा हुआ था। अधिकारी ने यह भी बताया कि ईडी उनके पीए के आवास पर भी छापेमारी कर रही है। बुरवान विधायक साहा को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ईडी अधिकारियों ने ....

है। उन्होंने बताया कि कथित भर्ती घोटाले के सिलसिले में बीरभूम जिले के एक व्यक्ति द्वारा पैसों के लेन-देन की सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

### युवक को वृंदावन....

करेंगे। नर्मदापुरम इटारसी में रहने वाले युवक आरिफ चिश्ती ने बीते 20 अगस्त को कलेक्टर सोनिया मीणा के माध्यम से रसिक संत प्रेमानंद महाराज को अपनी एक किडनी देने का प्रस्ताव भेजा था। यह पत्र, प्रेमानंद जी तक पहुंच गया है। उनके आश्रम केलीकुंज वृंदावन से आरिफ को सूचित किया गया है कि महाराज जी आपके प्रस्ताव से काफी प्रसन्न हैं, लेकिन वे किसी से किडनी नहीं ले सकते हैं।
आरिफ ने बताया है कि शनिवार को प्रेमानंद महाराज के सहायक प्रतीक का वृंदावन आश्रम से फोन आया था। उन्होंने बताया कि ई-मेल के माध्यम से आरिफ द्वारा किडनी देने का जो संदेश भेजा गया था, वह महाराज जी तक पहुंच गया है। हालांकि वे किसी से किडनी नहीं ले सकते हैं। वे आरिफ की उदारता और भावना से काफी प्रभावित हुए हैं। आरिफ के अनुसार प्रतीक ने उनको बताया कि महाराज जी उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलना चाहते हैं, वे वृंदावन बुलाएंगे और सम्मान भी करेंगे। आरिफ ने बताया कि किडनी डोनेट करने का उनका निर्णय व्यक्तिगत है और इसमें पत्नी व परिवार की सहमति रही है।

### महू में पहली....

प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर इंदौर एयरपोर्ट पर प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों की बैठक एडीएम रोशन राय की अध्यक्षता में हुई। आयोजन के दौरान 26 से 28 अगस्त तक महू को नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस अवधि में महू और आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। देश में पहली बार थल सेना, जल सेना और वायु सेना का संयुक्त सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। इसमें न केवल सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी बल्कि रक्षा उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षाविद् और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सेमिनार में युद्ध, युद्धनीति और आधुनिक तकनीक के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

### इंदौर में एक ....

पिछले कई सालों से नशीले पदार्थों का कारोबार कर रही थी। पुलिस ने उसके घर से 48.5 लाख रुपए नकद और इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद किया है। क्राइम ब्रांच पुलिस ने लंबे समय से महिला पर नजर जमा रखी थी, ऐसे में सटीक जानकारी मिलते ही पुलिस ने एक्शन लिया है।
राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि मौके से मिले सबूतों से साफ पता चलता है कि महिला तस्कर ने नशीले पदार्थ बेचकर मोटी रकम कमाई है। उन्होंने बताया कि नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंसेज (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला पर पहले से ही 12 मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आगे की विस्तृत जांच में जुटी है। यह गिरफ्तारी क्राइम ब्रांच के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है क्योंकि इससे न केवल एक बड़े ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।

### निक्की मर्डर केस...

डालकर हत्यारोपियों ने निक्की को जिंदा जलाया था। हत्यारोपी ब्यूटी पार्लर के नाम पर ही थिनर खरीदकर लाया था।

### राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय...

सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठियां, प्रदर्शनी और युवा-केंद्रित गतिविधियां शामिल होंगी। सरकार का कहना है कि इन महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके आदर्शों को राष्ट्रीय जीवन में उतारना ही मुख्य उद्देश्य है। समितियों में वरिष्ठ मंत्रियों, राज्यों के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाएगा।

### पटेल, अटल और....

1998 से 1999 तक और उसके बाद 1999 से 2004 तक पूरे पांच साल तक सरकार चलाई।

उनके नेतृत्व में 1998 में पोखरण में भारत ने परमाणु परीक्षण किया, जिसने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति दिलाई। वाजपेयी को उनकी दूरदृष्टि और काव्यात्मक भाषणों के लिए भी जाना जाता है।

## यूपी में बड़ा हादसा

# ट्रैक्टर और ट्रक की टक्कर में आठ की मौत, 43 घायल



एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात दो बजे के बाद बुलंदशहर-अलीगढ़ सीमा पर अरनिया बाईपास के पास उस समय हुई जब एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में 61 लोग सवार थे, जो कासगंज जिले के रफातपुर गांव से राजस्थान के जाहर पीर में तीर्थयात्रा के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि घायलों को एक निजी अस्पताल सहित कई अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एसएसपी ने कहा, इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 43 अन्य का उपचार किया जा रहा है। इनमें से तीन घायलों को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

### इनकी हुई मौत

पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40), रामबेटी (65), चांदनी (12), घनीराम (40), मोक्षी (40), शिवांश (6), योगेश (50) और विनोद (45) के रूप में हुई है। ये सभी कासगंज जिले के निवासी थे। पुलिस ने बताया कि 43 घायलों में से 12 की उम्र 18 वर्ष से कम है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457
R-03-09-2025

आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 62500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस-9654778825..
R-26 to 29-09-2025

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5969



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

### शब्द पहेली -5968 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | ख्त | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | वे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| इं | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | बि |
| र्स | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |

## सूडोकु नवताल - 5979

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## खबर संक्षेप

### ओरिएंट ग्रीन का शुद्ध लाभ 93.17 करोड़ रु.

**चेन्नई।** ओरिएंट ग्रीन पावर कंपनी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अप्रूव्ड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी को 93.17 करोड़ रुपए की कुल आय प्राप्त हुई है। वार्षिक वृद्धि दर 38.56 फीसदी, एबिटडा 65.92 करोड़ रुपए रहा। जबकि शुद्ध लाभ 28.85 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। शुद्ध लाभ मार्जिन में 30.96 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई।

### अमांता हेल्थकेयर आईपीओ 1 सितंबर को

**मुंबई।** अमांता हेल्थकेयर लिमिटेड ने अपना आईपीओ 1 सितंबर 2025 को खोलने की घोषणा की है। कंपनी इसके जरिए 12,600.00 लाख जुटाएगी। इसके शेयर एनएसई और बीएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इश्यू का आकार प्रत्येक 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 1 करोड़ इक्विटी शेयरों तक है, जिनकी प्रति शेयर कीमत 120 से 126 रुपए के बीच होगी। एंकर हिस्से की पेशकश शुक्रवार 29 अगस्त को खुलेगी और शुक्रवार 29 अगस्त को बंद होगी।

### इंटेंस को मिला 3,148 लाख रुपए का राजस्व

**हैदराबाद।** इंटेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही के अन-ऑडिटेड परिणामों की घोषणा की। कंपनीकी कुल आय 3,147.93 लाख रुपए, एबिटडा 314.48 लाख और शुद्ध लाभ 125.27 लाख रुपए रहा। वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनी विकास की दिशा में अग्रसर है। बीएफएसआय, बीमा और सरकारी क्षेत्रों में कंपनी के प्रति लगातार सकारात्मक रुझान बढ़ा है।

### अनलॉन हेल्थकेयर का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** अनलॉन हेल्थकेयर लिमिटेड कंपनी अपना आईपीओ 26 अगस्त 2025 को खोलने जा रही है, जिसका उद्देश्य 121.03 करोड़ रुपए जुटाना है। इसके शेयर एनएसई और बीएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।इस इश्यू का आकार 1,33,00,000 इक्विटी शेयर है, जिनका फेस वैल्यू 10रुपए प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 86 से 91 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए हिस्सा सोमवार को खुला और शुक्रवार 29 अगस्त को बंद होगा।

### नेटफ्लिक्स की नई सीरीज का प्री-व्यू पेश

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स ने द बैड्स ऑफ़ बॉलीवुड का प्रीव्यू पेश किया है। यह आर्यन खान का डायरेक्टोरियल डेब्यू है, जो 18 सितंबर को लांच होने जा रहा है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित, इस सीरीज को आर्यन खान ने क्रिएट किया है और को-क्रिएटर्स बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान ने भी मिलकर इसे लिखा है। जो स्टाइलिश लेकिन हलचल भरी दुनिया में बना है।

### 'सुप्पंदी' के साथ क्रेडिट जागरुकता का संदेश

**मुंबई।** सूचना कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल ने अपने सिल्वर जुबली समारोह के अवसर पर टिंकल कॉमिक का विशेष संस्करण, जिसे अमर चित्र कथा के सहयोग से प्रकाशित किया गया है। इसमें लोकप्रिय पात्र सुप्पंदी के साथ दो नए किरदार भी हैं सिमरन, जो वित्तीय समझ रखने वाली दोस्त है, और मायसिबिल, जो क्रेडिट स्कोर का दोस्ताना रूप है।

### सत्त्वा इंजी. का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** सत्त्वा इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने 26 अगस्त 2025 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 35.38 करोड़ रुपए जुटाना है। इस आईपीओ के तहत शेयर एनएसई इर्मज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस इश्यू का आकार 47,16,800 इक्विटी शेयरों का है, जिनका प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपए है और मूल्य सीमा 70 से 75 रुपए प्रति शेयर निर्धारित की गई है। आईपीओ 29 अगस्त को बंद होगा।

# व्यापारियों को समझने में आसान होगा नया आयकर अधिनियम

# आम करदाता अगर प्रावधानों को पढ़ेंगे तो वह समझ पाएंगे कि उनके मामले में क्या कहता है कानून?

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

हरिभूमि चर्चा

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बड़ा बदलाव किया है। अब नियमों और निर्देशों में जटिल कानूनी भाषा की जगह आसान और आधुनिक शब्दों का इस्तेमाल होगा। इस पर राजधानी के कर सलाहकारों और अधिवक्ताओं ने कहाकि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे इस बड़े बदलाव का उद्देश्य नए कर प्रावधानों को सरल बनाना, अनावश्यक धाराओं को हटाना और विकसित होती तकनीक व आर्थिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाना है।

फिर भी इस अधिनियम में तलाशी अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसमें तलाशी अभियान के तहत सोशल मीडिया खाता, ईमेल सर्वर, क्लाउड स्टोरेज डाटा और किसी भी ट्रेडिंग या निवेश खाता तक अधिकारियों की पहुंच शामिल है, जिससे यह विचारणीय होगा कि यदि इस तलाशी अभियान से किसी की निजता के अधिकार को कैसे सुरक्षित किया जा सकेगा। व्यापारी भी इसको लेकर सशंकित हैं, जिसका समाधान उचित होगा।




### बोले, शहर के कर सलाहकार और अधिवक्ता

#### अब 'टैक्स ईयर' जैसी ही अवधारणा होगी



आयकर अधिनियम 1961 बनाम आयकर अधिनियम 2025 पर तुलनात्मक दृष्टि डालने से प्रारूपण शैली और भाषा सरलीकरण में बड़ा बदलाव दिखाई देता है। नए आयकर कानून में 536 धाराएं और 16 अनुसूचियां होंगी, जिन्हें सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्थित किया गया है। इसकीखास बात है कि अब प्रीवियस ईयर और एसेसमेंट ईयर के बजाय टैक्स ईयर जैसी एक ही अवधारणा होगी। नए इनकम टैक्स कानून में मुकदमेबाजी कम करने के लिए अनावश्यक और विरोधाभासी प्रावधानों को हटा दिया गया है। भारत में इनकम टैक्स से जुड़े मामलों का काम करने वाली संस्था केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को डिजिटल युग के अनुसार नियम बनाने के लिए अधिक शक्ति दी गई है।

**राजेश जैन**, वरिष्ठ,कर सलाहकार

### नए कानून में नए विवाद भी उत्पन्न होंगे




केंद्र सरकार द्वारा जो आयकर कानून में परिवर्तन लाए जा रहे हैं उससे कर सलाहकारों एवं करदाताओं को फायदा होगा, क्योंकि नए कानून में धाराएं कम की गई हैं एवं कुछ अनावश्यक कठिन प्रावधानों को हटाया गया है, परंतु सलाहकारों के लिए नए प्रावधानों को पढ़कर समझने का काम बढ़ जाएगा एवं नए कानून में नए विवाद भी उत्पन्न होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा नया आयकर विधेयक 2025 पेश करने का उद्देश्य कर कानूनों को सरल बनाना है ताकि आम आदमी के लिए उन्हें समझना और उनका पालन करना आसान हो। इसमें ईमानदार करदाताओं द्वारा गलतियाँ करने पर दंड कम करने के लिए उचित उपाय किए गए हैं।

**मृदुल आर्य**, अध्यक्ष , टैक्स लॉ बार एसोसिएशन

### आम आदमी को अपने अधिकारों को समझने में आसानी होगी

कर सलाहकारों ने कहा कि अब नया आयकर कानून निकाय पुरानी शब्दावली और जटिल व्याख्याओं से दूर हो गया है। इससे पहले आम नागरिकों के लिए कर कानूनों को समझना मुश्किल हो जाता था। आम करदाता अगर प्रावधानों को पढ़ेंगे, तो वह समझ पाएंगे कि उनके मामले में कानून क्या कहता है।

### अपराधों और दंडों में कोई बदलाव नहीं किया गया



आयकर विधेयक, 2025, का मुख्य उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और अनावश्यक प्रावधानों को हटाना है। व्यक्तियों और निगमों के लिए कर की दरें और व्यवस्थाएँ अपरिवर्तित रहेंगी। अधिकांश परिभाषाएं भी बरकरार रखी गई हैं। अपराधों और दंडों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विधेयक 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी होने का प्रस्ताव करता है। प्रमुख परिवर्तनों में अधिनियम में कर मामलों में सूचना के बिना पहचान के संग्रह और मूल्यांकन का प्रावधान है।

प्रौद्योगिकी के माध्यम से- करदाता के साथ संपर्क को समाप्त करना और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं और कार्यात्मक विशेषज्ञता के माध्यम से संसाधनों के उपयोग को अधिकतम करना। अधिनियम के तहत, तलाशी के मामलों में अघोषित आय में धन, सोना-चांदी, आभूषण या अन्य मूल्यवान वस्तुएँ शामिल हैं। विधेयक इस परिभाषा का विस्तार करते हुए आभासी डिजिटल संपत्तियों को भी इसमें शामिल करता है। यह अधिनियम आयकर अधिकारियों को इमारतों में प्रवेश, तलाशी और ताले तोड़ने की अनुमति देता है। यह अधिनियम अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों की जांच करने का भी अधिकार देता अधिकारियों के पास किसी भी आवश्यक एक्सेस कोड को ओवरराइड करके पहुँच प्राप्त करने का अधिकार होगा। इसमें ईमेल सर्वर, सोशल मीडिया अकाउंट, ऑनलाइन निवेश और ट्रेडिंग अकाउंट, और संपत्ति के स्वामित्व का विवरण संग्रहीत करने वाली वेबसाइटें शामिल हैं। यह अधिनियम केंद्र सरकार को दोहरे कराधान के मामलों में राहत प्रदान करने के लिए अन्य देशों के साथ समझौते करने की अनुमति देता है।

**मुकुल शर्मा**, कर विशेषज्ञ

### नया आयकर अधिनियम 1961 वाले अधिनियम की जगह लेगा



लगभग 60 वर्ष पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह भारत सरकार ने इनकम टैक्स एक्ट 2025 जिसे राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी दी गई है, जो कि 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। इस टैक्स कानून को सरकार ने आधुनिक एवं पारदर्शी बनाया है। पुराने कानून में 819 धाराएं थी एवं 47 अध्याय थे, जिन्हें संक्षिप्त कर 23 अध्याय में समेटकर 536 धाराएं की है। इसमें आम आदमी के समझाने के लिए फार्मूला के द्वारा स्पष्ट किया गया है, कोई नया टैक्स नहीं लगाया है साथ ही टैक्स स्लैब में परिवर्तन नहीं किया। रिफंड वाले रिटर्न यदि किसी वैध कारणवश लेट हो जाते तो भी अब रिफंड मिलेगा पहले लेट रिटर्न पर रिफंड प्राप्त नहीं होता था असिसमेंट ईयर की जगह अब टैक्स ईयर कहा जाएगा। सरकार ने इसे काफी सरल करने की कोशिश की है इससे सभी को लाभ होगा।

**एडवोकेट मुनींद्र वैद्य**, बीसीसीआई कर सलाहकार

## इम्यूनोग्रिट करेगा आयुष्मान के वरदान को सिद्ध


# पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध किया जड़ी बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता-अमरता है वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरिद्वार

### आयुर्वेद हमारी परंपरा और हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञानः आचार्य बालकृष्ण

पतंजलि के वैज्ञानिकों ने पुनः सिद्ध कर दिया है कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में वर्णित अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों के द्वारा प्राप्त अजरता–अमरता का वरदान मात्र मिथ्या नहीं हैं, इसमें सत्यता भी निहित है।

पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अष्टवर्ग एवं अन्य प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि इम्यूनोग्रिट पर किए गए शोध के द्वारा सिद्ध कर दिया है कि इस औषधि के द्वारा असमय आने वाले बुढ़ापे को प्रभावी रूप से धीमा किया जा सकता है।




#### आने वाले वर्षों में एंटी-एजिंग उपचार की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएगा

*इस अवसर पर पतंजलि अनुसंधान संस्थान के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि यह शोध उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है जो बढ़ती आयु और उस कारण त्वचा पर असमय होने वाली झुर्रियों से चिंतित हैं। इम्यूनोग्रिट मात्र एक हर्बल सप्लीमेंट नहीं, अपितु एक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित आयुर्वेदिक समाधान है, जो आने वाले वर्षों में एंटी-एजिंग उपचार की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारा यह प्रयास पुष्टि करता है कि जब परंपरा और विज्ञान साथ आते हैं, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। इस अध्ययन में पाया गया कि इम्यूनोग्रिट बुढ़ापे के कारण त्वचा की कोशिकाओं में होने वाले बदलावों को नियंत्रित करने में कारगर है। साथ ही, इम्यूनोग्रिट ने डी -गैलेक्टोज के कारण त्वचा कोशिकाओं में उत्पन्न होने वाला बुढ़ापा और ऑक्सीडेटिव तनाव के प्रभाव को कम किया। इम्यूनोग्रिट ने बुढ़ापे की पहचान माने जाने वाले पी16, पी21, पी53 और बी-गैलेक्टोसिडेज बायोमार्कर को भी संतुलित किया, जिससे त्वचा में लचीलापन बना रहा।*

#### जड़ी-बूटियां बलवर्धक, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली एवं आयु को बढ़ने से रोकने वाली विशेषताओं से निहित

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि तनाव, चिंता, प्रदूषण और गलत जीवनशैली हमें असमय बुढ़ापे की ओर ले जा रही है। आजकल 35-40 वर्ष की आयु में चेहरे पर झुर्रियां, माथे पर लकीरे होना आम बात हो गई है। एलोपैथिक चिकित्सा और महंगे-महंगे इंजेक्शन द्वारा लोग इस समस्या का अस्थाई समाधान खोजने में लगे हैं। परंतु इस समस्या का हल भी हमारे पौराणिक ग्रंथों में ही निहित है, हमने अष्टवर्ग जड़ी-बूटियों को वर्तमान युग के अनुरूप, वैज्ञानिक प्रमाणिकता के साथ इम्युनोग्रिट के रूप में प्रस्तुत किया है। आयुर्वेद के अनुसार अष्टवर्ग जड़ी-बूटियां बलवर्धक, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली एवं आयु को बढ़ने से रोकने वाली विशेषताओं से निहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद की शक्ति को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। यह हमारी परंपरा और हमारे ऋषि-मुनियों का ज्ञान है। अब वह समय दूर नहीं जब भारत ही नहीं, पूरा विश्व आयुर्वेद को अपनी चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता देगा। इम्यूनोग्रिट औषधि विदारीकंद, मेदा, शतावरी, ककोली, क्षीरककोली, रिद्धि, वाराहीकंद, बला, सफ़ेद मूसली, शुद्ध कौंच, अश्वगंधा से बनी है जिन्हें हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथों में बुढ़ापे को मंद करने वाला माना गया है।

## नगद में ज्वेलरी खरीदी की लिमिट 2 लाख रुपए से अधिक हो

# सराफा कारोबारियों ने केंद्र सरकार से ज्वेलरी पर लगे जीएसटी व इंपोर्ट ड्यूटी टैक्स में की कटौती की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

सर्राफा कारोबारियों ने केंद्र सरकार से ज्वेलरी पर लगे जीएसटी और इंपोर्ट ड्यूटी टैक्स में कटौती की मांग की है, इसके साथ ही मौजूदा समय में पेन कार्ड अनिवार्यता की लिमिट जो 2 लाख रुपए तक निर्धारित है, इसे बढ़ाकर 4 लाख रुपए से अधिक किया जाए। क्योंकि सोना 30 लाख रुपए प्रति किलो बढ़कर मौजूद समय 1 करोड़ रुपए से अधिक हो गया है तो वहीं चांदी 35 हजार रुपए उछलकर 1 लाख 15 हजार रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है। अतः उपभोक्ता हित को ध्यान में रखते हुए नगद खरीदी लिमिट बढ़ाई जाए। ताकि उपभोक्ताओं पर टैक्स का बोझ कम हो, बाजार में मंदी से बचाया जा सके और व्यापार को बढ़ावा मिलें।

कारोबारी ने कहाकि मौजूदा समय में सोने -चांदी के भाव ऐतिहासिक ऊंचाई पर है। वर्तमान में 2 लाख रुपए में 20 ग्राम की सोने की ज्वेलरी भी ग्राहकों को नहीं मिल पाती है अतः सरकार नगद में ज्वैलरी खरीदी की लिमिट 2 लाख रुपए को दोगुना करें और फिर इस पर पैन कार्ड अनिवार्य का निर्धारण करें।




#### जीएसटी और इंपोर्ट ड्यूटी कम करे सरकार

*सराफा व्यापारियों ने कहाकि बैंक एवं सरकार द्वारा ऑथराइज बुलियन डीलर कंपनी के पास सस्ते दाम पर सोना उपलब्ध होगा तो भारत में चोरी-छुपे आने वाले सोने पर रोक लगेगी। जिस दिन नगद में सोना बिकना महंगा हो जाएगा, उस दिन से आरटीजीएस -एनईएफटी के माध्यम और सोने -चांदी की ज्वेलरी इंडस्ट्रीज में सभी बिलिंग से ही बेचने के लिए बाध्य हो जाएंगे। व्यवसायियों ने कहा घरेलू बाजार में सोने-चांदी के भाव काफी बढ़ गए हैं । ऐसे में अतः केंद्र सरकार जीएसटी और इंपोर्ट ड्यूटी को कम करती है तो उनको टैक्स कलेक्शन में नुकसान नहीं होगा। आसानी बैंक के माध्यम से सोने का कारोबार के साथ टैक्स कलेक्शन कई गुना बढ़ जाएगा ।*

#### डर और खौफ की तलवार नहीं लटकनी चाहिए

*कारोबारियों ने कहाकि सरकार टैक्स सिस्टम दर, अन्य व्यापारी- उद्योग पर लगने वाले कानून को सरलीकरण करना चाहिए, जिससे हर व्यवसाय सेक्टर का व्यापारी, उद्योगपति आगे होकर पूरा व्यवसाय बैंकिंग और अकाउंटिंग के माध्यम से खुद स्वेच्छा से करना शुरू करने के लिए बाध्य हो जाएगा। अगर पेचीदा और डर वाला कानून होगा तो सिस्टम में आने से हर कोई डरेगा। अतः कानून सरल और फ्रेंडली हो। डर और खौफ की तलवार नहीं लटकनी चाहिए।*

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स एंड पेटेंट्स इन फार्मास्यूटिकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह सम्मेलन मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के सहयोग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए डॉ. विकास शेंडे (प्रमुख वैज्ञानिक, एमपीसीएसटी ), डॉ. एन.के. चौबे (पूर्व वरिष्ठ प्रमुख वैज्ञानिक एवं पूर्व प्रमुख, आईपीएफसी–एमपीसीएसटी, भोपाल), डॉ. वरुण बजाज (एसोसिएट प्रोफेसर, मैनिट, भोपाल), डॉ. अनुपम चौकसे (कुलाधिपति, जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी डॉ. अभिनीत ए. गोयल (ग्रुप डायरेक्टर–आरएंडडी, एलएनसीटी ग्रुप) तथा डॉ. एन.के. थापक (कुलगुरु, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी जैसे विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। स्वागत भाषण डॉ. ए.के. सिंघई (निदेशक, स्कूल ऑफ फार्मेसी एवं डीन एकेडमिक्स, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी), सम्मेलन में डॉ. एन.के. चौबे, डॉ. वरुण बजाज एवं डॉ. अभिनीत ए. गोयल ने मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किए तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व एवं फार्मास्यूटिकल अनुसंधान एवं विकास में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन डॉ. आशीष जैन (आयोजन सचिव) द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

### फ्रेयर एनर्जी ने भोपाल में शुरू किया 'प्रथम अनुभव केंद्र'



**भोपाल ।** फ्रेयर एनर्जी जो घरों एवं व्यवसायों के लिए रूफटॉप सोलर कंपनी है ने भोपाल में अपना 'प्रथम अनुभव केंद्र' आरंभ किया है। इसी के साथ फ्रेयर एनर्जी ने मध्य प्रदेश में 4.3 मेगावाट का रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित कर लिया है, जबकि अकेले भोपाल में हीं 1.20 मेगावाट रूफटॉप सोलर स्थापित हुआ है। मध्य प्रदेश सरकार 2028 तक 20,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने के लिए कटिबद्ध है। इसी दिशा में आगे बढ़ाते हुए, कंपनी 2027 तक राज्य में कुल 37.7 मेगावाट क्षमता का लक्ष्य लेकर चल रही है, जो मध्य प्रदेश की रूफटॉप सोलर क्षमता का सम्पूर्ण दोहन करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। फ्रेयर एनर्जी की सह-संस्थापक एवं निदेशक मिस राधिका चौधरी ने कहाकि भोपाल सौर अनुभव केंद्र घरों और छोटे व्यवसायों को सोलर पैनल और इंवर्टर से लेकर केबल, संरचनाओं और लाइटनिंग अरेस्टर तक सोलर सिस्टम के प्रत्येक घटक– के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी प्राप्त करने का मौका देता है। फ्रेयर भोपाल को एक सौर नगरी बनाने का सपना देखता है। शहर में 1,322 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता है और कुल 3.27 लाख सोलर रूफटॉप लगाए जा सकते हैं। मिसरोद, हथाईखेड़ा, सनखेड़ी, भानपुर और गोविंदपुरा जैसे इलाकों में इसे बड़े पैमाने पर अपनाया जा सकता है। फ्रेयर एनर्जी के प्रबंध निदेशक सौरभ मर्दा ने कहाकि शहर में छतों पर लगाए जा रहे सोलर पैनलों की संख्या में तेज वृद्धि हुई है पिछले 2 वर्षों में यह लगभग दोगुनी हो गई है। हमारा अनुभव केंद्र और डिजिटल-फर्स्ट फ्रेयर ऐप साथ मिलकर एक सहज, विश्वसनीय और सुसंगत सौर अनुभव प्रदान करते हैं।

### एवीजी ने हासिल किया 125 करोड़ का राजस्व

**नई दिल्ली।** एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने असंविक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कंपनी ने 125 करोड़ रुपए का राजस्व और 7 करोड़ रुपए का कर पूर्व शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक संजय गुप्ता ने बताया कि वित्त वर्ष 27 से शुरू होने वाले 100 करोड़ रु.की अनुमानित वार्षिक राजस्व क्षमता के साथ पूर्ण ट्रक लोड , लिक्विड लॉजिस्टिक्स, कोल्ड चेन और ग्रीन फ्लीट्स में परिसंपत्ति खरीद के लिए कंपनी को वित्त वर्ष 26 में पूंजीगत व्यय का समर्थन करने के लिए दो प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से 112 करोड़ रुपए तक की ऋण वित्तपोषण स्वीकृतियाँ प्राप्त हुईं।

### दस नं.मार्केट व्यापारी संघ ने सिंधियत यात्रा का किया पुष्पवर्षा कर स्वागत



**भोपाल।** सिंधी समाज के पवित्र चलिहा पर्व के समापन के उपलक्ष्य में पंडित रवि महाराज द्वारा आयोजित सिंधियत यात्रा का स्वागत सत्कार 10 न मार्केट व्यापारी संघ द्वारा पुष्पवर्षा कर हर्षोउल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर सुरजीत सिंह चौहान, पूर्व अध्यक्ष नगर निगम अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोइथानी, अमृत गहलोत, विनोद खटवानी, ऐफाज भाई,रॉकी भाई,सुनील सचदेवा, पप्पू आहूजा, लक्मन बिजलानी, रवि तख्तानी,जीतू भाई,नीतू भाई,भरत मंगनानी, करन गललानी,अशोक वाधवानी, अनिल आहूजा, सहित बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग उपस्थित रहा।

### मलाबार गोल्ड को ग्राहक पोर्टफोलियो में शामिल किया खजांची ने

**नई दिल्ली ।** खजांची ज्वेलर्स लिमिटेड ने सफलतापूर्वक मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स लिमिटेड को अपने ग्राहक पोर्टफोलियो में शामिल किया है। यह विकास कंपनी की संस्थागत व्यवसाय रणनीति में एक साहसिक कदम है और इसके उत्पाद डिज़ाइन क्षमताओं, आपूर्ति की क्षमता और संचालन में विश्वास की स्पष्ट पुष्टि करता है। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मलाबार ग्रुप की प्रमुख कंपनी है, जो भारत की एक अग्रणी विविधीकृत व्यापार समुच्चय है। 1993 में केरल में स्थापित, यह कंपनी विश्व के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेलर्स में से एक बन गई है, जिसका नेटवर्क 13 देशों में 400 से अधिक आउटलेट्स तक फैला हुआ है और इसकी उपस्थिति भारत, मध्य पूर्व, फार ईस्ट, अमेरिका, यूके, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया तक है।

### नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल ने कम किया कार्बन उत्सर्जन

**नई दिल्ली।** निजी दूरसंचार सेवा कंपनी भारती एयरटेल की सहायक कंपनी नेक्स्ट्रा डेटा लिमिटेड (नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल) ने वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में कार्बन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत अधिक कमी करने में सफलता प्राप्त की है। एयरटेल ने अपनी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2024-25 में यह जानकारी दी है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस रिपोर्ट में सस्टेनेबिलिटी के तीन स्तंभों में नेक्स्ट्रा की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है – स्वच्छ ऊर्जा और स्मार्ट संचालन के माध्यम से पर्यावरणीय असर कम करना, सामाजिक समावेश और सुरक्षा को बढ़ावा देना और पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ बेहतर कॉरपोरेट प्रशासन सुनिश्चित करना। नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष अरोड़ा ने कहा, "नेक्स्ट्रा में, सस्टेनेबिलिटी एक मुख्य व्यावसायिक आवश्यकता है। इस साल हमने आरई100 पहल में शामिल होने वाले देश के पहले डेटा सेंटर और केवल 14वीं कंपनी बनकर उद्योग के लिए नये बेंचमार्क स्थापित किये हैं, साथ ही अपने सभी परिचालनों के लिए 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ऊर्जा दक्षता और बेहतर परिचालन प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने वाले देश के पहले डेटा सेंटर भी हैं।

# केनरा बैंक का रिटेल मेगा एक्सपो 300 से अधिक ग्राहक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा नर्मदा क्लब, भोपाल में रिटेल मेगा एक्सपो का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैनरा बैंक के महाप्रबंधक एवं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी वेंकटेश प्रसाद उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर जीएम प्रवीण डी. काबरा, डीजीएम थोटा रविचंद्रा, जीडीएम सुबोध कुमार, जीडीएम बलविंदर तथा डीएम श्रवण कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 300 से अधिक ग्राहकों एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान कैनरा बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं को प्रस्तुत किया गया तथा ग्राहकों को हाउसिंग लोन, वाहन लोन एवं शिक्षा लोन के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कैनरा बैंक भोपाल द्वारा आयोजित यह एक्सपो ग्राहकों के साथ जुड़ाव को और मज़बूत बनाने तथा बैंकिंग सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

**आम सूचना**

**म.नं. 175, ग्राम नजीराबाद, ब्लॉक ख.नं. 19, वार्ड नं. 8, तह. बैरसिया, जिला भोपाल**

मेरे पक्षकार DMI हाऊसिंग फाईनेस प्रा. लि. शाखा जोन-2 एमपी नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव ने अपनी 01 संपत्ति जो कि म.नं. 175, ग्राम नजीराबाद, ब्लॉक खन 19 (S), वार्ड न. 08. तह. बैरसिया,जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है. को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति की नाप 1225 वर्गफिट होकर चर्तुसीमायें पूरब- आम रास्ता, पश्चिम- नवेद खां का मकान, उत्तर-घीसीलाल माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में महेश नामदेव है। उक्त संपत्ति श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव की पैतृक संपत्ति है उक्त संपत्ति का ग्राम पंचायत, नजीराबाद में नामान्तरण भी दर्ज है व पंचायत के पंजी लेखो में श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव का नाम दर्ज होकर नामांतरण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र व संपत्ति भुगतान की पावती जारी की गई है। इस प्रकार से उक्त संपत्ति पर श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव का स्वामित्व चला आ रहा है। तत्पश्चात् श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव व उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव के मध्य एक सह-स्वामित्व विलेख का पंजीयन हुआ जो कि उप-पंजीयक कार्यालय, बैरसिया मो ई-पंजीकरण संख्या MP431GR1601 2025A100644430 दिनांक 23/07/25 पर पंजीकृत है। इस प्रकार श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव एव श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव का उक्त संपत्ति पर बराबर व वैधानिक स्वामित्व माना गया है। संपत्ति से सबंधित सभी दस्तावेज जैसे कि भवन अनुमति, अनापत्ति प्रमाण-पत्र इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखें गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण भार दान, बधंक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें । यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा ।

**भवदीय (अभिषेक पंसारी)** (अधिवक्ता)
ऑफ शॉप नं. 02, डिस्ट्रिक्ट बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 मोबाइल: 9993186085

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल
नरेला शंकरी शाखा, भोपाल

**आधिपत्य सूचना (चल/अचल संपत्ति)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी, जमानतदार एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।
ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।
ऋणकर्ता जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम | चल एवं अचल बंधक संपत्ति का विवरण / चौहद्दी /संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | मांग सूचना के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणीः **1. श्रीमती रुपाली शर्मा पत्नि स्व. श्री सुनील शर्मा 2. श्री सुनील शर्मा पुत्र स्व. श्री शंकरलाल शर्मा** | फ्लैट क्रमांक ए-3/202, ब्लॉक क्रमांक 03, द्वितीय तल, फॉर्च्यून डिवाइन सिटी, ग्राम मिसरोद, होशंगाबाद रोड, तहसील हुजूर, वार्ड क्रमांक 53 (पुराना वार्ड क्रमांक 52) जिला भोपाल क्षेत्रफल-765 वर्गफुट संपत्ति मालिक- श्री सुनील शर्मा एवं श्रीमती रूपाली शर्मा चर्तुसीमाएं- पूर्व - फ्लैट क्रमांक अ-3/201, पश्चिम - सड़क, उत्तर - कॉमन एरिया, दक्षिण - खुली जमीन | 03.04.2025 / 22.08.2025 | दि. 03/04/25 को ₹ 20,64,545.41 +ब्याज एवं खर्चे |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 22.08.2025
प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

## चिंतन

# साल दर साल आने वाली बाढ़ का जिम्मेदार कौन

भारत न केवल सांस्कृतिक विविधताओं का देश है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भरा भी है। यहां हर साल बाढ़ से भारी आर्थिक नुकसान होता है। सैकड़ों लोगों की बाढ़ की चपेट आकर मौत हो जाती है। हर साल हर राज्य में बाढ़ बचाव के नाम पर अरबों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन बरसात आते ही सारे इंतजाम धरे के धरे रहे जाते हैं। बाढ़ की वजह से लाखों, करोड़ों नहीं बल्कि अरबों की संपत्ति का नुकसान हर साल होता है। लाखों की संख्या में लोग बेघर हो जाते हैं। हर साल बाढ़ के चलते बड़े पैमाने पर किसान तबाह होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बाढ़ के चलते हर दशक लगभग 567 खरब रुपये का नुकसान होता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 1978 में बाढ़ से बचाव के लिए 1727.12 करोड़ रुपये की परियोजना बनाई थी। वहीं, यह 2019 में बढ़कर 13238.36 करोड़ रुपये का हो गया। जबकि 2024 में यह बजट 11500 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024 में संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि 1953-2017 तक बारिश और बाढ़ की वजह से देश को 3,65,860 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और 1,07,487 लाख लोग बाढ़ और बारिश की वजह से मारे गए। मतलब हर साल 5628.62 करोड़ रुपये का आर्थिक और 1700 लोग की मौत का नुकसान उठाने को हम भारतीय अभिशप्त हैं, लेकिन बाढ़ है कि साल दर साल विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसी साल अब तक मानसून के मौसम में हजारों लोग बाढ़ या बादल फटने के कारण जान गंवा चुके हैं। राजस्थान के कई इलाकों में पिछले 2 दिन से भारी बारिश हो रही है। जयपुर, सीकर के कई इलाकों में पानी भर गया है। सीकर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक डूब गया। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर 23 अगस्त से पानी भरा हुआ है। खेरवाड़ा-झाड़ोल मार्ग सोम नदी का पानी आने से बंद है। सवाई माधोपुर में बारिश के बाद करीब 50 फीट जमीन धंस गई है। उतरप्रदेश में बारिश से चंदौली में घाघरा नदी पर बना मुसाहिबपुर बांध अचानक टूट गया। इसका पानी 5 गांवों में घुस गया है। उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं, झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के हालात हैं। हिमाचल, उतराखंड़ में बार-बार बादल फटने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इकोनॉमिक लॉसेज, पॉवर्टी एंड डिजास्टर 1998-2017 नाम से जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ और सूखा ये ऐसी प्राकृतिक आपदा हैं जो एक बड़ी आबादी को गरीबी की ओर धकेलती हैं। ऐसा नहीं है कि इसके लिए केवल केंद्र या राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। आप और हम भी बाढ़ और जलभराव के लिए जिम्मेदार हैं। हम लोगों ने अपनी सुविधा के लिए जल संचय के संसाधनों को पाट दिया है। तालाब और झीलें बीते जमाने की कहानियां बनकर रह गई हैं। बढ़ती आबादी और आधुनिकता की दौड़ में हम भूल गए कि मानसून में जो पानी बरसेगा, वो जाएगा कहां। पहले हर गांव में एक बड़ा तालाब होता था। जहां बरसात का पानी न केवल संचित होता था बल्कि सालभर खेती व अन्य जरूरतों में उपयोग भी किया जाता था। हमें एक बार फिर उसी ओर मुड़ने की जरूरत है तभी हम बाढ़ जैसी आपदाओं से कुछ हद तक निपट सकते हैं।



आर्थिकी
सतीश सिंह

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा है कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

# ब्याज दरों में कटौती का वैश्विक प्रभाव

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने 22 अगस्त को फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। श्री पावेल के अनुसार अमेरिका में रोजगार संकट का दौर चल रहा है। हाल के महीनों में कामगारों की मांग और आपूर्ति दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है। खास करके जुलाई महीने में पिछले महीनों की तुलना में रोजगार में वृद्धि पहले की तुलना में काफी कम हुई है। साथ ही, आगामी महीनों में भी कामगारों की छंटनी की संभावना बनी हुई है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

पॉवेल ने यह भी कहा कि टैरिफ का असर अब उपभोक्ता कीमतों पर साफ-साफ़ परिलक्षित हो रहा है, लेकिन यह प्रभाव ज्यादा समय तक बना नहीं रहेगा। हालांकि,उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई डायन का प्रकोप लंबे समय तक बना रह सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक भी अमेरिका में रोजगार एवं महंगाई जनित जोखिमों को नियंत्रित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण नीतिगत ब्याजों दरों में कटौती की जरूरत महसूस की जा रही है। वैसे, निवेशकों को पहले से उम्मीद थी कि फेडरल रिजर्व सितम्बर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, लेकिन पावेल के ताजा बयान से यह लगभग निश्चित हो गया है कि सितम्बर में फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करेगा। वैसे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों में कटौती के लिए दबाव बना रहे हैं, ताकि अमेरिका विकास की धीमी गति या मंदी के दौर से बाहर निकल सके। फेडरल रिजर्व के अनुसार बेरोजगारी दर कम होने और सिर्फ महंगाई की आशंका से नीतिगत ब्याज दरों में इजाफा नहीं किया जाएगा, लेकिन अगर कामगारों की छंटनी होगी या अन्य कारणों से महंगाई बढ़ेगी तब निश्चित रूप से ब्याज दरों को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। पॉवेल ने 2 प्रतिशत महंगाई लक्ष्य को बनाए रखने पर जोर दिया है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुवा माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनिया भर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। वैसे, सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता रहा है। फेडरल रिजर्व के मौजूदा रुख से माना जा रहा है कि दुनिया के प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रखेंगे या ब्याज दरों में कटौती करेंगे।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 6 अगस्त की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 5.50% पर बरक़रार रखा,



जबकि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25% पर और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) व बैंक दर 5.75%के स्तर पर रही। राजग सरकार और रिजर्व बैंक विकास दर में तेजी लाना चाहते हैं, जिसके लिए रेपो दर को यथावत रखना या कम करना जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के 3.1% के स्तर पर रहने का अनुमान जताया, जो पिछले अनुमानों से कम है, जबकि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है, यह केंद्रीय बैंक की मुद्रास्फीति प्रबंधन के प्रति सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि मजबूत निजी खपत और सरकारी पूंजीगत व्यय की वजह से घरेलू विकास लचीला बना हुआ है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर बने कारोबारी तनाव विकास के मार्ग में अवरोध पैदा करते रहेंगे, लेकिन रिजर्व बैंक इस पर नियंत्रण रखने में कामयाब रहेगा ऐसी आशा है। अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर को कम करने के प्रस्ताव के पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी, कारोबारी जंग, फेडरल रिजर्व की महंगाई और रोजगार संकट के प्रति बढ़ती आशंका आदि हैं, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है और इसमें तेजी लाने के लिए नीतिगत ब्याज दरों को कम करना जरूरी है। माना जा रहा है कि ब्याज दरों में कटौती से उधारी का उठाव बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

अमेरिका की तरह चीन में भी उत्पादन, खपत आदि मापदंडों की वृद्धि गति अपेक्षा से अधिक धीमी है। वहां, जीडीपी वृद्धि वर्ष 2024 में 5% रही थी, जबकि वर्ष 2025 में इसके 3.95% रहने की संभावना है। चीन में जुलाई महीने में मुद्रास्फीति 0 प्रतिशत रही, जो सितम्बर 2022 में 2.8 प्रतिशत रही थी, जबकि वर्ष 2024 में वहां औसत वार्षिक मुद्रास्फीति 2.8 प्रतिशत रही। विकास दर में तेजी लाने के लिए चीन का केंद्रीय बैंक, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने उधारी दरों में हाल में कटौती की है, ताकि विकास की गति में तेजी आये। चीन सुशासन की समस्या से भी जूझ रहा है, जिसके कारण विदेशी निवेशक वहां निवेश करने से परहेज कर रहे हैं और कुछ निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं। सांख्यिकी कार्यालय यूरोस्टेट के जुलाई के आंकड़ों के अनुसार यूरोपीय संघ में 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 1.0% रही थी, जबकि 2023 में यह 0.7% रही थी, वहीं, 2025 में यूरो जोन में महंगाई दर 2.0% रही थी। यूरोपीय संघ में यह 2.3% रही थी। यूनाइटेड किंगडम (यूके) में मुद्रास्फीति दर जुलाई 2025 में 3.8% रही, जबकि जून 2025 में यह 3.6% रही थी। वहीं, वहां विकास दर 2025 की दूसरी तिमाही में 0.3% रही, जबकि 2025 की पहली तिमाही में यह 0.7% रही थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने वर्ष 2025 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कम करके 2.8% कर दिया है, जबकि वर्ष 2026 के दौरान इसके 3.0% रहने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2025 में अमेरिका में 1.8% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, जो अपेक्षा से बहुत कम है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में भी कमी आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में ऐसे देशों में विकास दर 3.7% रह सकती है, जो वैश्विक औसत 2.8% से अधिक है। कहा जा सकता है कि आज भी कुछ अपवादों को छोड़कर दुनिया के सभी देश फेडरल रिजर्व की नीतियों का अनुसरण करते हैं। भारत को छोड़कर दुनिया के सभी प्रमुख देशों की विकास दर धीमी है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विमर्श
सपना बंसल



# शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बदलाव की जरूरत

वर्तमान में भारत तरक्की और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कदापि एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे नेतृत्व कौशल पर न केवल सवाल उठाए जाते थे अपितु हिंदुस्तान पर विदेशी ताकतों का हुकूमत करना भारतीयों के नेतृत्व कौशल की कमी दर्शाता था। आज सभी भारतवासी गौरवान्वित महसूस करते हैं, जब सुर्खियों में पाते हैं कि पश्चिमी देश भारत की अगुवाई में अपना मार्गदर्शन करना चाहते हैं। संभवतः यह एक सुखद अहसास भी दिलाता है, परंतु यहां प्रश्न यह है कि क्या सड़कें, बंदरगाहों, हवाई अड्डे जैसे फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना से हम उस मुकाम को हासिल कर सकते हैं जिसके सही मायने में हम हकदार हैं। समृद्ध, सक्षम, समर्थ राष्ट्र के निर्माण में कदापि आवश्यकता है तो (ह्यूमन इंफ्रास्ट्रक्चर) कुशल शिक्षित युवाओं की। हमें आज लाखों ऐसे युवा चाहिए जिनमें सोचने-समझने की क्षमता दूरदृष्टि और एक बेहतर कल के निर्माण की क्षमता हो। मैं यहां यह नहीं कह रही कि भारत में मेधावी और होनहार छात्र नहीं हैं, इस बात में कोई संकोच नहीं है कि भारत के छात्र ही यूनिकॉर्न के संस्थापक, इन्वेंटर्स, शीर्ष वकील और सर्जन बने हैं लेकिन वह अपवाद हैं। जब सभी छात्रों की बात आती है तो चीज इतनी उजली नहीं लगती। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आधे से अधिक भारतीय स्नातक बेरोजगार हैं। ऐसा क्यों है, यकीनन इसका अधिकांश श्रेय हमारी शिक्षण प्रणाली को जाता है क्योंकि बदलते परिवेश में परंपरागत रुढ़िवादी शिक्षण प्रणाली युवाओं के लिए कारगर साबित नहीं हो सकती। आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप और यूट्यूब की वीडियो से पढ़ना चाहता है, किंतु यूट्यूब पर देखी हुई वीडियो बौद्धिक गहराई, एकाग्रता और संज्ञानात्मक रूप में पिछड़े रूप में होती है। इसका यह तात्पर्य यह नहीं कि हम उन्हें चौक बोर्ड पर पढ़ायें, यह आज का युवा है 'जेनरेशन जेड' जो मानसिक विकास लिए हुए ही पृथ्वी पर उत्पन्न हुआ है । जिनके लिए हमें शिक्षण के तरीके,पाठ्यक्रम की रूपरेखा और तकनीकी को बदलना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब हमारी कमाई का एक चौथाई हिस्सा नवीनतम और अच्छी शिक्षा पाने के लिए विदेशों में खर्च हो जाएगा।



रिसर्च सेंटर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए 1.8 मिलियन भारतीय युवा अमेरिका, कनाडा और यूरोप पहुंच रहे हैं। निसंदेह वहां की पढ़ाई विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती होंगी, जैसा कि कनाडा में पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) अमेरिका और यूरोप की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और बेहतरीन अनुसंधान के अवसर भारतीय युवाओं को आकर्षित करते हैं। कदापि यह विकल्प न ही समाज और उनके परिवार के हित में है और ना ही देश हित में। उच्चतर शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में भारत विश्व का सबसे बड़ा पारिस्थितिक तंत्र संभाले हुए है परंतु उसे गुणवत्ता, गुणात्मक अनुसंधान और पहुंच संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन ने जिस युवा आबादी की ताकत से आर्थिक उड़ान भरी थी, आज वो हमारे पास है। जहां 33 साल पहले (1992) चीन खड़ा था, आज हम वहीं पर हैं। चीन की आबादी में 85 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में शामिल थे। आज हमारे 52 प्रतिशत ही वर्कफोर्स का हिस्सा हैं यानी बेहतर शिक्षा और स्किल ट्रेनिंग के दम पर हम 30 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में और जोड़ सकते हैं और भारत की अर्थव्यवस्था बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं। अगर कार्यशील आयु वर्ग के लोगों को समय रहते आवश्यक कौशल प्राप्त नहीं होगा, तो वे अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादक नहीं बन पाएंगे, जिससे जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। भारत के पास दो दशक ही बाकी हैं, इस लाभांश को प्राप्त करने के लिए। इसके लिए सरकार को शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, और रोज़गार सृजन पर ज़ोर देना होगा ताकि देश के युवा कार्यबल को पूरी तरह से नियोजित किया जा सके। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी युवा आबादी को अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, जिससे वे भविष्य के कार्यबल के लिए तैयार हो सकें। सारांश रूप में हम कह सकते हैं कि वर्तमान में शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बल्कि बदलाव की जरूरत है।

( लेखिका सहायक प्राध्यापिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व



संकलित
**दर्शन**

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थी गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## सटाका




## आज की पाती


### राहुल और तेजस्वी पारिवारिक विरासत सम्भाल रहे

राहुल और तेजस्वी यादव का बहुत गहरा याराना है। दोनों ही नेताओं के बीच बिहार में मतदाता सूची को लेकर काफी चिंता है। तेजस्वी की राह पर राहुल चल रहे हैं। कांग्रेस-राजद गठबंधन नही है,लेकिन डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। बिहार में नया राजनीतिक प्रयोग प्रारंभ हुआ है। लेकिन ये दोनों परस्पर विरोधी गठबंधन थे। कांग्रेस का वर्चस्व 1967 में टूटा। तब गैर कांग्रेस वाद का प्रयोग प्रारंभ हुआ। उसी के राजनीतिक परिणाम है, लालू प्रसाद यादव। उस प्रयोग ने ही अनेक टेढ़े-मेडे खतरनाक रास्ते पार किए। कांग्रेस को हासिए पर पहुंचा दिया। उसे भुलाना लालू के लिए आसान नहीं है,लेकिन तेजस्वी को उसको याद भी नहीं है। उनकी पारिवारिक विरासत राहुल संभाल रहे हैं, राजनीतिक विरासत नहीं। यही बात तेजस्वी यादव पर भी लागू होती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### विमलेंद्र का निधन दुःखद



राजसदन अयोध्या के मुखिया, राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन अत्यंत दुःखद है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रभु श्री राम उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### लाठीचार्ज शर्मनाक



रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज - शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- मिली क्या? लाठियां।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### यमुना नदी की सफाई



मां यमुना अब स्वच्छ होगी। अभी तक दिल्ली में विपक्ष के समर्थन वाली सरकार थी। वर्तमान दिल्ली सरकार ने हरियाणा के साथ मिलकर यमुना नदी की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। 4 माह में 16,000 मीट्रिक टन कचरा साफ किया है।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### अपराधी कहना अनुचित



लोग जिन्हें दिशोम गुरु कहते हैं, वह कई गंभीर आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में बंद रहे। सूर्या हांसदा पर भी अनेक मामलों में आरोप लगे। झामुमो द्वारा उन्हें अपराधी कहना अनुचित है। किसी को अपराधी घोषित करने का अधिकार केवल न्यायालय के पास है, जनप्रतिनिधियों के पास नहीं।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

### चीन ने शिपकी-ला के रास्ते व्यापार पर सहमति जताई

चीन ने अपने विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में शिपकी-ला के रास्ते व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।



हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। यह व्यापार कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्य सरकार को बताया कि भारत सरकार ने तीनों बिंदुओं - शिपकी-ला (हिमाचल प्रदेश), लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथू ला (सिक्किम) के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए चीन के साथ चर्चा शुरू कर दी है। बयान में कहा गया, 'शिपकी-ला (किन्नौर) के रास्ते चीन के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के लिए हिमाचल सरकार लगातार प्रयास कर रही थी, जिसके उत्साहजनक नतीजे सामने आए हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान चीन सरकार ने इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।' राज्य सरकार ने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण मिली, जिन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर ऐतिहासिक भारत-तिब्बत व्यापार मार्ग को फिर से खोलने का आग्रह किया था।

## ऑफ बीट

### कम पानी पीने से आ सकता है तनाव, संभालने में दिक्कत

अधिकांश लोग जानते हैं कि उन्हें अधिक पानी पीना चाहिए, लेकिन हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि कम पानी पीने का एक अप्रत्याशित परिणाम यह



हो सकता है : इससे रोजमर्रा के तनाव को संभालना काफी कठिन हो सकता है। 'जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी' में प्रकाशित हमारे अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन 1.5 लीटर से कम पानी पीते हैं, उनमें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर 'कोर्टिसोल' का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ जाता है। 'कोर्टिसोल' शरीर का प्राथमिक तनाव हार्मोन होता है। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि लम्बे समय तक पानी की कमी तनाव की प्रतिक्रिया को उस तरह बढ़ा सकती है, जिसे हम अभी समझना शुरू ही कर रहे हैं। हमने स्वस्थ युवा वयस्कों को उनके सामान्य तरल सेवन के आधार पर दो समूहों में विभाजित करके उनका परीक्षण किया। एक समूह प्रतिदिन 1.5 लीटर से भी कम पानी पीता था, जबकि दूसरे समूह ने महिलाओं के लिए लगभग दो लीटर और पुरुषों के लिए 2.5 लीटर की मानक अनुशंसाओं को पार कर लिया। एक सप्ताह तक इन पैटर्न को बनाए रखने के बाद, प्रतिभागियों को सार्वजनिक भाषण और मानसिक अंकगणित से संबंधित एक 'प्रयोगशाला तनाव परीक्षण' का सामना करना पड़ा।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

सुबह स्कूल जाने के लिए हुई थी तैयार, होमवर्क वाली कॉपी नहीं मिलने से मां ने लगाई थी फटकार

# सातवीं कक्षा की छात्रा ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखा जरूरतमंद को कर देना देहदान, टेबल, कंप्यूटर और कमरा छोटे भाई को दे देना...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित ग्लोबल पार्क सिटी में सोमवार सुबह सातवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास टिशू पेपर और कॉपी में लिखा सुसाइड नोट बरामद किया है। सुसाइड नोट में उसने लिखा है मेरे मरने के बाद जरूरत मंद को शरीर देहदान कर देना। इसके अलावा यह भी लिखा है कि मेरा टेबल, कंप्यूटर और कमरा छोटे भाई को दे देना। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार अराध्या सिंह पिता प्रणय सिंह (13) मकान नंबर 31 ग्लोबल पार्क सिटी, कटारा हिल्स में रहती थी। उसके पिता प्रणय सिंह मूलतः सतना के रहने वाले हैं। प्रणय सिंह ने पुलिस को बताया कि वह कंस्ट्रक्शन कारोबारी हैं और ग्लोबल पार्क सिटी में परिवार के साथ रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और बड़ी बेटी अराध्या थी। अराध्या निजी स्कूल में कक्षा सातवीं की छात्रा थी। अराध्या और उसका 7 साल का मजला भाई वेद दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते हैं, जबकि छोटा भाई अन्य स्कूल में पढ़ता है। माता-पिता ने सोमवार सुबह बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार किया। अराध्या और वेद को एक ही स्कूल जाना था।

मां ने अराध्या से चलने का कहा तो उसने बताया कि नागरिक शास्त्र की कॉपी नहीं मिल रही है। उसने काफी तलाश की, लेकिन कॉपी नहीं मिली। इस पर मां ने उसे फटकार लगा दी। इसके बाद मां वेद को लेकर स्कूल छोड़ने चली गई। मां ने कहा था कि कॉपी मिलने के बाद स्कूल आ जाना। कुछ देर बाद सबसे छोटा भाई भी स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया और पिता उसे स्कूल छोड़ने चले गए।

## अपने कमरे में कवर्ड में लगाई बेल्ट से फांसी

साढ़े 8 बजे मां पिता दोनों बच्चों को छोड़ने के लिए स्कूल निकल गए थे। वहां से करीब बीस मिनट बाद साथ घर पहुंचे। अराध्या नीचे कमरे में नजर नहीं आई। मां और पिता ने उसे आवाज दी, लेकिन वह नहीं दिखी। उसे देखने उसके कमरे में पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। बार-बार आवाज देने के बाद भी अराध्या के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से झांककर देखा। इस दौरान आराध्या कवर्ड के हुक में बेल्ट का फंदा बनाकर फांसी पर लटकी नजर आई। परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां से एम्स जाने की सलाह दी गई। एम्स पहुंचने पर पता चला कि अराध्या की मौत हो चुकी है।

### पीएम के बाद सतना ले गए बॉडी

अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अराध्या का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन अराध्या का शव लेकर सतना के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस पीएम के बाद घटनास्थल पर पहुंची थी, वहां से पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया। सुसाइड नोट बरामद कर जांच की जा रही है।

## आभूषण के कारीगर ने ट्रेन से कटकर दी जान

### रविवार दोपहर आखिरी बार 3.55 पर देखे गए थे कारीगर

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित पुराना हबीबगंज नाके से पुलिस ने रविवार शाम एक क्षत विक्षत शव बरामद किया था। घटनास्थल से मिले मोबाइल और विजिटिंग कार्ड से मृतक की पहचान सराफा बाजार में काम करने वाले कारीगर के रूप में कर ली गई। परिजन को शव पीएम के बाद सौंप दिया गया है। उन्होंने आत्महत्या क्यों की इसकी जांच की जा रही है। एसआई भारत सिंह मीणा ने बताया कि रविवार शाम पुराना हबीबगंज नाका के पास से एक क्षत विक्षत शव बरामद किया गया था। शव चार पांच हिस्सों में पड़ा था। बमुश्किल शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस को स्क्रीन टूटा हुआ मोबाइल और विजिटिंग कार्ड मिला। विजिटिंग कार्ड पर कॉल किया गया तो पता चला कि मृतक कमलेश कौशल (74) मकान नंबर 35, जानकी नगर लालघाटी के रहने वाले थे। परिजन को शव मर्चूरी में दिखवाया गया। उनके बेटा दुखी था और उसने शव देखने से मना कर दिया। बाद में मृतक के कपड़े उनके भाई और पत्नी को दिखाए गए। उन्होंने कपड़े के आधार पर कमलेश की पहचान कर ली। परिजन ने बताया कि कमलेश रविवार शाम से लापता थे। आखिरी बार वे 3.55 पर सीसीटीवी कैमरे में देखे गए। इधर, रात करीब साढ़े 12 बजे पुलिस को उनकी स्कूटर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर बंसल वन मॉल के पास मिल गई। अनुमान है कि बंसल वन मॉल के पास स्कूटर खड़ी करने के बाद वह पैदल रेलवे ट्रैक पर निकल गए थे। इसके बाद उन्होंने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

## खबर संक्षेप



### गणेश मंदिर का लोकार्पण शर्मा को दिया आमंत्रण पत्र

**संतनगर।** स्व. कन्छेदीलाल केवट की स्मृति में रोहन केवट (रामू) द्वारा संत हिरदाराम नगर बैहटा गांव में श्री सिद्धी विनायक गणेश मंदिर का निर्माण किया गया, जिसका लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक रामेश्वर शर्मा के सानिध्य में किया जाएगा। लोकर्पण के लिए सोमवार को विधायक रामेश्वर को आमंत्रण-पत्र भेंट किया है। मंदिर का लोकार्पण बुधवार सुबह 11 बजे किया जाएगा।

### विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति के लिए 2 तक करें आवेदन

**भोपाल।** अनुसूचित जाति विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रवृत्ति योजनांतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 2 सितंबर कर दी गई है। योजना में स्नातकोत्तर और पीएचडी के लिए इंजीनियरिंग, प्योर साइंस, एप्लाइड साइंस, एग्रीकल्चर साइंस, मेडिकल, मैनेजमेंट, इंटरनेशनल कॉमर्स, एकाउंटिंग फाइनांस, फॉरेस्ट्री आदि विषयों में छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### सांची विवि में चुनिंदा सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**भोपाल।** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में चुनिंदा सीटों पर प्रवेश का अवसर मिल रहा है। सीयूईटी और अन्य प्रक्रिया की बची हुई सीटों पर विश्वविद्यालय स्तर पर सीधे प्रवेश मिलेगा। छात्रों की आसानी को देखते हुए विवि में विभागीय स्तर पर ही छात्र एडमिशन ले सकेंगे। स्नात्कोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स सहित विवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 28 अगस्त 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

### स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह के पिता वीपी सिंह का निधन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश माध्यम, जनसंपर्क विभाग के पूर्व चीफ एडिटर स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह (पीपी सर) के पिता एवं गुलमोहर व्यापारी संघ, भोपाल के अध्यक्ष वीपी सिंह का रविवार शाम मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। 24 अगस्त, रविवार को शाम करीब 5:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर फ्लाइट से भोपाल लाया गया। उनका अंतिम संस्कार भोपाल के भदभदा विश्राम घाट में सोमवार का किया गया।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 259 | 68 | 125 |
| रात: | 458 | 77 | 368 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 567 | 87 | 566 |
| रात: | 590 | 49 | 225 |

## चूनाभट्टी चौराहा पर हुआ हादसा, कार लेकर आरोपी फरार

# तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्कर, सिर में आई गंभीर चोटों के कारण चालक की हुई मौत

**सिर में** गहरे जख्म होने के कारण फैयाजउद्दीन को जेपी अस्पताल भेजा, वहां कुछ देर बाद मौत हो गई

**टक्कर** इतनी तेज थी कि ऑटो उछलकर दो-तीन पलटियां खाते हुए दूर जा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी चौराहा पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार कार ने सामने जा रहे सवारी ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो सड़क पर दो-तीन बार पलटी खा गया। आसपास मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक को जेपी अस्पताल भेजा था, वहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची थी। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।



पुलिस के अनुसार चर्च रोड जिंसी जहांगीराबाद निवासी फैयाजउद्दीन पिता कमरूद्दीन (45) सवारी ऑटो चलाते थे। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात वह अपने ऑटो से चूनाभट्टी की ओर से अपने घर की ओर आ रहे थे। उसी दौरान चूनाभट्टी चौराहा पर तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो उछलकर पलटियां खाते हुए दूर जा गिरा। सिर में आई गंभीर चोटों के कारण फैयाजउद्दीन को जेपी अस्पताल भेजा गया था।

वहां कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। इधर, मृतक के भाई अमीनउद्दीन ने फैयाजउद्दीन की मौत को संदिग्ध बताया है। उनका कहना है कि घटनास्थल को लेकर पुलिस ही फिलहाल संशय की स्थिति में है। आरोपी चालक और कार को पुलिस अब तक तलाश नहीं कर सकी है। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी व दो बेटे हैं।

**दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा था युवक, रक्षाबंधन में आया था**

### बाइक डिवाइडर से टकराई, भेल अधिकारी के बेटे की मौत

*बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कॉर्पोरेट कॉलेज सड़क पर रविवार देर रात बाइक डिवाइडर से टकराने के कारण भेल अधिकारी का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोस्त उसे गंभीर अवस्था में उसे एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मृतक दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा था और रक्षा बंधन की छुट्टी में भोपाल आया था। रविवार रात दोस्तों के साथ अलग-अलग बाइक से वह घूमने निकला था। इस दौरान तेज बाइक चलाने के कारण हादसा हो गा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार निखिल मीणा पिता उमाशंकर मीणा (24) बरखेड़ा पठानी में रहता था। उसके पिता उमाशंकर मीणा भेल में अधिकारी हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग सिंगरोली में है। निखिल दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहा था। अभी रक्षा बंधन के अवसर पर वह छुट्टी लेकर भोपाल अपने घर आया था। परिजन ने बताया कि रविवार शाम वह दोस्तों के साथ निकला था। इसके बाद रात में उसके साथ हादसा हो गया।*

***अलग-अलग बाइक पर थे तीन दोस्त :*** *पुलिस ने बताया कि निखिल के दोस्तों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह अलग-अलग बाइक पर थे और कॉर्पोरेट कॉलेज की तरफ घूमने गए थे, वहां से लौटते समय तीनों अपनी-अपनी बाइक पर थे। निखिल बाइक पर आगे था। वह काफी तेज बाइक चला रहा था। बाइक अनियंत्रित होने के बाद फिसली और डिवाइडर में टकराई थी। डिवाइडर से बाइक टकराने के कारण निखिल को सिर में गंभीर चोट आई थी।*

### भतीजे के घर रिश्तेदारी में आए ताऊ की सड़क हादसे में मौत

*जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित डी-मार्ट के पास सड़क पार करते समय ऑटो ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। टक्कर लगने से उन्हें सिर और शरीर में गंभीर चोट थी। इलाज के दौरान सोमवार शाम उनकी मौत हो गई। वे नरसिंहपुर से भोपाल कुम्हारपुरा में अपने भतीजे के घर रिश्तेदारी में आए थे, तभी उनके साथ हादसा हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार भगत सिंह उमरेले, साईंखेड़ा, जिला नरसिंहपुर के रहने वाले थे। गत 18 अगस्त को वह अपने भतीजे राकेश कुमार के घर कुम्हारपुरा, राज टॉकीज के पीछे जहांगीराबाद आए थे। 21 अगस्त की दोपहर करीब 1 बजे वह घर से घूमने जाने का कहकर निकले थे। इसके बाद शाम करीब तीन बजे हमीदिया अस्पताल से कॉल आया। कॉलर ने बताया कि उनका डी-मार्ट के पास एक्सीडेंट हो गया है और वह हमीदिया अस्पताल में भर्ती है। राकेश अस्पताल पहुंचा और अपने ताऊ भगत सिंह से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि डी-मार्ट के सामने वह सड़क पार कर रहे थे, तभी किसी अज्ञात ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उन्हें गंभीर चोट आई थी।*



## व्रतधारियों के सम्मान समारोह में झूलेलाल भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

चालीहा साहब मंदिर में चल रहे चालिहा साहब के समापन के बाद उपवास का समापन समारोहपूर्वक हुआ। सोमवार को मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों के व्रत तुड़वाए और उन्हें प्रसाद और उपहार देकर सम्मानित भी किया। समारोह में 50 से अधिक व्रतधारियों का सम्मान हुआ। इस अवसर पर भजन-कीर्तन किए गए। वहीं ढोल बाजों की धुन पर श्रद्धालु खूब झूमें। यहां पर कुंदी देवी रीझवानी, गुलाब जेठानी, मोहन मनवानी, किरण वाधवानी, चन्द्रभान रिझवानी, शेरू भैया सहित माधवदास पारदासानी ने सभी व्रतधारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में चंद्रभान रीझवानी ने सभी की खुशहाली का पल्लव लगाया।

## बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्री के हाथ से मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


भोपाल स्टेशन के पूर्व आउटर पर धीमी गति से चल रही बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में मोबाइल झपटने का मामला सामने आया है। यात्री सीट पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे, तभी एक युवक ने उनके हाथ से मोबाइल झपटा और चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। जीआरपी भोपाल ने यात्री की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ झपटमारी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार त्रिवेन्द्र कुमार गुप्ता (59) आदर्श नगर, कोतवाली बारां जिला बारां, राजस्थान में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि बीकानेर सुपरफास्ट एक्स के पीछे के जनरल कोच में रायपुर से कोटा की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वे सीट पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। भोपाल स्टेशन आने से 5 मिनट पहले जब ट्रेन धीमी गति से चल रही थी, तभी एक अज्ञात युवक अचानक उनके हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकला।

दो दर्जन से ज्यादा जगहों पर लगेंगी झांकियां

## औबेदुल्लागंज में गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर, सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज







नगर में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस बार उत्साह का केंद्र मिट्टी के गणेश हैं। वार्ड 14 में संतोष प्रजापति, तामोट में लक्ष्मी नारायण प्रजापति अपने हाथों से गणेशजी की प्रतिमा बनाते हैं। वे कई वर्षों से मूर्ति बनाने का कार्य कर रहे हैं। भागचंद प्रजापति ने बताया कि हमारा परिवार पिछले 50 वर्षों से गणेश जी की प्रतिमा बनाते आ रहे हैं। हमारे साथ हमारे बड़े बेटे संतोष राहुल और संजय प्रजापति भी सहयोग करते हैं। पूरे क्षेत्र में हमारे द्वारा बनाई गई मूर्तियां स्थापित की जाती है। इस वर्ष भी 70 मूर्तियां बनाने का ऑर्डर आया है। नगर में कई जगह गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। वहीं लोग घरों पर भी गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करते हैं। 20 से 25 जगह झांकियां लगाने के लिए पंडाल बनाए जा रहे हैं, जिसमें अर्जुन नगर, सीताराम चौराहा, महावीर कॉलोनी, वार्ड 2 बरखेड़ा रोड, लोधी मोहल्ला, स्टेशन रोड एवं हिरानिया में आकर्षित लगाई जाती है। इधर बाजारों में भी गणेशजी की प्रतिमा विक्रय के लिए दुकानें सजाई गई है। कई श्रद्धालु तो प्रतिमाएं खरीदकर ले भी गए हैं।



## 40 बच्चों ने सीखा मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाना

**औबेदुल्लागंज।** जीवताशा फाउंडेशन एवं जन अभियान परिषद के सहयोग से ओरिएंटेशन कार्यक्रम व मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला समाजकार्य विभाग द्वारा आयोजित किया गया। समाज कार्य एवं समाजशास्त्र के छात्र-छात्राओं द्वारा ने सहभागिता की। समाज कार्य विभाग के कोऑर्डिनेटर प्रो. शशांक शेखर ठाकुर द्वारा बच्चों को समाज कल्याण की महत्ता को समझाया तथा पर्यावरण को किस तरह सुरक्षित रखा जाता है, इसकी जानकारी दी गई। वहीं जीवताशा फाउंडेशन के सचिव कार्तिक जैन ने भविष्य में समाज कार्य और एनजीओ में रोजगार कैसे प्राप्त किया जाता है इस पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में 40 बच्चों ने गणेशजी की मूर्ति नाना सीखा। साथ ही शपथ ली कि वे इको फ्रेंडली गणेशजी की ही स्थापना करेंगे।

## तंवर राजपूत समाज के आराध्य रामदेव भगवान का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद



बैरसिया तहसील क्षेत्र की समूची तंवर राजपूत समाज ने सोमवार को अपने आराध्य रामदेव भगवान का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। इस दौरान विशाल चल समारोह भी निकाल। चल समारोह में बैरसिया सहित आसपास के जिलों के धर्म प्रेमी बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। चल समारोह नजीराबाद से शुरू होकर भाटनी गांव स्थित रामदेव मन्दिर पहुंची। इस बीच चल समारोह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### पटवा ने रामदेव बाबा की मंदिर में की पूजा-अर्चना



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा सोमवार को ग्राम डांटखेड़ा में रामदेव बाबा के मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर ग्रामीण जनों से चर्चा कर गो रक्षा बात की। इसके बाद विशाल भंडारे शामिल हुए। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, दशरथ गुर्जर, दीपू परमार, जीतू नंदवंशी, लोकेश परमार, संजय प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

**कजलीखेड़ा और गोलजोड़ पर चार जगह छापा**

# आबकारी विभाग की टीम को देखकर कच्ची शराब छोड़ भागे तस्कर, दो महिलाएं पकड़ाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी के आसपास ग्रामीण क्षेत्र में कच्ची शराब को लेकर सोमवार को आबकारी की टीम ने कोलार रोड स्थित कजलीखेड़ा और गोल जोड़ के पास चार जगहों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। कजलीखेड़ा में टीम को देखकर तस्कर महुआ लहान और ड्रम छोड़कर भाग गए, जबकि तीन जगहों पर टीम ने शराब तस्करों को दबोच लिया।

जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया ने बताया कि कजलीखेड़ा और गोल जोड़ के पास चार जगहों पर छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने गीता बाई पत्नी मांगीलाल, शांतिबाई पत्नी गोरेलाल 65 वर्ष और कर्ण सिंह तोमर पुत्र मांगीलाल को गिरफ्तार किया है। टीम ने यहां से 475 किलो महुआ लाहन और 25 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की है। जब्त सामग्री की कीमत 28 हजार रुपए आंकी गई है। इधर स्पॉट पर टीम को देखकर भागे आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### एप्पल कंपनी के नाम से बेच रहे 1200 नकली मोबाइल कवर बरामद

**भोपाल।** टीटी नगर थाने के पास न्यू मार्केट इलाके में पुलिस ने एक साथ चार मोबाइल दुकानों पर छापा मार कर एप्पल कंपनी के नाम से बेच रहे करीब 1200 नकली मोबाइल कवर बरामद किए, जिसकी कीमत साढ़े पांच लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने एप्पल कंपनी का लोगो लगे कुछ ईयर बर्ड भी जब्त किए हैं। पुलिस ने चारों दुकानों के संचालकों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर नोटिस दिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक विशाल सिंह जडेजा एप्पल कंपनी के अधिकृत कर्मचारी हैं, जो कंपनी के लोगो लगे नकली माल बेचने वाली दुकानों पर नजर रखते हैं। उन्होंने टीटी नगर थाने में शिकायत की थी कि न्यू मार्केट में एक साथ लगी चार दुकानों में एप्पल कंपनी का लोगो लगे नकली कवर एप्पल कंपनी के नाम से बेच रहे हैं।

**10 दिनों तक 10 धर्म का पालन करने के लिए करते हैं प्रेरित**

# पर्यूषण पर्व की तैयारी औबेदुल्लागंज और तामोट जैन मंदिर में जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





पर्यूषण पर्व की तैयारी औबेदुल्लागंज एवं तामोट जैन मंदिर में जोरों से चल रही है। पर्यूषण पर्व में 10 धर्म का पालन करने के लिए बताया जाता है। उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, सोच, संयम, तप त्याग आकिंचन ब्रह्मचर्य दशलक्षण धर्म पर बताए जाएंगे। 10 दिनों तक पूजा होगी और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे।

जैन समाज के अध्यक्ष सुनील मीना जैन, नीति जैन, पूर्व पार्षद मीना जैन आशारानी, पंडित लक्ष्मीचंद, एलसी जैन, रितेश जैन, अनुराग जैन, तरुण जैन, विजय जैन, दिनेश जैन, नरेश जैन, विनय जैन, संभव जैन, प्रदीप शिरोमणि जैन, संतोष जैन, पुष्पा जैन ने बताया की उत्तम क्षमा में क्रोध नहीं क्षमा को धारण करना चाहिए। उत्तम मार्दव अहम का विसर्जन करना सहज व सरल बनाना चाहिए। उत्तम सोच तिर्षा नहीं संतोष रखना चाहिए।

### उत्तम सत्य धर्म जीवन की वास्तविकता

उत्तम सत्य धर्म जीवन की वास्तविकता है। उत्तम संयम धर्म में संयम की आराधना को श्रेष्ठ साधना बताया है। उत्तम तप में तप करना बताया। उत्तम त्याग धर्म में स्व का त्याग करें। उत्तम आकिंचन धर्म में परिग्रह चिंता को समझो। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म में ब्रह्म ही आत्मो उपलब्धि है। ये दश धर्म मनुष्य के जीवन की गंदगी को धोने के लिए निर्मल जल का काम करता है।

# माया नगरी मुंबई की चकाचौंध और ग्लैमर वर्ल्ड का सच उजागर करता नाटक

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाटक 'शॉर्टकट' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फ्लाइंग फैरीज नाट्य संस्था द्वारा सोमवार की शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में हास्य नाटक 'शॉर्टकट' का मंचन किया गया, नाटक में लेखन देवराज जोशी का रहा और निर्देशन डॉ. आजम खान ने किया।

शॉर्टकट नाटक ऐसे महत्वकांक्षी कलाकारों के जीवन यात्रा को दर्शाता है, जो मुंबई फिल्म नगरी में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। जहां इस ग्लैमर वर्ल्ड की चकाचौंध में युवा इतने प्रभावित हो जाते हैं कि वो कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं और इसी का एक काला सच कास्टिंग काउच भी है, जिसका शिकार कई लड़कियां होती हैं।



### 'शॉर्टकट' की कहानी

नाटक में दिखाया कि कास्टिंग डायरेक्टर लड़कियों को फिल्म में रोल देने के बहाने उनका शोषण करते हैं और काम भी नहीं देते। फिल्म में मिस हांडा एक फिल्म निर्देशिका है, जो अपनी नई फिल्म तीन पागलों पर बनाना चाहती हैं, जिसके लिए वर्मा को तीन असली पागल लाने का बोलती है, जब तीन स्ट्रगल कर रहे कलाकारों को पता चलता है तो वो पागल बनकर मिस हांडा के पास पहुंच जाते हैं। नाटक में इन तीनों कलाकारों की जीवन गाथा को बहुत खूबसूरती से दिखाया कि जिनका कोई गॉड फादर नहीं है और काफी संघर्षों के बाद यहां तक आएं। वहीं एक नाटक में एक रूढ़ीवादी ब्राह्मण परिवार की लड़की नेहा, परिवार से झगड़कर मुंबई आई और कास्टिंग वाले की बातों में आकर कम्प्रोमाइज करने को तैयार हो जाती है, लेकिन टिल्लू चाय वाले कि सूझ बूझ से सही समय पर इंस्पेक्टर चमन पांडे पहुंच कर उसको वर्मा के चंगुल से बचा लेता है। नाटक के अंत में मिस हांडा इन तीनों कलाकारों के अभिनय से प्रभावित होकर उनको अपनी नई फिल्म शॉर्टकट में लेने के लिए साइन कर लेती है।



# भवभूति अलंकरण 2025 की घोषणा

**भोपाल।** मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित भवभूति अलंकरण के लिए वर्ष 2025 के चयन की घोषणा लखनऊ में सम्पन्न निर्णायक मंडल की बैठक में की गई। इस वर्ष यह अलंकरण संस्कृत और हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी तथा सुविख्यात कवि एवं संपादक विष्णु नागर को प्रदान किया जाएगा। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ साहित्यकार नरेश सक्सेना, जानकी प्रसाद शर्मा और संतोष भदौरिया शामिल थे। भवभूति अलंकरण समारोह का आयोजन शब्द उत्सव 2025 के अंतर्गत अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा, जिसमें दोनों विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।



## अखिल भारतीय, प्रादेशिक और बोली-भाषा पुरस्कारों से साहित्यकार अलंकृत

# साहित्य अकादमी के अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए प्रदेश और देश के रचनाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् द्वारा आयोजित अलंकरण समारोह सोमवार को रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में गरिमा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में वर्ष 2022 और 2023 के लिए चयनित देश और प्रदेश के साहित्यकारों को अखिल भारतीय, प्रादेशिक तथा मध्यप्रदेश की छह प्रमुख बोलियों के साहित्यिक पुरस्कारों से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन विनय उपाध्याय ने किया। समारोह में संस्कृति विभाग के संचालक एन.पी. नामदेव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रख्यात खेल कमेंटेटर पद्मश्री सुनील दोषी ने अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया।

**मप्र की छह प्रमुख बोलियों के साहित्यिक पुरस्कारों से अलंकृत**



### विविधतापूर्ण भाषाई विरासत को नई ऊर्जा प्रदान करना उद्देश्य

साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने भी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल उत्कृष्ट रचनाकारों को सम्मानित करना था, बल्कि मध्यप्रदेश की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और विविधतापूर्ण भाषाई विरासत को नई ऊर्जा प्रदान करना भी था।



### विभिन्न विधाओं के प्रख्यात रचनाकार हुए सम्मानित

कार्यक्रम में वर्ष 2022 और 2023 के लिए अखिल भारतीय पुरस्कारों के विभिन्न विधाओं के प्रख्यात रचनाकारों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के साहित्यकारों को प्रादेशिक पुरस्कार प्रदान किए गए।

### साहित्यिक गरिमा का पर्व संपन्न

यह अलंकरण समारोह देश और प्रदेशभर के विद्वानों, साहित्यकारों, आलोचकों, कलाकारों और संस्कृति जगत से जुड़े विशिष्टजनों की उपस्थिति में एक यादगार साहित्यिक उत्सव बन गया। यह आयोजन केवल सम्मान प्रदान करने तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने मध्यप्रदेश के जीवंत साहित्यिक-सांस्कृतिक परिदृश्य को भी रेखांकित किया।

# आइसर का दीक्षांत समारोह: 423 विद्यार्थियों ने ली स्नातक की डिग्री

*केंद्रीय मंत्री शिवराज ने छात्रों से कहा- देश छोड़कर मत जाना, ज्ञान और कौशल को भारत की प्रगति में लगाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) का 12वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें 423 विद्यार्थियों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

दीक्षांत समारोह के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों से कहा कि वे देश छोड़कर बाहर न जाएं, बल्कि अपने ज्ञान और कौशल को भारत की प्रगति में लगाएं। इस वर्ष बायोकेमिस्ट्री विभाग के छात्र कौशिक मेहंदी को प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। शैक्षणिक प्रदर्शन, नेतृत्व कौशल और योगदान के आधार पर उन्हें डायरेक्टर गोल्ड मेडल के लिए भी चुना गया। इसके अलावा संस्थान ने बेस्ट एकेडमिक परफॉर्मेंस की सूची घोषित की, जिसमें वरुण अजीत नायर, आशीष शुक्ला, देवाशीष तिवारी, कौशिक मेहंदी, महेश और अगम दीप सिंह समेत अन्य छात्रों के नाम शामिल हैं। समारोह में संस्थान की नई इनोवेशन मैगजीन और ब्रॉशर का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और आइसर चेयरपर्सन प्रो. अरविंद आनंद नाटू विशेष रूप से मौजूद रहे। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. गोवर्धन दास ने बताया कि इस बार कुल 423 छात्र-छात्राओं ने स्नातक किया।

# तमिल संस्कृति और साहित्य को भोपाल में मिलेगा नया मंच, कंबन कयगम संस्था की हुई शुरुआत

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में तमिल साहित्य और संस्कृति को नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से कंबन कयगम संस्था की सोमवार से शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दीप प्रज्वलित कर एवं औपचारिक उद्घाटन व कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में मुकुंदन, शिवकुमार, केवीके पेरूमल, राजेश, केबीएस राजन, सीपी कन्नन, चंद्रशेखर, पी राजू, डॉ. श्रीधरन, एम रवि, के. शंकर, डॉ. सुरेश कुमार, अशोकन, जीवानंदगम, भास्करण, स्वामीवेल, बी. कुमार सहित दिल्ली तमिल संगम सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य अतिथि शामिल हुए। इस संस्था का मुख्य लक्ष्य महान कवि कंबन द्वारा रचित रामावतार के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ तमिल भाषा, साहित्य और संस्कृति को व्यापक मंच उपलब्ध कराना है। इस मौके पर कार्तिकस्वामी और शरद कुमार मौजूद थे।



# भोपाल में आयोजित आकर प्रादेशिक फिल्म फेस्टिवल में फिल्म कुंवारापुर ने जीते दो अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकार फिल्मोत्सव के दूसरे दिन देवता, डर और आर्त तीन फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। इसके बाद पुस्कार वितरण समारोह में साहित्य, शिक्षा विज्ञान, संस्कृति एवं नाट्य लेखन के क्षेत्र में अनुकरणीय अवदान के लिए संतोष चौबे को एवं अभिनय रंगमंच एवं निर्देशन के क्षेत्र में अनुकरणीय अवदान के लिए राजीव वर्मा को सुदीर्घ सेवा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फिल्म निर्देशक राजेंद्र राठौड़ ने आयोजक शशिकांत सक्सेना व फिल्म की चयन समिति एवं निर्णायक मंडल को धन्यवाद दिया



### इसके अतिरिक्त यह सम्मान भी दिए

1. बेस्ट फिल्म : बघेली फिल्म 'कुंआरापुर' को दिया गया।
2. श्रेष्ठ अभिनेत्री : फिल्म देवता के लिए डॉली पराशर को दिया गया।
3. श्रेष्ठ चरित्र अभिनेत्री ए लॉग नाईट के लिए तन्वी जाधव को दिया गया।
4. श्रेष्ठ चरित्र अभिनेत्रा आर्त फिल्म के लिए श्रीराम जोग को दिया गया।
5. श्रेष्ठ निर्देशक 'कुंआरापुर' के लिए राजेन्द्र राठौर को दिया गया।
6. श्रेष्ठ सह निर्देशिका फिल्म ए लॉग नाईट के लिए सोनिया एन. गुप्ता को दिया गया।
7. श्रेष्ठ बाल कलाकार फिल्म डर के लिए अमृत माहेश्वरी को दिया गया।



# एप्को की 4 दिवसीय 'ग्रीन गणेश अभियान- 25' का समापन

**भोपाल।** एप्को द्वारा चार दिवसीय 'ग्रीन गणेश अभियान- 25' का समापन सोमवार शाम हुआ। 'आओ बनाओ, निशुल्क घर ले जाओ' थीम पर आयोजित इस गणेश मेकिंग कार्यशाला में शहर के कई स्कूल और कॉलेज के करीब 2150 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया। इसके साथ ही इस अभियान के तहत एप्को टीम ने भोपाल के बाल संप्रेषण गृह सहित चार अन्य स्कूलों में भी जाकर मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाना सिखाया। साथ ही एप्को टीम ने दो दिवसीय वेबिनार का आयोजन कर प्रदेश के लगभग 8000 ईको क्लब्स से जुड़े शिक्षक व विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित किया।

# फिल्में रचनात्मकता और समाज की समझ विकसित करती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिल्में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अपने समय का इतिहास भी होती हैं। अच्छी फिल्में न केवल हमारी रचनात्मकता को विस्तार देती हैं, बल्कि सामाजिक संरचना, प्रासंगिक मुद्दे, जनाक्रोश और आम जनजीवन को समझने में भी मदद करती हैं।

इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों के लिए समकालीन फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री देखना बेहद जरूरी है। यह विचार आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के महानिदेशक सचिन सिन्हा ने व्यक्त किए। वे अकादमी के मिनी थियेटर में प्रशिक्षणार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल क्लासिक फ्रम्स के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

**प्रशासन अकादमी में तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल क्लासिक फ्रम्स का उद्घाटन**



### 1972 की मशहूर हॉलीवुड क्लासिक द गॉडफादर से हुई शुरुआत

अकादमी के संचालक मुजीबुर्रहमान खान ने बताया कि हाल के महीनों में अकादमी में स्पिक मैके और सिने क्लासिक के सहयोग से 10-15 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें फिल्म प्रदर्शन के अलावा नाटक, नृत्य और संगीत भी शामिल हैं। फेस्टिवल के क्यूरेटर सुनिल शुक्ल ने बताया कि समारोह की शुरुआत 1972 की मशहूर हॉलीवुड क्लासिक द गॉडफादर से हुई। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में पुरानी और नई मिलाकर कुल छह फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।

## दुष्यंत कुमार संग्रहालय में किया नाटक

# 'एक कंठ विषपायी' नवीन और प्राचीन परंपराओं का संघर्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर प्रतिमाह आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला 8 के तहत नाटक एक कंठ विषपायी का पाठ रंग शीर्ष संस्था के निदेशक संजय मेहता और उनके शिष्यों द्वारा किया गया। वर्ष 1963 में दुष्यंत कुमार द्वारा लिखा गया यह काव्य नाटक शिव और सती के विवाह के पश्चात उत्पन्न परिस्थितियों पर आधारित काव्य नाटक है।

### सती के वियोग में शव कंधे पर लेकर घूमते हैं शिव

सती द्वारा शिव से प्रेम विवाह कर लिए जाने के बाद उनके पिता दक्ष एक यज्ञ करते हैं, जसमें पिता से अपमानित होने पर सती यज्ञ कुंड में कूद कर आत्मदाह कर लेती हैं और सती के वियोग में उनके शव को अपने कंधे पर लेकर शिव घूमते हैं। शिव के इस कृत्य की चर्चा और निंदा इन्द्र सभा में होती है और सभी शिव को ही दोषी ठहराते हैं। अंत में विचार-विमर्श के बाद प्रणाम बाण छोड़ने के बाद दूसरा बाण सती के शव पर मारा जाता है और सती का शव भारत के विभिन्न स्थानों पर गिरता है।

# स्टेट बैंक की अधिकारी सुनीता सिंह ने यूरोप के सबसे ऊंचे शिखर माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल में पदस्थ अधिकारी और पर्वतारोही सुनीता सिंह ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस (18,510 फीट) पर तिरंगा और स्टेट बैंक का ध्वज लहराकर देश का नाम रौशन किया। सुनीता ने 24 अगस्त, सुबह करीब 8 बजे इस शिखर को छूने में सफलता हासिल की। यह उपलब्धि हासिल करने वाली सुनीता सिंह भारतीय स्टेट बैंक की पहली महिला अधिकारी हैं। वे इस शिखर पर चढ़ने वाली सबसे अधिक उम्र (करीब 56 साल) की महिला भी हैं। जबलपुर निवासी सुनीता फिलहाल स्टेट बैंक के भोपाल मुख्यालय में एजीएम पद पर कार्यरत हैं।




## मप्र उर्दू अकादमी ने किया 'आत्मबोध से विश्वबोध' कलम से मंच तक कार्यशाला एवं 'जश्न-ए-आजादी' मुशायरा आयोजित



# शायर-ए-फितरत हूं, जब भी फिक्र फरमाता हूं मैं, रूह बनकर जर्रे-जर्रे में समा जाता हूं मैं...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शायर-ए-फितरत हूं, जब भी फिक्र फरमाता हूं मैं, रूह बनकर जर्रे-जर्रे में समा जाता हूं मैं... जिगर साहब, गुले आजादी विरासत में नहीं पाये हैं, बाग तक आये हैं चलते हुए अंगारों पर.... जफर सहबाई, थोड़ा हिन्दू तू भी है थोड़ा मुसलमां मैं भी हूं, यानी इक इन्सां है तू भी एक इन्सां मैं भी हूं.... राजेश रेड्डी (मुम्बई), 'जश्न-ए-आजादी' मुशायरा में जब श्रोताओं ने इन अश्यारों का स्वागत तालियों की गड़गड़ाहट से किया।

'जश्न-ए-आजादी' मुशायरा और 'आत्मबोध से विश्वबोध' कलम से मंच तक कार्यशाला का आयोजन मप्र. उर्दू अकादमी द्वारा जनजातीय संग्रहालय में मप्र. उर्दू अकादमी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि यह कार्यशाला और जश्ने आजादी हमारे लिए मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि आजादी के मायनों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है। इसका केंद्रीय विषय आत्मबोध से विश्वबोध हमें अपने अस्तित्व को पहचानने और समाज से जोड़ने का संदेश देता है।

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मो. नोमान खान ने 'उर्दू साहित्य में सामाजिक समरसता एवं कुटुम्ब प्रबोधन' चर्चा करते हुए कहा कि इस रंग-बिरंगे संसार के सभी दृश्य, परिदृश्य और चमत्कार आत्मबोध और विश्वबोध के ही अधीन हैं। वास्तविकता यह है कि मानव जीवन और समाज की प्रगति और समृद्धि का रहस्य आत्मबोध एवं विश्वबोध में ही निहित है। गीता में श्रीकृष्ण का यह कथनः कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेशु कदाचन, इन्हीं गूढ़ रहस्यों की व्याख्या करता है। इन पर अमल करके हम अपने जीवन को सभ्य और सुसंस्कृत बना सकते हैं।



### यह अश्यार रहे खास

तू है रश्के जमीं तू है रश्के
मेरे हिन्दोस्तां मेरे हिन्दोस्तां
अतहर शकील (मुम्बई)

पैगाम ए मुहब्बत अब दुनिया को सुनाना है
नफरत को मिटा दे जो वो दीप जलाना है
ज्योति आजाद खत्री (ग्वालियर)

# यू-ट्यूबर्स अपने कंटेंट के लिए सार्वजनिक माफी मांगें और केंद्र सरकार सख्त दिशा-निर्देश बनाए

## शीर्ष कोर्ट ने कहा- दिव्यांगों का अपमान करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, चाहे वह कोई भी हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कॉमेडियन्स और यूट्यूबर्स को सख्त निर्देश देते हुए दिव्यांगों पर आपत्तिजनक कंटेंट न बनाने की चेतावनी दी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कोई कंटेंट बनाया गया है तो तुरंत इसके लिए माफी मांगी जाए। स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना के मामले से जोड़ते हुए कोर्ट ने कहा है कि अगर ऐसा कभी भी हुआ तो यूट्यूबर्स और इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने समय रैना समेत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को आदेश दिया है कि वो दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के लिए अपने पॉडकास्ट और कार्यक्रमों में सार्वजनिक माफी मांगें। कोर्ट ने कहा कि दिव्यांगों का अपमान करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, चाहे वो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ही क्यों न हों। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि ऐसे बयानों और कंटेंट पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट गाइडलाइंस बनाई जाएं।

**दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर इलाहाबादिया और रैना को सुप्रीम फटकार**



### सरकार व्यापक ढांचा तैयार करे

कोर्ट ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के लिए नियम बनाते समय जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाना चाहिए, बल्कि सभी पक्षों की राय लेकर व्यापक ढांचा तैयार किया जाना चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार किसी भी ऐसे कमर्शियल कंटेंट पर लागू नहीं हो सकता, जिससे किसी समुदाय की भावनाएं आहत हों। इसके साथ ही कोर्ट ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के होस्ट समय रैना की माफी पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उन्होंने पहले खुद का बचाव करने की कोशिश की थी, फिर माफी मांगी।

**दिव्यांगों पर तंज महंगा पड़ेगा**

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि दिव्यांगों का अपमान करने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। कोर्ट ने टिप्पणी की कि आज के दौर में जब अभिव्यक्ति का माध्यम व्यावसायिक लाभ से जुड़ा है, तो जिम्मेदारी भी उतनी ही अधिक बढ़ जाती है।

### समय रैना पर आरोप?

कॉमेडियन समय रैना पर आरोप है कि उन्होंने अपने दो वीडियो में रीढ़ की हड्डी की गंभीर बीमारी



'स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी' से पीड़ित मरीजों पर असंवेदनशील टिप्पणियां कीं और नेत्रहीन और भेंगापन झेल रहे लोगों का भी मजाक उड़ाया।

**इन्फ्लुएंसर्स को हलफनामा देना होगा**

कोर्ट ने इन्फ्लुएंसर्स से कहा कि वो हलफनामा दाखिल करें, जिसमें यह बताया जाए कि वे अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग दिव्यांगजनों के अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने में कैसे करेंगे। फिलहाल इन्फ्लुएंसर्स को हर सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से मौजूद होने की जरूरत नहीं है, बशर्ते वे दिए गए निर्देशों का पालन करें।

### चुनाव विशेषज्ञ संजय पर एफआईआर

## सार्वजनिक माफी मांगने पर नहीं होगी दंडात्मक कार्रवाई

कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत



जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि सार्वजनिक माफी के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं।

**एफआईआर में गलत जानकारी फैलाने का आरोप**

एफआईआर में उन पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया गया है। लोगों को भ्रमित करने का आरोप है।

**एफआईआर रद्द करने की दी थी याचिका**

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) में लोकनीति के सह-निदेशक संजय कुमार ने महाराष्ट्र में अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

---

## खबर संक्षेप

### जालंधर में फैक्ट्री से गैस लीक, 30 लोग फंसे!

**जालंधर।** यहां के सर्जिकल कॉम्प्लेक्स में सोमवार को एक फैक्ट्री से अमोनिया गैस लीक हो गई। गैस के लीकेज के समय फैक्ट्री के अंदर कई लोग फंस गए। रेस्क्यू टीम को अंदर फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के लिए प्लांट की एक दीवार तोड़नी पड़ी। सीढ़ियों और क्रेनों नीचे उतारा गया। इसमें 30 लोगों के फंसने की आशंका है।



### पेट्रोल पंप पर युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। एक पेट्रोल पंप पर बाइक सवार युवक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। इसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह घटना ललितपुर के मड़ावरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सौजना रोड पर हुई हुई है।



### 12वीं की छात्रा की हत्या घर में मारी गोली

**नदिया।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के कृष्णानगर में सोमवार को 12वीं कक्षा की एक छात्रा की उसके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान ईशा मल्लिक के रूप में हुई है, उम्र 18 वर्ष थी। छात्रा मानिकपाड़ा इलाके की रहने वाली थी।



### कार-बाइक की भिड़ंत 4 दोस्तों की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** यहां के थाना ईकोटेक-3 से भीषण भिड़ंत की खबर है। कुलेसरा पुस्ता रोड पर बाइक और कार में जबरदस्त टक्कर हुई। इस में बाइक सवार चारों युवकों की मौत हो गई है। उनकी उम्र 16 से 18 साल बताई गई है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। ईकोटेक-3 के कुलेसरा पुस्ता रोड पर यह भीषण टक्कर हुई।



### विधायक राहुल कांग्रेस की सदस्यता से निलंबित

**बेंगलुरु।** लेखिका हनी भास्करन और मॉडल रिनी एन जॉर्ज की ओर से लगाए गए अश्लील आचरण के आरोपों के बाद कांग्रेस पार्टी ने पलक्कड़ के विधायक राहुल ममकूटाथिल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। वे विधायक के रूप में कार्य करते रहेंगे। उनके इस्तीफे की मांग के बीच यह निलंबन किया है।



---

## पीएम मोदी के अहमदाबाद दौरे को लेकर लोगों में दिखा भारी उत्साह

# 5400 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात टैरिफ से नहीं डरेगा देश, और मजबूत होगा

अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो से किया, जो नरोदा से निकोल तक निकाला गया, लोगों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाएं सिंदूर लेकर खड़ी थीं



एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 2 दिनी गुजरात दौरे की शुरुआत सोमवार देर शाम की। इस दौरान वे 5,400 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। दौरे की शुरुआत अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो से किया, जो नरोदा से निकोल तक निकाला गया। वहीं पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर स्थानीय लोगों, समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। खासतौर पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी निकोल के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। महिलाओं का उत्साह इसलिए भी खास है क्योंकि वे अपने साथ 'सिंदूर' की डिब्बियां लेकर खड़ी थीं। यह उनके प्रधानमंत्री के प्रति अटूट विश्वास और समर्थन का प्रतीक माना जा रहा है। खासकर 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसमें भारतीय सेनाओं ने सीमा पार आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया था, महिलाएं मोदी के निर्णायक नेतृत्व को सुरक्षा और संरक्षण का प्रतीक मान रही हैं।

**अहमदाबाद में 3 किलोमीटर लंबे रोड शो में उमड़े लोग**

सिंदूर की डिब्बी लेकर महिलाएं कार्यक्रम में रहीं मौजूद

### ढोल-ढमाकों के साथ लगे मोदी-मोदी के नारे



अहमदाबाद की सड़कों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो देखते ही बन रहा था। पूरे मार्ग पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी और माहौल जनसैलाब में बदल चुका था। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग झंडे और बैनर लेकर घंटों खड़े रहे। कई जगहों पर रंगोली, फूलों की बारिश और ढोल-नगाड़ों से उनका स्वागत किया गया। लोगों में उत्साह इतना था कि सड़क के दोनों ओर जगह-जगह मोदी-मोदी के नारे गूंज रहे थे।

### लोगों में दिखा जोश

स्थानीय निवासी हेली शास्त्री ने कहा कि आम लोग प्रधानमंत्री के अहमदाबाद दौरे को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं। माहौल किसी त्योहार से कम नहीं है और शहर को भव्य स्वागत के लिए सजाया गया है। कैलाश बेन ने कहा कि माताओं और बहनों के सिंदूर की रक्षा करने वाले नेता बने हैं।

### मेरी सरकार छोटे उद्यमियों, किसानों, पशुपालकों का कभी अहित नहीं होने देगी

पीएम ने कहा कि आज दुनिया में सभी आर्थिक स्वार्थ वाली राजनीति, सब कोई अपना करने में लगा है उसे हम भलिभांति देख रहे हैं। अहमदाबाद की इस धरती से, मैं अपने लघु उद्यमियों, छोटे दुकानदारों, किसानों, पशुपालकों से कहूंगा, मैं गांधी की धरती से बोल रहा हूं, मेरे देश के छोटे उद्यमी हों, किसान हों, पशुपालक हों, मोदी के लिए आपका हित सर्वोपरि है। मैं किसी का अहित नहीं होने दूंगा।

**आज अहमदाबाद अब स्वच्छता और सुरक्षा के मामले में नंबर एक**

उन्होंने राहुल गांधी का नाम नहीं लिया लेकिन इशारों में बड़ा तंज कसा। पीएम मोदी ने अहमदाबाद में कहा कि गुजरात दो मोहन की धरती है। पहले द्वारकाधीश और दूसरे साबरमती के संत महात्मा गांधी। आज यह स्वच्छता में अव्वल है।

### खुशियों का दोहरा बोनस मिलेगा, ट्रंप पर कसा तंज

इस मौके पर पीएम मोदी ने इशारों इशारों में ट्रंप टैरिफ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दुनिया में आजकल स्वार्थनीति चल रही है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार जीएसटी रिफॉर्म कर रही है और दिवाली से पहले आपको बड़ी भेंट मिलेगी। जीएसटी रिफॉर्म के कारण हमारे लघु उद्योगों को बहुत मदद मिलेगी और बहुत सी चीजों पर टैक्स कम हो जाएगा। इस दिवाली, चाहे वह व्यापारिक वर्ग हो या हमारे परिवार के बाकी सदस्य, सभी को खुशियों का दोहरा बोनस मिलने वाला है।

### कड़ी सुरक्षा

### पीएम मोदी के गुजरात दौरे से पहले कांग्रेस के कई नेता 'नजरबंद'

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुएअहमदाबाद सिटी पुलिस ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। हालांकि, ऐसी आशंका है कि विपक्षी कांग्रेस वोट चोरी के मुद्दे पर रोड शो और जनसभा में विरोध प्रदर्शन कर सकती है। कई नेताओं को नजरबंद कर दिया था।

---

### पूनावाला ने विपक्ष पर साधा निशाना

# पहले किया वर्क फ्रॉम होम अब वे करेंगे वर्क फ्रॉम जेल

**एसआईआर और संविधान संशोधन पर किया हमला**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजनीति में इन दिनों दो मुद्दे सुर्खियों में हैं। एक है एसआईआर का मुद्दा, तो दूसरा 130वें संविधान संशोधन विधेयक का है। इस मामले पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक इंटरव्यू में खुलकर बात की। उन्होंने इस मामले पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इसके अलावा, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कोविड में वर्क फ्रॉम होम किया गया, तो अब ये वर्क फ्रॉम जेल का सिस्टम चाहते हैं। इस मामले में उन्होंने कई सवाल उठाए। साथ ही सुरक्षा को लेकर कहा कि अगर ऐसा हुआ तो जेल के अंदर गोपनीय फाइलें जाएंगी जो सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं।

### जेल से सरकार चलाना प्रैक्टिकली संभव नहीं

पूनावाला ने कहा कि महामारी के दौरान जिस तरह से घर से काम किया गया, अब विपक्ष चाहता है कि जेल से काम हो। कैबिनेट की बैठकें भी जेल के अंदर हुआ करेंगी। उन्होंने कहा कि ये किसी भी तरह से प्रैक्टिकल नहीं है। बाढ़ या जंग की स्थिति आती है, तो कैसे कोई फैसला लिया जाएगा। क्या जेल के अंदर से ये सब किया जाएगा? पूनावाला ने कहा कि कल्पना करें कुछ ऐसी फाइल्स होती हैं, जिनमें देश की सुरक्षा से जुड़ी चीजें होती हैं, वो फैसला कहां होगा?

**जनसुनवाई के लिए अलग से होगा कमरा?**

पूनावाला ने सवाल पूछा कि 'जन सुनवाई कहां होगी? जन सुनवाई के लिए, क्या आपके पास जेल में एक अलग कमरा होगा? यह नैतिकता पर कहीं भी खड़ा नहीं है। वैसे तो ये लोग जनता से कटे हुए हैं।

### जेल से सरकार चलाने की 'भयानक बीमारी'



एक टीवी चर्चा में 130वें संविधान संशोधन और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बात हुई। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 'नई राजनीति' ने एक 'भयानक रोग' पैदा कर दिया है, जहां नेता जेल में रहकर भी सरकार चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इंडिया गठबंधन और कांग्रेस से स्पष्ट रूप से पूछना चाहते हैं कि भ्रष्टाचार, अपराध और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर वे क्या सोचते हैं?

---

**राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार किया शुरू**

# भाजपा ने चुनावी कैंपेन सॉन्ग में लालू-तेजस्वी पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ पटना /नई दिल्ली

बिहार में अगले 3 महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सितंबर में चुनाव आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान भी कर सकता है। इस बीच बिहार में राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार काफी समय से शुरू हो चुका है। महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा जारी है तो वहीं एनडीए के बड़े नेता भी बिहार में चुनावी जनसभा शुरू कर चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार बिहार के दौरे कर रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार योजनाओं का ऐलान कर रहे हैं। इस बीच भाजपा ने एक कैंपेन सॉन्ग के जरिए पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है।

- बिहार में विधानसभा चुनाव



### भाजपा का चुनावी कैंपेन सॉन्ग

*कईसे आई?*
*चारा खवाई औरी जमीने लिखाई,*
*गाड़ी के शोरूम से गाड़ी लुटाई,*
*झूठहीऽ के बिटियाऽ डॉक्टर कहाई,*
*हमनी के लईकनऽ के छुट्टल पढ़ाई,*
*ऐ भैय्या जंगलराज कईसे हो आई।*

### राहुल का पूर्णिया में अलग अंदाज

*ढाबे पर पी चाय और 100 रुपए बिल के बदले दिए 1000 रुपए*

**पूर्णिया।** बीते दिन 24 अगस्त को कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी अपने महागठबंधन के नेताओं के साथ उनके नेतृत्व में निकल रही 'वोटर अधिकार यात्रा' पहुंची। जहां उन्होंने रोड शो के दौरान पूर्णिया के गढ़बनैली स्थित अपना ढाबा में रुक कर चाय पी, मैगी खाई और कुरकुरे का स्वाद लिया। उन्हें चाय नाश्ता से उन तमाम लोगों के साथ तकरीबन 100 का बिल हुआ था, लेकिन वह 1000 रुपए दुकानदार को पकड़ाते हुए चलते बने।

### संविधान संशोधन बिल पर सतापक्ष और विपक्ष में तकरार

# राउत बिल पर बनी जेपीसी का हिस्सा नहीं होंगे, सरकार लोकतंत्र को कुचलने में लगी

### समिति को बताया मात्र दिखावा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का हिस्सा नहीं होगी। राउत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस विधेयक के जरिए लोकतंत्र और चुनी हुई सरकारों को कुचलना चाहती है। उन्होंने लिखा कि मोदी सरकार संविधान संशोधन लाकर लोकतंत्र और जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को खत्म करना चाहती है। इस विधेयक की समीक्षा के लिए बनाई गई जेपीसी केवल एक दिखावा है।



### ओवैसी बोले- क्या प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति हटा सकते हैं?

संशोधन विधेयक पर हैदराबाद सांसद ओवैसी ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने पूछा कि सारी सरकारी एजेंसियों की नियुक्ति और तैनाती केंद्र सरकार के आदेश पर होती है। जब तक इनकी नियुक्ति स्वतंत्र रूप से नहीं होती तब तक यह केंद्र के अधीन ही काम करेंगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठेगा कि आखिर यह सरकार के इशारे पर काम करती है? इतना ही नहीं ओवैसी ने संविधान का हवाला देते हुए पूछा कि मंत्री परिषद के परामर्श पर काम करने वाले राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को कैसे हटा सकते हैं?



### महंगा हो गया दिल्ली मेट्रो का सफर

# 4 रुपए तक बढ़ा किराया, सबसे अधिक दूरी के लिए लगेंगे 64 रु.

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो का सफर सोमवार से महंगा हो गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने यात्रियों के लिए किराए में मामूली बढ़ोतरी की है। डीएमआरसी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि सोमवार से नई दरें लागू हो गई हैं। किराए के तहत किराए में 1 से 4 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। सबसे ज्यादा दूरी के लिए लोगों को 64 रुपए देने होंगे। डीएमआरसी ने कहा कि किराए में बढ़ोतरी के पीछे मेट्रो का तर्क है कि मेट्रो फेज 4 पूरा होने के अंतिम चरण में है। इसके बाद रखरखाव का खर्च बढ़ेगा।



डीएमआरसी ने कहा कि यहां आखिरी बार वर्ष 2017 में मेट्रो का किराया बढ़ाया गया था। डीएमआरसी ने पहली बार फेयर फिक्सेशन कमेटी बनाए बिना किराए में वृद्धि की है। बता दें कि पिछली बार बनाई गई कमेटी ने बिना कमेटी के भविष्य में किराया बढ़ोतरी के लिए अनुमति दी थी। साथ ही लोगों को मिलने वाली छूट अब भी जारी रहेगी।

### मंत्री प्रधान ने की आईआईटी काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता

# संस्थान आत्मनिर्भर भारत को साकार और प्रगति का नेतृत्व करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 56वीं आईआईटी काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों को और अधिक समावेशी, शोध-केंद्रित और 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप बनाया जाए। बैठक में तय रोडमैप का मकसद है कि वर्ष 2047 तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों भारत की वैज्ञानिक और सामाजिक प्रगति का नेतृत्व करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विज़न को साकार करने में योगदान दें।

**21वीं सदी की जरूरतों पर खरे उतरें सभी संस्थान**

**56वीं आईआईटी काउंसिल बैठक में बोले केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### 25 वर्षों का रोडमैप तय किया गया



प्रधान ने एक्स पर लिखा, 56वीं आईआईटी काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर खुशी हुई। इसमें अकादमिक प्रगति की समीक्षा और आने वाले 25 वर्षों का रोडमैप तय किया गया। खास तौर पर, आईआईटीज को और अधिक समावेशी, शोध-आधारित और 21वीं सदी की जरूरतों के हिसाब से तैयार करने पर चर्चा हुई। ये प्रतिष्ठित संस्थान वर्ष 2047 तक भारत की वैज्ञानिक, तकनीकी और सामाजिक प्रगति का नेतृत्व करेंगे। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस भाषण में बताए गए रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप होगा।

**उच्च शिक्षा प्रणाली का गहना बना आईआईटी**

केंद्रीय मंत्री प्रधान ने आईआईटी संस्थानों को उच्च शिक्षा प्रणाली का गहना बताया। उन्होंने कहा कि समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने में आईआईटी संस्थान केंद्रीय भूमिका निभाएंगे।

### आईआईएम बिल को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

इससे पहले, 20 अगस्त को प्रधान ने संसद में पारित भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया था। लोकसभा ने 19 अगस्त को गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना के लिए विधेयक पारित किया था।प्रधान ने इस बारे में एक्स पर लिखा, असम के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। संसद में भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित होने के बाद असम को गुवाहाटी में पहला आईआईएम मिला है। केंद्र सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते का यह नतीजा है। आईआईएम गुवाहाटी उच्च शिक्षा में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करेगा, विश्वस्तरीय प्रबंधन शिक्षा और शोध को बढ़ावा देगा और पूर्वोदय की सोच के अनुरूप 'अष्टलक्ष्मी' के विकास में योगदान देगा।

# आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि लड़ाकू युद्धपोत का आज होगा जलावतरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की ताकत में बढ़ोतरी होने वाली है। नीलगिरि श्रेणी की दो स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ कमीशन होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय नौसेना 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ दो नीलगिरि क्लास के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को कमीशन करेगी।

भारत में निर्मित ये दोनों युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं, जिसके तहत प्रमुख पोत, आईएनएस नीलगिरि, को इस साल की शुरुआत में कमीशन किया गया था। यह पहली बार है कि दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्डों के दो प्रमुख लड़ाकू जहाजों का कमीशन एक ही समय में हो रहा है। इसके साथ ही, भारत के पास तीन फ्रिगेट वाला एक स्क्वाड्रन होगा जो स्वदेशी क्षमता के जरिए देश की औद्योगिक-तकनीकी क्षमता और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन का प्रदर्शन करेगा।

**अरब सागर में बढ़ा भारतीय नौसेना का दबदबा**

*विशाखापत्तनम में एक साथ दो नीलगिरि क्लास के स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को कमीशन करेगी। भारत में निर्मित ये दोनों युद्धपोत प्रोजेक्ट 17 अल्फा (पी-17ए) का हिस्सा हैं। आईएनएस नीलगिरि, को इस साल की शुरुआत में कमीशन किया गया था*



**आईएनएस उदयगिरी नौसेना डिजाइन का 100वां जहाज**

**अब भारत के पास होगा तीन स्वदेशी फ्रिग्रेट वाला स्क्वाड्रन**

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत ने पकड़ बनाई

*भारत के लिए मुख्य चुनौती चीन का बढ़ता समुद्री विस्तार है, जिसने हिंद महासागर में 'मोतियों की माला' नीति के तहत ग्वादर (पाकिस्तान), हंबनटोटा (श्रीलंका), चटगांव (बांग्लादेश) और जिबूती में अपनी पकड़ बना ली है। ऐसी स्थिति में, नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोत भारत के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेंगे। ये फ्रिगेट न केवल समुद्री व्यापार मार्गों की रक्षा करेंगे, बल्कि मलक्का जलडमरूमध्य से लेकर अफ्रीका तक हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की नौसैनिक उपस्थिति को भी विश्वसनीय बनाएंगे।*

**14 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार**

दोनों जहाज 200 से ज्यादा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उद्योगों में फैले एक इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम का परिणाम हैं, जो लगभग 4,000 प्रत्यक्ष और 10,000 से ज्यादा अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराते हैं। आईएनएस उदयगिरि का निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा किया गया है और यह नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया 100वां जहाज है। आईएनएस हिमगिरि, कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा निर्मित किए जा रहे पी-17ए जहाजों में से पहला है।

### शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट से 5% बड़े

ये दोनों मिसाइलें पहले के डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ीगत छलांग का प्रतिनिधित्व करती हैं। लगभग 6,700 टन क्षमता वाले, पी-17ए फ्रिगेट अपने पहले के शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट से लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं और फिर भी इनका आकार अधिक सुडौल है, तथा इनका रडार क्रॉस-सेक्शन कम है।

### सुपरसोनिक मिसाइलों से सुसज्जित

ये दोनों युद्धपोत इस हथियार ग्रुप में सतह से सतह पर मार करने वाली सुपरसोनिक मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एक 76 मिमी एमआर गन, और 30 मिमी तथा 12.7 मिमी की क्लोज-इन हथियार प्रणालियों का संयोजन, और पनडुब्बी रोधी/पानी के नीचे की हथियार प्रणालियां शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### चीन ने अंतरिक्ष में उपयोग किया एआई चैटबॉट

**नई दिल्ली।** एआई चैटबॉट अब धरती पर ही नहीं अब स्पेस में भी अपने पैर जमाने लगा है। चीन ने



अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर एक नया एआई चैटबॉट तैनात किया है, जिसे 'वुकोंग एआई' नाम दिया गया है। यह नाम एक प्रसिद्ध चीनी पौराणिक कथा 'मंकी किंग' से लिया गया है, जो चतुराई, अनुकूलन क्षमता और ज्ञान की खोज का प्रतीक है। यह चैटबॉट नेविगेशन, टैक्टिकल प्लानिंग और जटिल परिस्थितियों में तेजी से जानकारी उपलब्ध कराने में सक्षम है। पिछले महीने लाइव होने के बाद इसने तीन ताइकॉनॉट्स को 6.5 घंटे स्पेसवॉक के दौरान सहयोग दिया।

### सरकारी दफ्तरों में पेन ड्राइव और वाट्सएप पर रोक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने आदेश जारी कर कहा है कि अब सिविल सचिवालय और सभी



जिलों के डिप्टी कमिश्नर कार्यालयों सहित प्रशासनिक विभागों के आधिकारिक कंप्यूटरों पर पेन ड्राइव का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ अब सरकारी या गोपनीय दस्तावेजों को साझा करने के लिए वाट्सएप जैसे पब्लिक मैसेजिंग प्लेटफॉर्म या असुरक्षित ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इस कदम से संवेदनशील जानकारियों की सुरक्षा, डेटा लीक रोकने और अनाधिकृत एक्सेस की संभावना को खत्म करने में मदद मिलेगी।

### पाक 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। पाक के



डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। पाकिस्तान को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए।

---

## राजनाथ सिंह की पाक को दो टूक

# आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा, हमने कर्म देखकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का भारत ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा था और हमने कर्म देखकर मारा।

राजस्थान के जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का करारा जवाब दिया और निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता के साथ हासिल किया।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युवाओं द्वारा दिखाए गए उत्साह और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, उन्होंने कहा कि जहां पहलगाम में आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों के धर्म के आधार पर उनकी हत्या की, वहीं भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवादियों को शरण देने वालों को उनके कृत्य के आधार पर खात्मा किया। उन्होंने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी

रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों ने सशस्त्र बलों को पूर्ण समर्थन दिया, जो इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र की सुरक्षा केवल सरकार या सेना की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि नागरिक, विशेषकर युवा, अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहें, तो देश किसी भी कठिनाई का सामना कर सकता है और मजबूत बन सकता है। उन्होंने नागरिकों से एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया जो ज्ञान, संस्कृति और शक्ति के मामले में दुनिया में अग्रणी हो।

### रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय जरूरी

राजनाथ सिंह ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है। दृढ़ता, अनुशासन, धैर्य और दृढ़ संकल्प जैसे गुण एक सैनिक के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने एक खिलाड़ी के लिए।

---

## पीएम मोदी ने फिजी के समकक्ष राबुका के साथ की वार्ता

**8 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर**

# चिकित्सा, कृषि सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को करेंगे मजबूत

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत फिजी की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करेगा। इसके तहत फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग में रक्षा अटैची पद का सृजन होगा। फिजी के शाही सैन्य बलों को एम्बुलेंस उपहार में दी जाएगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें चिकित्सा, कृषि, व्यापार, और निवेश जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

दोनों नेताओं की बातचीत के बाद भारत और फिजी ने आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पीएम मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए खतरा है, हम आपदा से निपटने में उसकी मदद करेंगे। बता दें, फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के पीएम के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है।

**फिजी विश्वविद्यालय में हिंदी-सह-संस्कृत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होगी**

**फिजी भारत-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल हुआ**



### भारतीय घी का फिजी के बाजार में प्रवेश

*फिजी और भारत ने कई व्यापार और निवेश में नई संभावनाएं तलाशने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और फिजी वाणिज्य एवं नियोक्ता संघ (एफसीईएफ) के बीच समझौता ज्ञापन किया गया है। फिजी के बाजार में भारतीय घी का प्रवेश होगा। अगले वर्ष फिजी से संसदीय प्रतिनिधिमंडल और ग्रेट काउंसिल ऑफ चीफ्स के प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा होगा। फिजी विश्वविद्यालय में एक हिंदी-सह-संस्कृत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होगी। फ़िजी के पंडितों के एक समूह को भारत प्रशिक्षण देने में सहायता करेगा।*

### इन समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

फिजी में सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने और चलाने पर, जनऔषधि स्कीम के तहत दवाओं की आपूर्ति पर, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और राष्ट्रीय मापन एवं मानक विभाग (डीएनटीएमएस) के बीच मानकीकरण के क्षेत्र में सहयोग पर, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), भारत और पैसिफिक पॉलीटेक के बीच कौशल विकास पर, त्वरित प्रभाव परियोजना (क्यूआईपी) के कार्यान्वयन हेतु भारतीय अनुदान सहायता के संबंध में, भारत और फिजी के बीच प्रवासन और गतिशीलता पर आशय की घोषणा, फ़िजी पक्ष के द्वारा सुवा में भारतीय चांसरी भवन का लीज डीड सौंपना, भारत-फ़िजी संयुक्त वक्तव्यः वेइलोमनी दोस्ती की भावना के साथ साझेदारी।

### रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में करेंगे सहयोग

भारत और फिजी के बीच रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग करने पर सहमति बनी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत फिजी की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण और उपकरण सहायता प्रदान करेगा। इसके तहत फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग में रक्षा अटैची पद का सृजन होगा। भारत की ओर से फिजी के शाही सैन्य बलों को एम्बुलेंस उपहार में दी जाएगी। भारत फिजी में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ (सीएसटीसी) की स्थापना करेगा। इसी संदर्भ में फिजी भारत-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) में शामिल हुआ है।

### कृषि ड्रोन की आपूर्ति करेगा भारत

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत ने फिजी को कृषि क्षेत्र में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और फिजी विकास बैंक के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है। भारत फ़िजी के चीनी अनुसंधान संस्थान को कृषि ड्रोन की आपूर्ति करेगा। फिजी के चीनी उद्योग और बहुजातीय कार्य मंत्रालय को चल मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की आपूर्ति करेगा।

---

## लड़ाकू विमान मिग-21 ने नाल में अंतिम उड़ान भरी



### विदाई की बेला

*बीकानेर। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों ने बीकानेर के नाल स्थित वायुसैनिक अड्डे पर अपनी अंतिम उड़ान भरी। इन विमानों को 26 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित औपचारिक सेवानिवृत्ति समारोह में अंतिम विदाई दी जाएगी। मिग-21 की प्रतीकात्मक विदाई की बेला पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने फ्लाइंग ऑफिसर प्रिया शर्मा के साथ 19 अगस्त को नाल से मिग-21 में एकल उड़ान भरी।*

---

## पाकिस्तान की साजिश फिर नाकाम

# उड़ी में 20 मिनट तक हुई मुठभेड़ सुरक्षाबलों ने विफल की घुसपैठ

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

उत्तरी कश्मीर में उड़ी (बारामुला) सेक्टर में टुरना के पास एलओसी पर सेना के जवानों ने सोमवार को आतंकियों की घुसपैठ के एक प्रयास को विफल बनाते हुए, उन्हें वापस मार भगाया। सोमवार सुबह तड़के उड़ी सेक्टर में एलओसी के साथ सटे टुरना इलाके में सेना के जवानों ने एलओसी के पार से कुछ हथियारबंद आतंकियों को भारतीय इलाके की तरफ आते देखा। जवानों ने आस पास की सभी चौकियों को



सचेत करते हुए वहां अपनी पोजीशन संभाली और घुसपैठियों पर नजर रखी। जैसे ही वह भारतीय सीमा में दाखिल होने लगे, जवानों ने उन्हें ललकारते हुए सरेंडर के लिए कहा। जवानों की ललकार सुनते ही घुसपैठियों ने जिनकी संख्या से तीन से चार बताई जाती है।

## भारत सरकार को मिली सफलता

# कैमरून में फंसे 17 मजदूरों की हुई स्वदेश वापसी, 2 और आज आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 19 में से 17 मजदूरों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हो गई है।

ये मजदूर बोकारो और हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। सोमवार को सभी अपने घर पहुंच गए। बताया गया है कि दो अन्य मजदूरों की वापसी 26 अगस्त को होगी। ये मजदूर एक एजेंसी के जरिए कैमरून में बिजली



ट्रांसमिशन का काम करने वाली ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में मजदूरी करने ले जाए गए थे। इस कंपनी ने उनका चार महीने का वेतन रोक रखा था। वेतन बंद होने से उनके सामने खाने-पीने और अन्य बुनियादी जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था।

---

## रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार की अमेरिकी प्रशासन को दो टूक

# जहां से भी हमें 'बेस्ट डील' मिलेगी, वहां से तेल खरीदेंगे

*केंद्र सरकार ने आज बुलाई उच्च-स्तरीय बैठक, कल से लागू होगा ट्रंप का 50 फीसदी पूर्ण टैरिफ*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत पर कल यानी बुधवार से पूरी तरह से लागू होने वाले अमेरिका के 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ के बीच रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि दुनिया में जहां कहीं से भी भारतीय कंपनियों को तेल के संबंध में बेहतरीन सौदा (बेस्ट डील) मिलेगा, वो वहां से लगातार तेल की खरीद करेंगी। भारत अपने राष्ट्रीय हितों और 140 करोड़ देशवासियों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। इन सबके बीच टैरिफ के भारतीय निर्यातकों पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा के लिए 26 अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा एक उच्च-स्तरीय बैठक भी बुलाई गई है। वहीं, अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के तेल व्यापार से जुड़े राजस्व में कमी करके उसे यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए मजबूर करने के मकसद से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता में मदद

विनय कुमार ने कहा कि व्यापार मुख्य रूप से व्यापारिक आधार पर निर्भर करता है। जिसमें स्वदेशी कंपनियों को जहां बेहतरीन मौका मिलेगा। वो वहां से अपना व्यापार करेंगी। वर्तमान स्थिति में हमने साफ किया है कि हमारा उद्देश्य 140 करोड़ लोगों की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति और उसके साथ-साथ रूस और कुछ अन्य देशों के साथ हमारे सहयोग से जुड़ा हुआ है। जो कि तेल बाजार खासकर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में स्थिरता लाने में मददगार है।



### यूए का निर्णय अनुचित और अविवेकपूर्ण

भारत के राजदूत ने वाशिंगटन के निर्णय को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत की सरकार अपने देश की आम जनता के हितों (राष्ट्रीय) की रक्षा करेगी। वहीं, हमारी अब तक ऊर्जा की खरीद जिसमें रूस से जारी तेल खरीद भी शामिल है। वो पूरी तरह से राष्ट्रीय हितों और बाजार की स्थिति पर निर्भर करती है। कुमार ने स्पष्ट किया कि भारत और रूस का व्यापार आपसी हितों, बाजार कारकों के तहत किया जाता है। जिसका अंततः उद्देश्य अपने लोगों की ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित करना है।

### नहीं चाहते तो मत खरीदिए: जयशंकर

बता दें, बीते शनिवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा था कि यह हास्यास्पद है कि अमेरिका में जो लोग व्यापार समर्थक हैं। वो बाकी देशों को व्यापार की सीख दे रहे हैं। अगर आपको भारत के तेल और अन्य उत्पादों को खरीदने में परेशानी है तो उन्हें मत खरीदिए। इसके लिए कोई आपको मजबूर नहीं कर रहा है। लेकिन यूरोप खरीद रहा है, अमेरिका खरीद रहा है। अगर आप नहीं चाहते तो मत खरीदिए।

---

## भव्य स्वागत से अभिभूत अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बोले

# यह सपना नहीं हकीकत, जब सारी दुनिया 'नासा' की बजाए 'इसरो' की बात करेगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं है जब दुनिया 'नासा' की बजाए 'इसरो' की बात करेगी, यह बस कुछ ही समय की बात है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिका का 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा), दोनों ही अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसी हैं।

### मैंने लगभग 2,000 सेल्फी ली होंगी

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब लोग नासा की बजाय इसरो की बात करेंगे। मेरा मानना है कि यह कोई सपना नहीं, बल्कि एक हकीकत है जो साकार होने का इंतजार कर रही है। शुभांशु ने मुस्कुराते हुए कहा कि आज सुबह लगभग साढ़े सात बजे लखनऊ पहुंचने के बाद से मैंने लगभग 2,000 सेल्फी ली होंगी।



### 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए

शुक्ला ने बताया कि उनकी टीम ने अंतरिक्ष में 60 वैज्ञानिक प्रयोग किए जिनमें से 7 भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किए गए थे। गौरवपूर्ण क्षण हमारे वैज्ञानिकों द्वारा तय किए गए प्रयोगों को करना था। उन्हें पहली बार सूक्ष्म-गुरुत्व से जुड़ा अनुसंधान करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि असली उपलब्धि केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि इस मिशन ने अंतरिक्ष में भविष्य के भारतीय अनुसंधान के लिए जो द्वार खोले हैं, वे हैं।

## खबर संक्षेप



### महिला क्रिकेट विश्व कप : पाकिस्तान की टीम घोषित फातिमा सना को कमान

**लाहौर।** हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज इमन फातिमा को भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए फातिमा सना की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। इमन ने मई में पाकिस्तान के राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया था। पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेल चुकी 23 वर्ष की सना 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में पहली बार कप्तानी करेंगी। आईसीसी क्वालीफायर खेल चुकी पाकिस्तानी टीम में दो बदलाव करते हुए गुल फिरोजा और नजीहा अल्वी की जगह इमन और सदफ को शामिल किया गया है। फिरोजा, अल्वी, तुबा हसन, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर रिजर्व खिलाड़ी होंगे।

### टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला : रोहित



**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रारुप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था। रोहित ने कहा, 'यह ऐसी चीज है जिसके लिए आपको तैयारी करनी होती है, क्योंकि इस खेल में आपको लंबे समय तक मैदान पर रहना होता है विशेष कर टेस्ट क्रिकेट में, जिसमें आपको पांच दिन तक खेलना होता है।

### डब्ल्यूएफआई ने नेहा को किया निलंबित



**नई दिल्ली।** अधिक वजन के कारण हाल ही में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अयोग्य घोषित की गई पहलवान नेहा सांगवान को सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 'लगातार वजन प्रबंधन संबंधी समस्याओं' के कारण सीनियर विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर करने के अलावा दो साल के लिए निलंबित कर दिया। हरियाणा की नेहा को पिछले हफ्ते बुल्गारिया के समोकोव में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करनी थी लेकिन उनका वजन निर्धारित सीमा से लगभग 600 ग्राम अधिक था। आयोजकों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया और भारत उस भार वर्ग में प्रतिनिधित्व नहीं कर सका। भारत की महिला टीम ने सात पदक जीते और जापान के बाद उपविजेता रही।

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 15 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** अगले महीने टोक्यो में होने वाली एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है जबकि हंगरी में 2023 विश्व चैंपियनशिप में देश के 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बुडापेस्ट में 2023 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण जीता था। देश के रिले दौड़ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद नहीं होने के कारण, विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। भारत ने 2023 में पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए सात धावक नामित किए थे और चौकड़ी ने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। इस चौकड़ी ने पांचवां स्थान हासिल किया था। पिछले सत्र की तरह टोक्यो में भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कम से कम तीन भारतीयों के प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है।

# सीएएफए नेशन्स कप: कोच जमील के मार्गदर्शन में पहला टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय टीम

## गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की वापसी, ताजिकिस्तान में 29 अगस्त से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी, जहां उसे ग्रुप बी में मेजबान, गत चैंपियन ईरान और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है।

### ईरान के खिलाफ 1 को मुकाबला

भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ चार सितंबर को खेलेगा। जमील ने 29 खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुए शिविर के बाद अंतिम टीम का चयन किया है। मोहन बागान ने अपने सात खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि यह प्रतियोगिता फीफा विंडो (अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए फीफा द्वारा निर्धारित समय) का हिस्सा नहीं है। ईस्ट बंगाल के अनवर अली, नाओरेम महेश सिंह और जैकसन सिंह थोनाओजम पिछले शुक्रवार को शिविर से जुड़े जबकि जितिन एमएस क्लब के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद रविवार को शिविर का हिस्सा बने।



**भारतीय टीम -गोलकीपर** : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी। **डिफेंडर**: राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवई। **मिडफील्डर**: निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जैकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियन, उदांता सिंह, नाओरेम महेश सिंह। **फारवर्ड**: इरफान यदवाड, मनवीर सिंह (जूनियर), जितिन एमएस, लालियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह। **मुख्य कोच**: खालिद जमील।

### करिश्माई सुनील छेत्री टीम से बाहर

जमील ने इन चारों को सीएएफए नेशन्स कप के लिए चुना है। अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है। करिश्माई सुनील छेत्री टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि जमील ने उन्हें शिविर के लिए नहीं बुलाया है। मोहन बागान के लिस्टन कोलासो, मनवीर सिंह और सुभाशीष बोस भी टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि उनके क्लब ने उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भेजने से इनकार कर दिया था। टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम आठ सितंबर को होने वाले प्ले ऑफ में जगह बनाएंगी। ग्रुप के उप विजेता दुशांबे में तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलेंगे जबकि ग्रुप विजेताओं के बीच फाइनल ताशकंद में होगा। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में प्रभावित करने वाले जमील को भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाना होगा, जिसे एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में जूझना पड़ा है। शुरुआती दो मैच के बाद उसका सिर्फ एक अंक है और टीम अंतिम स्थान पर चल रही है।

### खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को नहीं दी तवज्जो : जमील

**बेंगलुरु।** भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के बारे में चल रही चर्चा को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि टीम अगामी चुनौती के लिए तैयार है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट ने अपने सात खिलाड़ियों को शिविर के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था। मोहन बागान का तर्क था कि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह टूर्नामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं आता। मोनालो मार्क्वेज की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने जमील को 29 खिलाड़ियों के शिविर में से अपने अंतिम 23 सदस्यों के टीम का चयन करना था। जमील ने भारत के मुख्य कोच के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' चुनौतियों की बात करें तो कुछ क्लब कुछ कारणों से खिलाड़ियों को नहीं छोड़ रहे हैं। हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

## जीत का रिकॉर्ड 19-0 किया, लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी

# अमेरिकी ओपन : चोटिल जोकोविच ने बाधाओं को पार कर जीता पहला दौर

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

नोवाक जोकोविच थके हुए दिखे, चोटिल और उम्रदराज भी लेकिन इन सभी बाधाओं से पार पाकर अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत दर्ज की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19-0 कर लिया और पैर की तकलीफ के बावजूद लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी। जोकोविच ने दूसरे सेट में कई बार अपना हाथ घुटने पर रखा और फिर उन्हें उपचार भी लेना पड़ा। तीसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अगले पांच गेम जीतकर वापसी की।


### पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता

उन्होंने जीत के बाद कहा,' पता नहीं क्या हुआ। मुझे कोई चोट भी नहीं लगी है लेकिन परेशानी हो रही थी।' विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद यह उनका पहला मैच था। अड़तीस बरस के इस धुरंधर ने पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता लेकिन करीब एक घंटे तक चले दूसरे सेट में थके हुए दिखे। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी की और ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में लगातार 75वां मैच जीता।






### दूसरे दौर में पेगुला और पाओलिनी



चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-0, 6-4 से शिकस्त देकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब जेसिका पेगुला का सामना एन्ना ब्लिंकोवा से होगा, जिन्होंने पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरे सेट में, शेरिफ ने अपनी लय पकड़ी और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, पेगुला ने अपनी लय वापस पाते हुए जीत दर्ज की। इस बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी ने क्वालीफायर डेस्टेनी ऐवा को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### दूसरे दौर में सबालेंका

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने स्विटरलैंड की रेबेका मासारोवा से मिली कड़ी चुनौती का सामना करके 7-5, 6-1 से जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका इस साल पहले तीन ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत सकी हैं। उन्होंने कहा,'मैं सत्र का समापन ग्रैंडस्लैम खिताब और नंबर वन रैंकिंग के साथ करना चाहती हूं।' अब उनका सामना पोलिना मुदेरमेतोवा से होगा जिन्हें फरवरी में दुबई में वह हरा चुकी हैं।



### राडुकानू ने पहला मैच जीता

अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। चार साल पहले खिताब जीतकर सभी को चौंका देने वाली राडुकानू 2022 में पहले दौर में हार गई, जबकि 2023 में कलाई और टखने के आपरेशन के कारण खेल नहीं सकी। पिछले साल भी वह पहले दौर में हार गई थीं। अब 22 साल की हो चुकी ब्रिटेन की राडुकानू ने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए रैंकिंग में 70वें से 36वां स्थान हासिल कर लिया।

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप

# एक साल बाद मीराबाई की वापसी गोल्ड जीत बनाया नया रिकॉर्ड



एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा + 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

### पहले प्रयास में लड़खड़ाई

31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। मीराबाई पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पेरिस ओलंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थी। मी रा बा ई चोटिल होने के कारण पिछले एक साल में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थी इसलिए उन्हें लय हासिल करने में भी समय लगा। स्नैच में 84 किग्रा के अपने पहले प्रयास में वह लड़खड़ा गईं। उनके दाहिने घुटने में तकलीफ दिखाई दी, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने उतना ही वजन उठाया। 89 किग्रा का उनका तीसरा प्रयास भी असफल रहा। कोई वास्तविक प्रतिस्पर्धा न होने के कारण मीराबाई असल में खुद से ही मुकाबला कर रही थीं। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की। उन्होंने इसे बढ़ाकर 109 किग्रा कर लिया, लेकिन 113 किग्रा का अपना अंतिम प्रयास पूरा नहीं कर सकीं।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : चौथे स्थान पर मनु, जूनियर वर्ग का दबदबा

एजेंसी ▸▸ शिमकेंट



दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा।

भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया।

### भारतीय तिकड़ी ने कांस्य पदक किया अपने नाम

कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारुइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता। मनु, ईशा और सिमरनप्रीत कौर बरार की भारतीय तिकड़ी ने 1749 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वे चीन और दक्षिण कोरिया से पीछे रहे। ईशा क्वालीफिकेशन में शीर्ष रही थी जबकि मनु चौथे स्थान पर रही थी।



### महिला डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पिछले साल फाइनल में मिली हार को भुलाते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को वर्षाबाधित मैच में एक रन से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वींस शुरू से ही दबाव में रही और 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। क्वींस ने एक समय पांच विकेट 74 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद मोनिका (28 गेंद में 33 रन) और रिया शौकीन (28 गेंद में नाबाद 28) ने छठे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी करके जीत की उम्मीदें जगाई। मोनिका के आउट होने के बाद हालांकि रिया को दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी। सुपरस्टार्स के लिये मेधावी बिधुड़ी ने तीन ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हिमाक्षी चौधरी को दो विकेट मिले।

# ड्रीम 11 से करार खत्म, बीसीसीआई को अब नए प्रायोजक की तलाश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फैंटेसी स्पोटर्स कंपनी ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम की टाइटल प्रायोजक नहीं है और बोर्ड ने उसके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है लेकिन यह अगले महीने एशिया कप से पहले होने की संभावना नहीं है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025' के तहत सरकार के वास्तविक धन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के बाद ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल प्रायोजक नहीं है।



### दूसरे विकल्प की तलाश में प्रक्रिया जारी

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की कि ड्रीम11 के साथ करार खत्म हो गया है और बीसीसीआई विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के लिए नए टाइटल प्रायोजक की तलाश की प्रक्रिया में है। सैकिया ने कहा,' हमारा रुख स्पष्ट है। नियम बनने के बाद बीसीसीआई ड्रीम 11 या अन्य गेमिंग कंपनी के साथ प्रायोजन करार नहीं रख सकती। नए नियम के तहत अब इसकी कोई गुंजाइश ही नहीं है।' उन्होंने कहा,' इसलिए हम दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। हम प्रायोजक की तलाश में है और अभी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।

### ड्रीम 11 ने खरीदा था 358 करोड़ रुपए में टाइटल

भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 था और इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है। ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में खरीदे थे। उनका करार खत्म होने में अभी एक साल बाकी है लेकिन इसके लिए उन्हें कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। बोर्ड के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा,'बीसीसीआई अपने प्रायोजक ही परेशानी को पूरी तरह समझता है। यह उनकी गलती नहीं है और भुगतान में चूक के अन्य मामलों की तरह ड्रीम11 पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा।

## बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स

# अहलावत के आखिरी में 3 बर्डी



एजेंसी ▸▸ सुटोन कोल्डफील्ड

भारत के वीर अहलावत आखिरी दौर में दो ओवर 74 के खराब स्कोर के साथ बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 54वें स्थान पर रहे। भारत के दूसरे खिलाड़ी शुभंकर शर्मा कट में प्रवेश नहीं कर सके थे । पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर रहे अहलावत ने एक ओवर से 73-71-71-74 स्कोर किया। उन्होंने आखिरी दौर में तीन बर्डी लगाए, तीन बोगी और एक डबल बोगी किया। एलेक्स नोरेन ने सात साल बाद अपना 11वां डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

## सीपीकेसी ओपन

# अदिति संयुक्त 36वें स्थान पर



एजेंसी ▸▸ मिसिसॉगा (कनाडा)

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक सीपीकेसी महिला ओपन में चार दिन में तीसरी बार इवन पार 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर रही । कनाडा की ब्रूक हेंडरसन ने आस्ट्रेलिया की मिंजी ली को एक स्ट्रोक से हराकर दूसरी बार खिताब जीता। उनका चार अंडर 68 और कुल स्कोर 15 अंडर 269 रहा । जापान की माओ साइगो तीसरे स्थान पर रही।

## हिल्स ओपन

# प्रणवी के दो अंडर 69 स्कोर

एजेंसी ▸▸ गोटेनबर्ग (स्वीडन)

आखिरी दौर में डबल बोगी करने से भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स की शीर्ष 15 में रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया और वह हिल्स ओपन में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। चोट के बाद वापसी कर रही प्रणवी ने दो अंडर 69 स्कोर किया। भारत की हिताषी बख्शी संयुक्त 41वें स्थान पर रही जबकि स्नेहा सिंह संयुक्त 47वें स्थान पर रही। भारत की त्वेसा मलिक, अमनदीप द्राल, अवनि प्रशांत और वाणी कपूर कट में प्रवेश नहीं कर सकी थी। स्वीडन की अमैच्योर मेजा ओर्टेंग्रेन ने अपने देश में पहला लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीता।



## सिनक्यूफील्ड कप

### प्रज्ञानानंदा ने खेला लगातार पांचवां ड्रा, दूसरे स्थान पर बरकरार

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।



प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था। अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं। अमेरिका के फेबियानो कारुआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। छठे दौर में गुकेश ने फिरोजा से ड्रॉ खेला।






# अगस्त्य और जुनैद का होगा बॉक्स ऑफिस में मुकाबला

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस क्लैश कुछ भी नया नहीं है। अक्सर बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े स्टार्स की फ़िल्में एक साथ रिलीज होती है। लेकिन इस बार बॉक्स ऑफिस मुकाबला दो स्टार किड्स के बीच में है। स्टार किड्स हैं अमिताभ बच्चन ने नाती अगस्त्य नंदा और आमिर खान के बेटे जुनैद खान। सूत्रों से पता चला है कि अगस्त्य नंदा और जुनैद खान की फ़िल्में सेम डे सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है । अगस्त्य नंदा की श्रीराम राघवन निर्देशित इक्कीस एक वॉर ड्रामा है, जिसमें वह लीड रोल निभा रहे हैं। शुरुआत में फिल्म इक्कीस को 2 अक्टूबर को रिलीज करने की योजना थी।

लाइफ Style

# दिव्या ब्लैकमेलर के किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'एक चतुर नार' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में नील और दिव्या के बीच चालाकी का खेल देखने को मिल रहा है। फिल्म में दिव्या ने एक ब्लैकमेलर का किरदार निभाया है।

ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला की आवाज से होती है, जिसमें वो कहती हैं कि 'हर शहर में दो तरह की बस्ती होती है। एक नदी किनारे वाली और एक नाले किनारे वाली' ट्रेलर में दिखाया गया है कि दिव्या खोसला फिल्म में गरीब बनी हैं, जो अपनी जीविका चलाने के लिए अलग-अलग काम करती दिखती हैं। जबकि नील नितिन मुकेश फिल्म में अभिषेक वर्मा के किरदार में नजर आएंगे, जो एक पैसे वाला शख्स है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या खोसला के हाथ कुछ ऐसा लगता है, जिससे वो नील नितिन मुकेश को ब्लैकमेल करने लग जाती है। फिर आगे कहानी किस तरह से मजाकिया से गंभीर हो जाती है, ये फिल्म देखने के बाद पता चलेगा। फिल्म का ट्रेलर फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताता है, लेकिन इतना गारंटी जरूर देता है कि फिल्म कॉमेडी, सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर होने वाली है। रहस्य, चालाकी और माइंग गेम से भरपूर ये ट्रेलर एक ऐसी कहानी का दावा करता है जहां चतुराई सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। ट्रेलर में आवाज आती है 'होशियारी शुरू'... इस टैगलाइन से साफ है कि फिल्म में दिमागी चालें, धोखे और अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिल सकते हैं।




हॉलीवुड मसाला



# विकेडः फॉर... 21 नवंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में आई फिल्म 'विकेड' ने 5 ऑस्कर पुरस्कार अपने नाम किए थे। अब इसका दूसरा पार्ट जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। इसमें ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मिशेल यो भी हैं। उन्होंने बताया कि क्यों इस फिल्म को दो पार्ट में बनाया गया है। 'विकेड 2' में ओज की चुड़ैलों की उत्पत्ति की कहानी है। 'विकेडः फॉर गुड' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें सिंथिया एरिवो, एरियाना ग्रांडे, जेफ गोल्डब्लम और जोनाथन बेली भी हैं। 'विकेड' के निर्देशक जॉन एम. चू हैं। और इसके निर्माता मार्क प्लैट हैं। यो ने ये भी बताया कि फिल्म की कास्ट शूटिंग और प्रमोशन के दौरान सभी कलाकार एक-दूसरे के करीब रहे हैं।



# नन्हे मेहमान की किलकारी से गूंजेगा घर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और सांसद राघव चड्ढा ने अपने पहले बच्चे के आगमन की घोषणा कर दी है। पहले गर्भावस्था की अफवाहों का खंडन करने वाली परिणीति अब मां बनने वाली हैं, यह 'गुड न्यूज़' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के साथ यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने एक खूबसूरत सजे हुए केक की तस्वीर शेयर की, जिसे एक गोल चांदी की थाली में रखा गया था और उसके ऊपर एक मुलायम बेज रंग का कपड़ा बिछा था, जिसके पास ही नाज़ुक सफेद फूल रखे थे। बीच में, केक के दो छोटे पैरों के सुनहरे निशान हैं और साथ में "1 + 1 = 3" लिखा है, जो उनके बढ़ते परिवार का संकेत देता है। इस पोस्ट में परिणीति और राघव का एक वीडियो भी शामिल है।



# जूनियर एनटीआर : नहीं करेंगे काम...

**मुंबई।** 'वॉर 2' का प्रचार-प्रसार जिस स्तर पर हुआ था, लग रहा था ये बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड देगी। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का स्टारडम, यशराज जैसा इतना बड़ा प्रोडक्शन हाउस, 400 करोड़ का बजट, एक धांसू फिल्म के लिए जरूरी सारे मसाले इसमें थे, बावजूद इसके फिल्म बेस्वाद रह गई। अब वजह कोई भी रही हो, लेकिन फिलहाल एनटीआर ने बॉलीवुड में काम करने का ख्याल छोड़ दिया है।




# डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर से होगी रिलीज......

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने घोषणा की, कि उसकी नई ओरिजिनल कॉमेडी-ड्रामा सीरीज, डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितंबर को किया जाएगा। इसमें तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, इनके साथ जावेद जाफरी, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह भी अहम किरदार निभा रहे हैं। धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह दिलचस्प और मजेदार सीरीज करण जौहर, आदर पूनावाला और अपूर्व मेहता ने प्रोड्यूस की है, जबकि एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार जुड़े हैं, इस सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। डू यू वाना पार्टनर की कहानी नंदिनी गुप्ता, अर्श वोरा और मिथुन गंगोपाध्याय ने लिखी है और इसे गंगोपाध्याय व निशांत नायक ने क्रिएट किया है।

टीवी मसाला

# 'नागिन 7' का टीजर आउट

**मुंबई।** टीवी का पॉपुलर शो 'नागिन' एक बार फिर से अपने नए सीजन के साथ आने वाला है। शो के सातवें सीजन का पहला टीजर मेकर्स ने रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर 'नागिन 7' का टीजर रिलीज किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'जिस की बेसबरी से राह देखी आपने हर दिन, आ रही है आपसे मिलने नागिन!' नागिन के सातवें सीजन के टीजर आने से फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। 'नागिन' बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत एकता कपूर निर्मित नागों और नागिन के बारे में बना एक अलौकिक टीवी शो है, जो टीवी पर प्रसारित होता रहा है। पहले सीजन में मौनी रॉय, अर्जुन बिजलानी और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' के दूसरे सीजन में मौनी रॉय, करणवीर बोहरा और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' ने तीसरे सीजन में सुरभि ज्योति, पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी ने अभिनय किया। 'नागिन' के चौथे सीजन में निया शर्मा और विजयेंद्र कुमेरिया ने अभिनय किया। 'नागिन' के पांचवे सीजन में सुरभि चंदना, शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल ने अभिनय किया। 'नागिन' के छठे सीजन में तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, महक चहल, श्रेय मित्तल और वत्सल शेठ ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। अब वहीं 'नागिन 7' टीजर आज रिलीज हो गया है। बहरहाल, नागिन के चेहरे से पर्दा उठना अभी बाकी है।




# ईशान और विशाल की फिल्म होमबाउंड की आईएफएफएम में हुई ग्रैंड क्लोजिंग

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 का शानदार समापन होमबाउंड की आधिकारिक स्क्रीनिंग के साथ हुआ। यह फिल्म, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नीरज घेवन ने निर्देशित किया है और धर्मा प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है, में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म ने ग्रैंड क्लोज़िंग नाइट में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने इस साल फेस्टिवल में दो बड़े अवॉर्ड भी जीते – बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर।



**मुंबई।** क्लोज़िंग नाइट पर दर्शकों की भारी भीड़ रही और ऑस्ट्रेलियन दर्शकों की बड़ी उत्सुकता के चलते फिल्म की दो स्क्रीनिंग रखी गईं। भावनात्मक कहानी और दमदार अभिनय ने सबका दिल छू लिया और फिल्म खत्म होते ही पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। फिल्म की सफलता पर नीरज घेवन ने कहा, "होमबाउंड को मेलबर्न लाना और यहां दो अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है। इतनी विविधता से भरे लोगों के बीच होना एक अद्भुत अनुभव है। मैंने दुनिया के किसी भी कोने में ऐसा सहयोग और समर्थन कभी नहीं देखा जैसा यहां ऑस्ट्रेलियन सरकार और मंत्रीगण इस फेस्टिवल के लिए कर रहे हैं।"




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930